संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



विपक्षी गठबंधन ने की डीपीडीपीए की आरटीआई को प्रभावित करने वाली धारा हटाने की मांग को लेकर संवाददाताओं को संबोधित करते कांग्रेस नेता।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 98 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


# मुंबई हमले का दोषी राणा भारत लाया गया

● दिल्ली एयरपोर्ट पर विशेष विमान लैंड हुआ, सीधे एनआईए हेडक्वार्टर लाया गया, शाह ने कहा मिलेगा इंसाफ

**सफलता मिली**

● राणा को दिल्ली की तिहाड़ जेल में हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा जाएगा, जरूरी इंतजाम किए गए

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** 2008 मुंबई आतंकी हमलों के दोषी तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत लाया गया। यह विमान दिल्ली के पालम टेक्निकल एयरपोर्ट पर लैंड हुई। यहां से तहव्वुर को सीधे एनआईए हेडक्वार्टर ले जाया गया। एनआईए हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। जेल सोर्स के मुताबिक, राणा को दिल्ली की तिहाड़ जेल में हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा जाएगा। जेल प्रशासन ने इसके लिए जरूरी इंतजाम कर लिए हैं। हालांकि उसे कब और किस वार्ड में रखा जाएगा, इसका अंतिम फैसला कोर्ट के आदेश के बाद ही लिया जाएगा। जांच एजेंसी एनआईए और खुफिया एजेंसी रॉ की एक जॉइंट टीम तहव्वुर को लेकर बुधवार को अमेरिका से रवाना हुई थी।

**दिल्ली पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया**

रिपोर्ट्स के मुताबिक राणा के प्रत्यर्पण को लेकर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को भी हाई अलर्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही स्वॉट कमांडोज को भी एयरपोर्ट पर तैनात किया गया है। एयरपोर्ट के बाहर सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज की सिक्योरिटी विंग और स्थानीय पुलिस मौजूद है। केंद्र सरकार ने इस मामले में एडवोकेट नरेंद्र मान को स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर के तौर पर नियुक्त किया है। उन्हें तीन साल या फिर केस का ट्रायल पूरा होने तक यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। तहव्वुर ने भारत आने से बचने के लिए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। उसने अपनी याचिका में खुद को पार्किंसन बीमारी से पीड़ित बताते हुए कहा था कि अगर भारत डिपोर्ट किया गया तो उसे प्रताड़ित किया जा सकता है।

**पाकिस्तान ने तहव्वुर राणा से बनाई दूरी**

पाकिस्तान ने तहव्वुर राणा से दूरी बनाते हुए कहा कि वह कनाडा का नागरिक है। पाक विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने एक सवाल के जवाब में कहा कि तहव्वुर राणा ने पिछले दो दशकों से अपने पाकिस्तानी दस्तावेजों को रिन्यू नहीं कराया है। उसके पास कनाडा की नागरिकता है। गौरतलब है कि पाकिस्तान अपने उन नागरिकों को दोहरी नागरिकता रखने की अनुमति देता है जो कनाडा में जाकर बस गए हैं। तहव्वुर राणा को 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। राणा को अमेरिका में लश्कर-ए-तैयबा का समर्थन करने के लिए दोषी ठहराया गया था। अब तक वह लॉस एंजिलिस के एक डिटेंशन सेंटर में बंद था। 26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने हमले किए। ये हमले चार दिनों तक चले। इन हमलों में कुल 175 लोग मारे गए, जिनमें 9 हमलावर भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए। राणा को भारत लाने को लेकर बुधवार को होम मिनिस्ट्री में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मीटिंग की।



## तहव्वुर पाकिस्तानी सेना में डॉक्टर रहा

64 साल का तहव्वुर हुसैन राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है। तहव्वुर हुसैन पाकिस्तानी सेना में डॉक्टर के तौर पर काम करता था। इसके बाद वह 1997 में कनाडा चला गया और वहां इमिग्रेशन सर्विसेस देने वाले बिजनेसमैन के तौर पर काम शुरू किया। कनाडा से वह अमेरिका पहुंचा और शिकागो सहित कई लोकेशंस पर फर्स्ट वर्ल्ड इमिग्रेशन सर्विसेज नाम से कंसल्टेंसी फर्म खोली। अमेरिकी कोर्ट के दस्तावेजों के मुताबिक, राणा कई बार कनाडा, पाकिस्तान, जर्मनी और इंग्लैंड भी गया था। वह लगभग 7 भाषाएं बोल सकता है।

## भारत ने तहव्वुर के प्रत्यर्पण के लिए उठाए 5 कदम

- 2011 में भारत की एनआईए ने राणा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की।
- भारत ने 4 दिसंबर 2019 को पहली बार डिप्लोमैटिक चैनल्स से राणा के प्रत्यर्पण की मांग की।
- 10 जून 2020 को राणा की अस्थायी गिरफ्तारी की मांग की।
- फरवरी 2021 में भारत ने आधिकारिक तौर पर प्रत्यर्पण की मांग करते हुए अमेरिकी न्याय विभाग को नोट भेजा।
- 22 जून 2021 को अमेरिका की संघीय अदालत में राणा के प्रत्यर्पण को लेकर सुनवाई के दौरान भारत ने सबूत पेश किए।
- अमेरिकी कोर्ट पहले खारिज कर चुका प्रत्यर्पण याचिका
- 13 नवंबर 2024 को राणा ने निचली अदालत के प्रत्यर्पण के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी, जिसे 21 जनवरी को खारिज कर दिया गया था

## मास्टरमाइंड डेविड हेडली के बचपन का दोस्त

**डेविड** हेडली मुंबई हमले का मास्टरमाइंड था। तहव्वुर राणा उसका बचपन का दोस्त था, जिसने इस हमले को अंजाम देने में उसकी मदद की थी। पिछले साल कोर्ट में सरकारी वकीलों ने तर्क दिया था कि तहव्वुर इस हमले के मास्टरमाइंड डेविड हेडली का बचपन का दोस्त है। हेडली की मदद करके और उसे आर्थिक मदद पहुंचाकर तहव्वुर आतंकी संस्था और उसके साथ आतंकियों को भी सपोर्ट कर रहा था।

**फास्ट न्यूज**

## नियोक्ताओं को न्यायिक क्षेत्र चुनने का अधिकारः कोर्ट

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि निजी नियोक्ता नियुक्ति पत्रों में एक ऐसा खंड शामिल कर सकते हैं जिसमें यह विशेष रूप से उल्लेख किया गया हो कि नौकरी से संबंधित किसी भी विवाद को किसी स्पेशल कोर्ट या विशिष्ट न्यायिक अधिकार क्षेत्र में ही हल किया जाएगा। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने कहा कि अनुबंध कानूनी रूप से एक बाध्यकारी समझौता होता है, चाहे इसमें कोई भी पक्ष शामिल हों या उनकी ताकत कुछ भी हो।पीठ ने कहा, "अनुबंध के माध्यम से किसी भी पक्ष से कानूनी निर्णय का अधिकार नहीं छीना जा सकता है, लेकिन पक्षों की सुविधा के लिए इसे विभिन्न कोर्ट को सौंपा जा सकता है।" एचडीएफसी बैंक और लॉर्ड कृष्णा बैंक कर्मचारियों की अपीलों पर हो रही थी सुनवाई सुप्रीम कोर्ट पटना में नियुक्त एचडीएफसी बैंक और दिल्ली में लॉर्ड कृष्णा बैंक के दो कर्मचारियों द्वारा दायर अपीलों पर सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने कहा कि इस विवाद में खंड ने कर्मचारी के कानूनी दावे को आगे बढ़ाने के अधिकार को नहीं छीना, बल्कि उन्हें केवल मुंबई की अदाल

## कोलकाताः सड़कों पर उतरे शिक्षक

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** कोलकाता की सड़कों पर आक्रोशित शिक्षक उतरे हैं, वे नौकरी खोने और पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बता दें कि, लगभग 500 पात्र शिक्षकों, जिनकी नौकरियां सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद रद्द कर दी गई थीं, जिसने लगभग 26,000 शिक्षकों की नौकरियों को अमान्य घोषित कर दिया था, ने गुरुवार को शहर में रैली निकाली और मांग की कि उन्हें दंडित नहीं किया जाना चाहिए और उन्हें दागी लोगों के साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए।

## निर्यातकों को जल्द मिल सकती है राहत

**नई दिल्ली:** गत दो अप्रैल को अमेरिका की तरफ से भारत पर 26 प्रतिशत का पारस्परिक शुल्क लगाने के बाद सरकार पहली बार निर्यातकों से मुखातिब हुई।

सरकार ने अमेरिकी शुल्क में राहत मिलने का भरोसा दिय।

## ममता के सत्ता से हटने पर ही खत्म होगी घुसपैठः शाह



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब बंगाल के लोग मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सत्ता से बाहर करेंगे और राज्य में भाजपा की सरकार बनाएंगे तो अवैध घुसपैठ की समस्या हल हो जाएगी। ममता बनर्जी सभी को बताती रहती हैं कि बीएसएफ केंद्र सरकार के अधीन है। वही अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा करता है। इसलिए, घुसपैठ के लिए केंद्र को ही जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

**घुसपैठियों को लेकर अमित शाह का बड़ा हमला**

उन्होंने कहा कि मेरा उनसे सवाल है कि ऐसे घुसपैठियों के मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड किसने बनाए। ये सभी मतदाता पहचान पत्र उत्तर 24 परगना जिले में बनाए गए हैं। उन्होंने उक्त बातें एक कार्यक्रम में शिरकत करने के दौरान कहीं। आइएनडीआइए को घुसपैठियों में वोट बैंक दिखता है- शाह अमित शाह ने स्पष्ट किया कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव जदयू नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। कहा कि विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए को घुसपैठियों में वोट बैंक दिखता है। गुलाम जम्मू-कश्मीर पर सरकार की रणनीति के बारे में पूछे जाने पर कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह हमारा ही है। दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश के घर से कथित तौर पर नकदी बरामद होने के मुद्दे पर शाह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस पर विचार करने के लिए एक समिति गठित की है। टैरिफ के बारे में बोले शाह उन्होंने शीर्ष अदालत के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि सभी की तरह वह भी नतीजे का इंतजार कर रहे हैं।

**साधा निशाना**

● विपक्ष को घुसपैठियों में दिखता है वोट बैंक, नीतीश के नेतृत्व में लड़ा जाएगा बिहार विस का चुनाव

## बंगालः वक्फ कानून पर हिंसा, 22 गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** वक्फ संशोधन कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में 8 अप्रैल को हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 8 आरोपियों को आगे की जांच के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। जंगीपुर के पुलिस अधीक्षक आनंद रॉय ने बताया कि हिंसा को लेकर पुलिस ने अपने आप संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है। उन्होंने बुधवार को इलाके का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। दरअसल, प्रदर्शनकारियों ने 8 अप्रैल को वक्फ कानून के विरोध में कई वाहनों को आग लगा दी थी। इसमें पुलिस की गाड़ियां भी शामिल थी। झड़प में प्रदर्शनकारियों ने पथराव भी किया, जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। वक्फ संशोधन बिल को पास होने के बाद से अबतक सुप्रीम कोर्ट में 12 याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट की 3 जजों की बेंच 10 याचिकाओं पर 16 अप्रैल को सुनवाई करेगी। बेंच में चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और केवी शामिल होंगे। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड पूरे देश में विरोध प्रदर्शन कर रहा है। मुर्शिदाबाद में 8 अप्रैल को वक्फ कानून के विरोध में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग प्रदर्शन में शामिल हुए थे। इस प्रदर्शन के दौरान हिंसा हो गई थी।



**सुनवाई**

● देशभर में पर्सनल लॉ बोर्ड का प्रदर्शन; सुप्रीम कोर्ट में 16 अप्रैल को सुनवाई

## बिहार-यूपी में बिजली गिरने से 28 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ/पटना:** भीषण गर्म के बीच देश के उत्तरी-पश्चिमी राज्यों में मौसम बदला है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश में बुधवार शाम से ही रुक-रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान विभाग ने 20 से ज्यादा राज्यों में गुरुवार को आंधी-तूफान और बारिश की संभावना जताई है। लखनऊ, कानपुर समेत यूपी के 25 जिलों में बारिश जारी है। यहां बिजली गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में फतेहपुर के 2 बच्चे, फिरोजाबाद की एक महिला और सीतापुर का एक किसान शामिल है।



एक कार्यक्रम में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत करते पदाधिकारी।

## विभागों में इलेक्ट्रिक वाहनों का हो उपयोगः सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण में कमी लाने के लिए सरकारी विभागों को इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाने के संबंध में केंद्र सरकार को 30 अप्रैल तक एक प्रस्ताव पेश करने को कहा है।

**दिल्ली में 60 लाख वाहनों की वैध आयु पूरी हो चुकी है- एएसजी**

जस्टिस अभय एस.ओका और उज्जल भुयन की खंडपीठ ने बुधवार को एडीशनल सॉलीसिटर जनरल ऐश्वर्य भाटी को अप्रैल तक इस संबंध में प्रस्ताव पेश करने को कहा है। सुनवाई के दौरान भाटी ने बताया कि फिलहाल दिल्ली में 60 लाख वाहनों की वैध आयु पूरी हो चुकी है जबकि एनसीआर में वैध वाहनों के दायरे से बाहर जा चुके सड़क पर चलने वाले वाहनों की तादाद करीब 25 लाख पहुंच चुकी है।

**दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में अवैध वाहनों की आवाजाही काफी ज्यादा**

इस पर खंडपीठ ने कहा कि एएसजी ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में अवैध वाहनों की आवाजाही की बड़ी तादाद बताई है। हम वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर विचार करने के दौरान इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी करेंगे। सर्वोच्च अदालत ने केंद्र को इसके आगे निर्देशित किया है कि वह रिमोट सेंसिंग तकनीक के इस्तेमाल को लेकर तीन महीने में अपना अध्ययन पूरा करें।



**आदेश जारी**

● प्रदूषण में कमी लाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को निर्देश

● दिल्ली में 60 लाख व एनसीआर में 25 लाख तय सीमा से पुराने वाहन, दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में अवैध वाहनों की आवाजाही काफी ज्यादा

## आयुष्मान से दिल्ली में 36 लाख लोग होंगे लाभान्वितः नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के अंतर्गत गुरुवार को आयुष्मान कार्ड वितरण की शुरूआत हो गयी। इस अवसर पर चयनित 30 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। इसके साथ विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली सरकार ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के कार्यान्वयन के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि आज गर्व का क्षण है कि एबी-पीएमजेएवाई से दिल्ली में 36 लाख लोग लाभान्वित होंगे। इस योजना के तहत 8.19 करोड़ लोग पहले ही उपचार का लाभ उठा चुके हैं और सरकार ने इसके लिए कुल मिलाकर 1.26 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं। आयुष्मान भारत योजना के परिणामस्वरूप जेब से होने वाला खर्च 62 प्रतिशत से घटकर 38 प्रतिशत हो गया है। नड्डा कहा कि दिल्ली सात साल तक एक काले अध्याय से गुजर रही थी, जब 30 लाख परिवार और 6 लाख लोग सात साल तक आयुष्मान योजना के अधिकार से वंचित थे। जब एक खराब सरकार सत्ता में होती है तो आपके अधिकारों का कैसे हनन होता है यह सोचने की जरूरत है। जब एक अच्छी सरकार सत्ता में आती है तो आपको 50 दिनों के भीतर अपने अधिकार मिलते हैं।



**बढ़ावा**

● जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के अंतर्गत गुरुवार को आयुष्मान कार्ड वितरण की शुरूआत हो गयी।

## 20 अप्रैल से 'वक्फ सुधार जनजागरण अभियान' चलाएगी भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी देशभर में 20 अप्रैल से लेकर 5 मई तक 'वक्फ सुधार जनजागरण अभियान' चलाएगी। इसका उद्देश्य कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के झूठ का पदार्फाश कर मुस्लिम भाई-बहनों को इस कानून की सच्चाई एवं लाभ से परिचित कराना है। इस संबंध में गुरुवार को भाजपा केन्द्रीय कार्यालय में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान की कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें नेताओं को इस अभियान के बारे में जानकारी दी गई।

गुरुवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि केंद्रीय कार्यालय में आयोजित 'वक्फ सुधार जनजागरण अभियान' की कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025 के माध्यम से वक्फ की जमीनों के बेहतर प्रबंधन, पारदर्शिता व सदुपयोग सुनिश्चित करती है।

## हितों के टकराव की समीक्षा करने के लिए सेबी ने बनाई कमेटी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने डिस्क्लोजर्स और बोर्ड मेंबर्स के हितों के टकराव से जुड़े नियमों पर विचार करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। सेबी के बोर्ड ने पिछले महीने ही इस उच्च स्तरीय समिति का गठन करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। सेबी की यह उच्च स्तरीय समिति 3 महीने में अपनी सिफारिशें सौंपेगी। इस उच्च स्तरीय समिति में 6 लोगों को शामिल किया गया है।

**ग्लोबल** आज गुजरात ग्लोबल इकोनॉमी का गेटवे बनकर देश के विकास में बड़ा योगदान कर रहाः अमित शाह

## देश के विकास में बड़ा योगदान कर रहा है गुजरातः अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि सरकार और उद्योगपतियों के बेहतर तालमेल के कारण आज गुजरात ग्लोबल इकोनॉमी का गेटवे बनकर देश के विकास में बड़ा योगदान कर रहा है। शाह नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (जीसीसीआई) के ऐनुअल ट्रेड एक्सपो 2025 के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अमित शाह ने कहा कि आज उद्योग से लेकर तकनीक, आईटी से लेकर इन्फ्रास्ट्रक्चर और एमएसएमई से स्टार्टअप और पायनियर इन्डस्ट्री तक हर प्रकार के उद्योग का एक प्रकार से सुंदर इन्डस्ट्रियल वातावरण का गुलदस्ता गुजरात में देखा जा सकता है। गुजरात में उद्योग लगाने में रुचि रखने वाले लोगों को पता है कि यहां उन्हें बिना किसी राजनीतिक दखल के सुविधा और इन्डस्ट्री के अनुकूल वातावरण और बिना हड़ताल वाला एक तंत्र मिलेगा। शाह ने कहा कि जब नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तत्कालीन गुजरात सरकार चैम्बर के साथ सार्थक चर्चा करने के बाद व्यापारियों, उद्योगपतियों और लघु उद्योगपतियों की बात सुनकर निर्णय लेती थी। भूपेन्द्र पटेल ने उस वातावरण को और मजबूत करने का काम किया है। शाह ने कहा कि मोदी ने उस समय नीति बनाई थी कि यदि इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा तो अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तो हर नागरिक के जीवन में अपने आप सुविधा आएगी। इसी कारण आज गुजरात ग्लोबल इकोनॉमी का गेटवे बनकर देश के विकास में बड़ा योगदान कर रहा है। शाह ने कहा कि गुजरात चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने गुजरात के विकास में बेहद अहम योगदान दिया है।



**समन्वय**

● हर प्रकार के उद्योग का एक प्रकार से सुंदर इन्डस्ट्रियल वातावरण का गुलदस्ता गुजरात में देखा जा सकता है।

# मंत्री विज ने अधिकारियों के साथ ली बैठक



**अवैध**

**अम्बाला छावनी से सम्बधिंत चल रही परियोजनाओं बारे समीक्षा करते हुए दिशा-निर्देश दिए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के उर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अपने शास्त्री कॉलोनी निवास स्थान पर रेलवे विभाग, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग, एनएचएआई व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ अम्बाला छावनी से सम्बधिंत चल रही परियोजनाओं बारे समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बीते कल उन्होनें अम्बाला छावनी में चल रही परियोजनाओं के तहत रिंग रोड, टांगरी नदी से मिट्टी की खुदाई कार्य का, शहीदी स्मारक व अन्य जगहों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्हें सम्बंधित कार्यो के तहत कुछ कमियां नजर आई, जिस बारे आज बैठक लेकर इन कमियों को दूर करते हुए कार्यों को तेजी से करने बारे निर्देश दिए हैं।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि टांगरी नदी से मिट्टी (6 फुट) खुदाई के कार्य के तहत सरकार, एनएचएआई व एमसी का एमओयू हुआ हैं। इस समझौते के तहत यहां से (6 फुट) जो मिट्टी उठाई जाएगी वह राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्य के लिए प्रयोग होगी। उन्होनें सिंचाई विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे यहां पर लेवल के तहत वहां से मिट्टी उठान का जो कार्य किया जा रहा है उस गतिविधि पर पूरी नजर रखे। लेवल अनुसार ही यहां से मिट्टी का उठान होना चाहिए। टागरी नदी के तहत चंदपुरा से लेकर जहां तक मिट्टी उठान का कार्य होगा वह एक समान लेवल पर होना चाहिए। यानि नदी की चौड़ाई एक जैसी होनी चाहिए।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने बैठक के दौरान यह भी कहा कि टांगरी नदी की जमीन के तहत कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा किया हुआ हैं। लगभग 108 एकड़ जमीन की म्यूटेशन एमसी के नाम हैं। इसके तहत सिंचाई विभाग, नगर परिषद् व पुलिस को लेकर जिसने भी अवैध रूप से इस जमीन पर कब्जा किया हुआ है उसे वहां से हटवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि टांगरी नदी से 6 फुट मिट्टी उठवाने का मकसद यहीं है कि यह गहरी हो सके और वर्षा के दिनों में जो जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती है वह न हो। खुदाई के कार्य के तहत सम्बधिंत विभागों का एक-एक कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहें।

# सगे भाइयों पर ईंट व हथियार से हमला

**मारपीट**

**एक युवक और उसकी बहन ने तेजधार हथियारों से हमला करने के आरोप का मामला सामने आया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मुरथल** थाना क्षेत्र के गांव असदपुर में पार्क में टहल रहे दो सगे भाइयों पर एक युवक और उसकी बहन ने तेजधार हथियारों से हमला करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ितों पर ईंट से भी हमला किया गया है। शोर सुनकर आए आसपास के लोगों ने दोनों छुड़ाया। परिजन उसे लेकर अस्पताल में पहुंचे। जहां एक की हालत गंभीर होने के चलते रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पुलिस ने इस संबंध विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांव असावरपुर निवासी नरेश ने बताया कि वह अपने भाई सुरेश के साथ गांव के पार्क में घूम रहे थे। इसी दौरान मनीषा और उसका भाई मोटा वहां आए। दोनों उनके साथ झगड़ा करने लगे। इसी दौरान मनीषा ने हाथ में ली गंडासी से उसके भाई सुरेश पर वार करने शुरू कर दिए। जबकि मोटे ने ईंट से उन पर वार किए। शोर सुनकर आसपास के लोग आए, तो आरोपित दोनों को जान से मारने की धमकी देकर चले गए। जिसके बाद परिजनों ने दोनों भाइयों को अस्पताल में भर्ती कराया।

जहां से नरेश को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। जिसके बाद परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में ले गए।

# कंपनी से लोहे के होल ब्लॉक चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना सोनीपत पुलिस ने कंपनी से लोहे के होल ब्लॉक चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित समीर खान निवासी ईदगाह कॉलोनी सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। संजय कॉलोनी पानीपत निवासी अंकुश ने बताया कि वह बहालगढ़ स्थित कंपनी में बतौर एचआर के तौर पर कार्यरत है। गत आठ मार्च को सिक्योरिटी गार्ड ने एक लड़का बाइक के साथ कंपनी की दीवार के पास सर्विस लाइन पर खड़ा दिखाई दिया। कुछ युवक दीवार से अंदर कूदकर लोहे के हॉल ब्लॉक चोरी कर रहे है।


## उत्तर रेलवे

### खुली ई–निविदा सूचना

उप मुख्य अभियंता / टी.एम.सी / ला., उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली) भारत की राष्ट्रपति की ओर से (द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु एक पैकेट खुली ई– निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का विवरण और स्थान | उत्तर रेलवे के ट्रैक मशीन रखरखाव डिपो में टीआरटी–2 मशीन की पीओएच (आवधिक ओवरहालिंग) जिसमें मैकेनिकल, न्यूमेटिक, इलेक्ट्रिकल / इलेक्ट्रॉनिक, केबिन मरम्मत, परीक्षण और कमीशनिंग शामिल है। | | |
| कार्य समाप्त अवधि | 06 महीने | अनुमानित लागत | ₹ 69,17,661.59 |
| धरोहर राशि (ऑनलाइन जमा) | ₹ 1,38,400.00 | निविदा पत्र का मुल्य (ऑनलाइन जमा) | रू. शून्य |
| निविदा जमा करने व खुलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र दिनांक 09.04.2025 से दिनांक 01.05.2025 तक सायंकाल 15:00 बजे तक रेल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। निविदा 01.05.2025 को अपराह्न 15:00 बजे के बाद खुलेगी। | | |
| निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण | इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए IREPS (www.ireps.gov.in) पर दिनांक 17.04.2025 से दिनांक 01.05.2025 तक उपलब्ध रहेगा। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गयी हैं। निविदा सूचना का विवरण इस कार्यालय के सूचना पटल पर भी देख सकते हैं। | | |

प.सं.– 1–डब्ल्यू–उ.मु.अभि.–टी.एम.सी.–ला.–पीओएच–02–25–26
दिनांक : 09.04.2025

1082/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# तेज रफ्तार कैंटर ने बुजुर्ग को चपेट में लिया, मौत

**हादसा**

**हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 पर बहालगढ़ फ्लाईओवर चौक पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार कैंटर ने बुजुर्ग को चपेट में ले लिया। हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गली नंबर-5 बुधदेव शर्मा ने बताया कि घनश्याम गुप्ता निवासी कुंडली का वह दामाद है। घनश्याम गुप्ता का लड़का अमित दुबई में गया हुआ है। उसने जानकारी मिली कि उसका ससुर घनश्याम का बहालगढ़ पर सड़क हादसे में घायल हो गया। उसने उपचार के लिए निजी अस्पताल में लेकर जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। उसे जानकारी मिली कि पानीपत रोड पर सड़क पार करते समय दिल्ली साइट से एक कैंटर ने उन्हें चपेट में ले लिया। कैंटर चालक वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। हालांकि इस दौरान राहगीरों ने कैंटर का नंबर नोट कर लिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# विवि के मैनेजर को झांसे में लेकर लाखों रुपये की राशि ठगी

**सोनीपत: राई थाना** क्षेत्र के सोनीपत-नरेला सड़क मार्ग पर स्थित निजी विवि में कार्यरत सहायक मैनेजर के साथ ठगी करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ठगों की तलाश के प्रयास कर रही है। मैक्स हाइट्स मेट्रो व्यू अपार्टमेंट निवासी निहारिका गोदारा ने पुलिस को बताया कि एक अप्रैल को उनके पास एक फोन काल आई थी। फोन करने वाला उनके बैंक खाते में बारे में जानकारी ले रहा था। इसके बाद उनके खाते से एक और दो अप्रैल को 2,37,566 रुपये की राशि ट्रांसफर कर ली गई। खाते से रुपये ट्रांसफर किए जाने के बाद उन्होंने बैंक के जानकारी जुटाई तो पता चला कि फर्जी कागजों पर खुलवाए गए खातों में उनके रुपये ट्रांसफर किए गए है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। राई थाना पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी ग्रीष्मकालीन के दौरान रेलवे द्वारा पहले से ही घोषित अनेक ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**04402/04401 नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - नई दिल्ली आरक्षित त्योहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 08 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04402 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04401 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:45 | नई दिल्ली | 09:30 | ---- |
| 11:40 | ---- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | ---- | 21:20 |

**चलने के दिन: 04402 नई दिल्ली** से दिनांक 15.04.2025 से 18.04.2025 तक एवं **04401 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 16.04.2025 से 19.04.2025 तक। **ठहराव:** पानीपत, कुरुक्षेत्र जं., अम्बाला कैंट जं., ढंडारी कलां, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन। **स्थान:** वाता-3 टीयर एवं द्वितीय श्रेणी।

**04404/04403 दिल्ली जं. - वाराणसी जं. - दिल्ली जं. आरक्षित सुपरफास्ट त्योहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04404 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04403 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 19:15 | दिल्ली जं. | 08:50 | ---- |
| 09:30 | ---- | वाराणसी जं. | ---- | 18:35 |

**चलने के दिन: 04404 दिल्ली जं.** से दिनांक 16.04.2025 एवं 18.04.2025 तक (बुधवार एवं शुक्रवार) एवं **04403 वाराणसी जं.** से दिनांक 17.04.2025 एवं 19.04.2025 तक (वीरवार एवं शनिवार)। **ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली जं., एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04406/04405 नई दिल्ली - दरभंगा - नई दिल्ली आरक्षित एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04406 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04405 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 15:50 | नई दिल्ली | 16:50 | ---- |
| 14:20 | ---- | दरभंगा | ---- | 18:00 |

**चलने के दिन: 04406 नई दिल्ली** से दिनांक 11, 14 एवं 17.04.20245 तक (शुक्रवार, सोमवार एवं वीरवार) एवं **04405 दरभंगा** से दिनांक 12, 15 एवं 18.04.2025 तक (शनिवार, मंगलवार एवं शुक्रवार)। **ठहराव:** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.,बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुज़फ्फरपुर एवं समस्तीपुर स्टेशन। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04408/04407 नई दिल्ली - दरभंगा - नई दिल्ली आरक्षित एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04408 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04407 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 15:50 | नई दिल्ली | 16:50 | ---- |
| 14:20 | ---- | दरभंगा | ---- | 18:00 |

**चलने के दिन: 04408 नई दिल्ली** से दिनांक 12, 15 एवं 18.04.20245 तक (शनिवार, मंगलवार एवं शुक्रवार) एवं **04407 दरभंगा** से दिनांक 13, 16 एवं 19.04.2025 तक (रविवार, बुधवार एवं शनिवार)। **ठहराव:** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुज़फ्फरपुर एवं समस्तीपुर स्टेशन। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04410/04409 नई दिल्ली - दरभंगा - नई दिल्ली आरक्षित एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04410 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04409 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 15:50 | नई दिल्ली | 16:50 | ---- |
| 14:20 | ---- | दरभंगा | ---- | 18:00 |

**चलने के दिन: 04410 नई दिल्ली** से दिनांक 13, 16 एवं 19.04.20245 तक (रविवार, बुधवार एवं शनिवार) एवं **04409 दरभंगा** से दिनांक 14, 17 एवं 20.04.2025 तक (सोमवार, वीरवार एवं रविवार)। **ठहराव:** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुज़फ्फरपुर एवं समस्तीपुर स्टेशन। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04412/04411 आनन्द विहार (ट) - भागलपुर - आनन्द विहार (ट) आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04412 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04411 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 12:10 | आनन्द विहार (ट) | 14:30 | ---- |
| 11:40 | ---- | भागलपुर | ---- | 14:30 |

**चलने के दिन: 04412 आनन्द विहार (ट)** से दिनांक 14, 16 & 18.04.2025 तक (सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार) एवं **04411 भागलपुर** से दिनांक 15, 17 एवं 19.04.2025 तक (मंगलवार, वीरवार एवं शनिवार)। **ठहराव:** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, हाथीदा जं., लक्खीसराय जं., किऊल जं., अमयपुर, जमालपुर जं. एवं सुलतानगंज स्टेशन। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04414/04413 दिल्ली जं. - सहरसा जं. - दिल्ली जं. आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 08 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04414 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04413 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 15:20 | दिल्ली जं. | 20:10 | ---- |
| 16:00 | ---- | सहरसा जं. | ---- | 20:00 |

**चलने के दिन: 04414 दिल्ली जं.** से दिनांक 11, 12, 14 एवं 18.04.2025 तक (शुक्रवार, शनिवार, सोमवार एवं शुक्रवार) एवं **04413 सहरसा जं.** से दिनांक 12, 13, 15 एवं 19.04.2025 तक (शनिवार, रविवार, मंगलवार एवं शनिवार)। **ठहराव:** कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., बरौनी जं. एवं खगड़िया जं. स्टेशन। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन न. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.govin अथवा NTES ऐप देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

1089/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 (2) (ii) Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **धीरज उर्फ अमरीक सिंह पुत्रः श्री ओमप्रकाश, पताः** मकान नं. 28 / 49, कस्तूरबा नगर, शाहदरा, दिल्ली ने **FIR No. 06/2019 OR 70/2019, U/s 392/411/34 IPC,** थानाः विवेक विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया हैं (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **धीरज उर्फ अमरीक सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **धीरज उर्फ अमरीक सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 06/2019 OR 70/2019, U/s 392/411/34 IPC,** थानाः विवेक विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **धीरज उर्फ अमरीक सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री स्वाती शर्मा, एलडी.
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
तीसरी मंजिल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/4483/SHD/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **याकूब पुत्र मो. मुहीद पताः मकान नं.122, गली नं.5, फेस–III, शिव विहार, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 262 / 2010 धारा 465 / 471 / 472 / 473 भा.द.स. के तहत** थानाः गोकलपुरी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **याकूब** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **याकूब** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 262 / 2010 धारा 465 / 471 / 472 / 473 भा.द.स. के तहत थाना गोकलपुरी, दिल्ली के उक्त याकूब** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
कनिका अग्रवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं.22, प्रथम तल, नार्थ ईस्ट जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/4345/NE/2025

# रंजिश के चलते मीटर रीडर पर हमला कर हाथ-पैर तोड़ने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते मीटर रीडर पर लोहे की रॉड से हमला कर हाथ-पैर तोड़ने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव हसनपुर निवासी राहुल ने बताया कि वह सोमवार को खन्ना कॉलोनी में मीटरों की रीडिंग ले रहे थे। इसी दौरान गांव का रहने वाला साहिल कई अन्य युवकों के साथ कार में सवार होकर वहां पहुंचा। वह सड़क पर गाड़ी खड़ी कर उसके पास आ गए। साहिल के हाथ में लोहे की राड थी। उसने आते ही उस पर वार करने शुरू कर दिए। बाकि आरोपितों ने लाठी-डंडों से उस पर वार किए। हमले में उसके सिर, पैरों और हाथों पर चोट आई। आसपास के लोग आए तो आरोपित उसे जान से मारने की धमकी देकर चले गए। उसने परिजनों को मामले की सूचना दी। जिसके बाद उसके भाई रिंकू उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे हाथों और पैरों में फ्रैक्चर बनाया। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। मामले को लेकर पुलिस का कहना है कि आपसी रंजिश के मामले में वारदात को अंजाम दिया गया है। आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जाएगी।


## एक्शन इंडिया

### (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042

संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# यमुना को अविरल और निर्मल बनाने में जुटी दिल्ली सरकार

**एलजी, सीएम और पीडब्ल्यूडी मंत्री ने वजीराबाद में नाले की सफाई का निरीक्षण किया, यमुना की सफाई के लिए 22 नालों की गाद निकालने का काम लगातार जारी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने गुरुवार को वजीराबाद में नाले की सफाई कार्य का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। यमुना को अविरल और निर्मल बनाने को लेकर दिल्ली सरकार यहां के सभी बड़े नालों की सफाई और निरीक्षण लगातार कर रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस बारे में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यमुना की सफाई के लिए 22 नालों की गाद निकालने का काम लगातार किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को सफाई कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि पिछली बार के निरीक्षण की तुलना में इस बार उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है। कार्य की गति में तेजी आई है और सफाई अभियान को गति देने के लिए कई अत्याधुनिक मशीनें भी तैनात की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नालों की सफाई और मरम्मत सिर्फ बरसात के समय की तैयारी नहीं बल्कि दिल्ली के लोगों के स्वास्थ्य और जीवन की सुरक्षा से जुड़ा मसला है। इसको लेकर दिल्ली सरकार गंभीर है। उन्होंने कहा कि यमुना नदी की सफाई के तहत दिल्ली के सभी प्रमुख नालों का हर 15 दिन में निरीक्षण किया जा रहा है। सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को उन्नत मशीनों का उपयोग कर इन नालों की सफाई करने के निर्देश दिए गए हैं।





**सफाई जारी**

**उन्नत मशीनों का उपयोग कर इन नालों की सफाई करने के निर्देश दिए गए**

## मंत्री सूद ने किया जनकपुरी में पंखा रोड का निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा और गृह मंत्री आशीष सूद ने गुरुवार को अपनी विधानसभा जनकपुरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पंखा रोड के आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान यहां की समस्याओं के समाधान के लिए यातायात पुलिस, बीएसईएस, लोक निर्माण विभाग, दिल्ली नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपस में तालमेल कर इन सब कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। मंत्री ने पंखा रोड स्थित बड़े नाले की सफाई के लिए सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग और दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नाले की नियमित साफ-सफाई के लिए कार्य योजना बना कर एक हफ्ते में प्रस्तुत करें। पंखा रोड पर सी 1 और चाणक्य प्लेस के पास दो बड़े कूड़ा घर भी हैं। जो बिल्कुल रोड के किनारे हैं और यहां पर कूड़े के अंबार लगे हुए हैं, जिससे यहां आने जाने वाले लोगों को बदबू, गंदगी और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

**निर्देश**

**मंत्री आशीष सूद ने नाले की सफाई और कूड़ा घरों के पास हरित क्षेत्र बनाने का निर्देश दिया**

## वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सीएम रेखा ने बनाया प्लान



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में वायु प्रदूषण एक बड़ी समस्या है। इससे निपटने के लिए दिल्ली सरकार की योजनाओं को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार धूल की समस्या के समाधान के लिए स्ट्रीट लाइट के खंभों पर 1,000 पानी के स्प्रिंकलर लगाएगी।

समाचार एजेंसी पीटीआई को दिए साक्षात्कार में सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि पानी के स्प्रिंकलर और स्मॉग गन पूरे वर्ष काम करते रहें, जबकि पिछली आप सरकार ने इनका इस्तेमाल केवल दो से तीन महीने के लिए किया था। उन्होंने कहा कि दिल्ली के वायु प्रदूषण में धूल एक बड़ी वजह है। बता दें कि फरवरी में दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान भाजपा ने शहर की बिगड़ती वायु गुणवत्ता का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था और इसके लिए सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को जिम्मेदार ठहराया था।

**रूपरेखा तैयार**

**दिल्ली सरकार धूल की समस्या के समाधान के लिए स्ट्रीट लाइट के खंभों पर 1,000 पानी के स्प्रिंकलर लगाएगी**

**पीएम मोदी नेता नहीं संत हैं: सीएम रेखा**

इस खास इंटरव्यू में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि नरेंद्र मोदी को मैं नेता नहीं मानती, संत मानती हूं। कोई संत होता हैं, वो प्रभु की सेवा में पूजा-पाठ में अपना जीवन लगाता है। पीएम मोदी ने देश की सेवा को अपना पूजा पाठ माना और भी बहुत सारे लोग हमारे यहां हैं। जिन्होंने अपने-अपने तरीके से पूरा जीवन लगाकर देश की सेवा की।

बातचीत में आगे उन्होंने कहा कि नितिन गडकरी उनमें से एक हैं। हमारी बाकी जितनी लीडरशिप है।

## महिपालपुर से पुलिस ने एक बांग्लादेशी नागरिक को दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने गुरुवार को भारत में अवैध रुप से रह रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को महिपालपुर इलाके से गिरफ्तार किया। आरोपित मोहम्मद 15 वर्षों से भारत में अवैध रूप से रह रहा था। आरोपित को सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बांग्लादेश भेजने के लिए निर्वासन केंद्र में भेज दिया गया है। एसीपी विजय सिंह ने बताया कि स्पेशल स्टाफ के इंस्पेक्टर विजय बालियान की टीम अवैध प्रवासियों के बारे में जानकारी जुटा रही है। इसी कड़ी में टीम को सूचना मिली कि महिपालपुर इलाके में एक अवैध बांग्लादेशी नागरिक रह रहा है। पुलिस ने संदिग्ध मोहम्मद की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपित ने खुद को भारतीय नागरिक बताया, लेकिन सही दस्तावेज दिखाने में वह असफल रहा। जिसके बाद सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह मोंटो पुत्र मो. यूसुफ निवासी ग्राम मोलूगंज, थाना सोलुमखुला, जिला बागिरहाट, बांग्लादेश का रहने वाला है। 15 वर्ष से भारत में गैर कानूनी तरीके से रह रहा था। अधिकारी ने बताया कि कानूनी औपचारिकताओं के बाद मोहम्मद को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय निर्वासन केंद्र भेज दिया गया।

## लाल किला और जामा मस्जिद में बम होने की सूचना पर मचा हड़कंप

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में लाल किला और जामा मस्जिद में बम होने की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही सुरक्षा एजेंसियों ने दोनों जगहों पर जांच की। हालांकि, कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि लाल किला और जामा मस्जिद को निशाना बनाकर बम होने की झूठी सूचना मिली। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने गुरुवार सुबह मौके पर पहुंचकर गहन जांच की।

## क्रोनिक किडनी के रोगियों में सक्रिय टीबी होने का खतरा 10 गुना




**टीम एक्शन इंडिया**


**नई दिल्ली।** क्रोनिक किडनी रोग (सीकेडी) के रोगियों में लेटेंट ट्यूबरकुलोसिस इंफेक्शन (एलटीबीआई) और सक्रिय टीबी होने की आशंका सामान्य व्यक्ति के मुकाबले 10 गुना तक अधिक है। यह खुलासा 5300 मरीजों पर हुए एक शोध से हुआ है।

विशेषज्ञों का कहना है कि लेटेंट ट्यूबरकुलोसिस इंफेक्शन में टीबी के बैक्टीरिया शरीर में निष्क्रिय होते हैं। कोई लक्षण नहीं होते दिखते। हालांकि समय पर इलाज न मिले, तो यह संक्रमण सक्रिय हो सकता है। वहीं, सक्रिय टीबी एक संक्रामक बीमारी है जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया से होती है। यह तब होता है जब प्रतिरक्षा प्रणाली बैक्टीरिया को नियंत्रित नहीं कर पाती। सक्रिय टीबी, फेफड़ों या शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकता है। डॉक्टरों का कहना है कि खराब हुई जीवन शैली के कारण क्रोनिक किडनी रोग (सीकेडी) के मामले बढ़ रहे हैं। इन मरीजों में सामान्य रोगियों के मुकाबले टीबी होने की आशंका 10 गुना अधिक रहती है जो टीबी मुक्त भारत अभियान को प्रभावित कर सकती है। इसी समस्या को लेकर वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज व सफदरजंग अस्पताल में फोस्टर परियोजना के समापन पर विशेषज्ञों की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता सफदरजंग अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संदीप बंसल और वीएमएमसी की प्रिंसिपल डॉ. गीतिका खन्ना ने की।

घटनाओं और रोकथाम पर चर्चा की।

**सक्रिय**

**विशेषज्ञों का कहना है कि लेटेंट ट्यूबरकुलोसिस इंफेक्शन में टीबी के बैक्टीरिया शरीर में निष्क्रिय होते हैं**



## न्यूज फ्लैश

### पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने ली कुरुक्षेत्र भाजपा कोर कमिटी की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : हरियाणा सरकार के पंचायत मंत्री कृष्ण पंवार ने आज कुरुक्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की कोर कमिटी की अहम बैठक ली। यह बैठक आगामी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यमुनानगर दौरे की तैयारियों को लेकर आयोजित की गई थी। मीडिया प्रभारी शैलश वत्स ने बताया कि बैठक में कोर कमिटी के सदस्यों ने प्रधानमंत्री की यात्रा के सफल आयोजन के लिए विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की। मंत्री पंवार ने कार्यकताओं से कहा कि यह कार्यक्रम भाजपा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और सभी को अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री के विजन और योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए बूथ स्तर पर कार्यकताओं को सक्रिय रहने का आह्वान किया।बैठक में जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता, पदाधिकारी और कोर कमिटी के सदस्य उपस्थित रहे जिनमें मुख्य रूप से पूर्व मंत्री सुभाष सुधा,मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि कैलाश सैनी,सुभाष कलसाना, हरियाणा सरकार में चेयरमैन धर्मबीर मिजार्पुर,चेयरमैन धर्मवीर डागर, जय सिंह पाल, हरपाल चीका, राजकुमार सैनी,रवि बतान,बीबी करतार कौर, रविन्द्र सांगवान, जिला महामंत्री जस्वीन्द्र सैनी, परमजीत कौर, अशोक गुर्जर उपस्थित रहे।

### कुरुक्षेत्र में सांसद सुभाष बराला ने की शिरकत,संत शिरोमणि धन्ना भगत जयंती के लिए दिया न्योता



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : राजयसभा सांसद श्री सुभाष बराला ने आज कुरुक्षेत्र स्थित जाट धर्मशाला में शिरकत की ।इस मौके पर कुरुक्षेत्र भाजपा जिलाध्यक्ष तेजीन्द्र सिंह गोल्डी और शुगरफेड चेयरमैन धर्मबीर डागर भी उनके साथ मौजूद थे।मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ने बताया कि सांसद सुभाष बराला ने उचाना में मनाई जाने वाली संत शिरोमणि धन्ना भगत जयंती के संबंध में जानकारी दी और इस समारोह में शामिल होने के लिए सभी को आमंत्रित किया। इस अवसर पर उन्होंने धन्ना भगत के योगदान को याद करते हुए, उनके आदर्शों और शिक्षाओं को समाज में प्रसारित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।सांसद ने कहा, ह्लधन्ना भगत जयंती का आयोजन समाज को एकजुट करने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का एक बेहतरीन अवसर है। मैं सभी से इस जयंती में शामिल होने का आग्रह करता हूं।ह्लकार्यक्रम में भाजपा नेताओं और शुगरफेड चेयरमैन के साथ अन्य समाजसेवी भी उपस्थित थे।

# किसान की भूमिका अन्नदाता से आगे और भी: नितिन गडकरी

## गडकरी ने किसान कुंभ में किया रामबीर श्रेष्ठ की पुस्तक नए भारत के किसान का विमोचन

**आह्वान**

▶▶ पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण 2014 के 1.5 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 15 प्रतिशत हुआ



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आह्वान किया कि भविष्य में किसानों की भूमिका को अन्नदाता,ऊजार्दाता,ईंधनदाता और हाइड्रोजन दाता के रुप में होनी चाहिए। गड़करी पूसा संस्थान में आयोजित एपी शिंदे सभागार में आईआईटी दिल्ली के उन्नत भारत अभियान के तहत आयोजित काउट्रिशन फाउंडेशन एवं एग्रीटेक इनोवेशन सोशल फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय किसान कुंभ-2025 के उद्घाटन सत्र में भारत के विभिन्न राज्यों और पड़ौसी देश नेपाल से आए किसानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत के किसानों को गेहूं,चावल और मक्का का उत्पादन करना चाहिए,मगर यह भी समझना होगा कि भारत 22 लाख करोड़ रुपये पैट्रोल डीजल पर खर्च कर रहा हैं।उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे अपनी भूमिका अन्नदाता के साथ इसका और भी विस्तार करे। कार्यक्रम आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार ने गड़करी व अन्य अतिथियों का स्वागत किया और अपने संबोधन में नितिन गडकरी प्रयोगधर्मी पुरुष बताया।उन्होंने कहा कि वे कुशल किसान,उद्योगपति और आमजन की मुद्दों को समझने वाले कुशल राजनेता हैं।इस अवसर पर गड़करी ने वरिष्ठ पत्रकार रामबीर श्रेष्ठ की पुस्तक नए भारत के किसान का विमोचन किया।उन्होंने कहा कि जब भारत का किसान सुखी समृद्ध होगा,तभी हमारा देश विश्व गुरु के साथ दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनेगा।जब किसान सामर्थ्यवान,समृद्ध और संपन्न होगा,तभी आत्महत्याओं पर भी विराम लगेगा। गड़करी ने कहा कि मुझे मेरी हैसियत से ज्यादा राजनीति के क्षेत्र में मुझे बड़े बड़े पद मिले। मैं जिस राज्य से आता। हूं उस राज्य में दस हजार से ज्यादा किसानों ने आत्म हत्याएं की। मेरे पिता भी किसान थे, मैंने सोचा था कि मैं राजनीति में जरुर हूं,लेकिन मैं लगभग राजनीति करता ही नहीं,मैं सेवा करता हूं और राजनीति का सही अर्थ यही है। उन्होंने कहा कि किसानों का तय करना होगा हमें किस दिशा में जाना है और किस दिशा में जाने से लाभ होगा।स्वतंत्रता प्राप्ति से पहले जब महात्मा गांधी जी गांव की बात करते थे उस समय गांवों में 90 प्रतिशत लोग रहते थे,लेकिन अब 65 प्रतिशत रहते हैं। आज सबसे बड़ी आवश्यकता है,गांव के किसान मजदूर को आत्मनिर्भर बनाने की है। इस सरकार का पूरा फोकस है। उन्होंने कहा कि किसान समृद्ध संपन्न होना चाहिए, यह सब की भावना है,लेकिन कैसे हो,इस पर जागरुकता से विचार करना होगा।

गड़करी ने भारत में इथेनॉल मिश्रण की सफलता पर बताया कि पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण 2014 के 1.5 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 15 प्रतिशत हुआ, जिसे अब 20 प्रतिशत से अधिक तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। साथ ही चावल के भूसे से बायो-सीएनजी के उत्पादन सहित अपशिष्ट से ऊर्जा तैयार वाली तकनीकों का चर्चा की।

## संत निरंकारी मिशन द्वारा मानव एकता दिवस का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**आध्यात्मिकता** ही मानव एकता को मजबूती दे सकती है तथा मानव को मानव के निकट लाकर आपसी प्रेम और सौहार्द का वातावरण बना सकी है। इसी मन्तव्य से सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के आशीर्वाद से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मानव एकता दिवस का आयोजन 24 अप्रैल, को जहाँ एक ओर ग्राउंड नं0 8, निरंकारी चौक, बुराड़ी में किया जायेगा वहीं भारतवर्ष के प्रत्येक ब्राँचों में भी श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होकर बाबा गुरबचन सिंह जी एवं मिशन के अनन्य भक्त चाचा प्रताप सिंह को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगें और उनके महान जीवन से प्रेरणा लेगें। संत निरंकारी मण्डल के सचिव एवं समाज कल्याण विभाग के प्रभारी जोगिन्दर

**सौहार्द**

▶▶ मानव को मानव के निकट लाकर आपसी प्रेम और सौहार्द का वातावरण बना सकी है

सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि सतगुरु की असीम कृपा से इस वर्ष भी सम्पूर्ण विश्व के लगभग 500 से अधिक स्थानों पर संत निरंकारी मिशन की समाज कल्याण शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में रक्तदान

शिविर की अविरल श्रृंखलाओं का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जायेगा जिसमें लगभग 50,000 से अधिक रक्तदाता मानवता की भलाई हेतु रक्तदान कर निःस्वार्थ सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

## संपत्ति विवाद में युवक से मारपीट, पसली की हड्डी तोड़ी

**सोनीपत**
**बहालगढ़** थाना क्षेत्र के गांव जाट जोशी में घर के अंदर घुसकर तोड़फोड़ करने व मारपीट कर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दे रहे है। दोनों पक्षों में संपत्ति को लेकर विवाद का आरोप है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव जाट जोशी निवासी सुरेश ने बताया कि गांव के रहने वाले संचित ने उसको फोन कर जान से मारने की धमकी दी। जब वह घर पहुंचा तो उनको अपने घर पर ताला लगा मिला। संचित उसके परिवार के लोगों ने उसके साथ मारपीट की। घर पर आना दावा जताया। विरोध करने पर उस पर फिर से जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट में उसकी पसली की चार हड्डियां टूट गई। हालांकि मामले को लेकर पुलिस कहना है कि दोनों पक्षों के बीच संपत्ति को लेकर विवाद है। जिसमें पहले लिखित समझौता भी हो चुका है। न मानने को लेकर झगड़ा हुआ है। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**मामला**

▶▶ पीड़ित ने विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दे रहे है। संपत्ति को लेकर विवाद

## हवन-यज्ञ के साथ हुआ गुरुकुल में नये सत्र का शुभारम्भ

**लक्ष्य**

▶▶ आज प्रतिस्पर्धा का युग है इसलिए अपने एक-एक क्षण का उपयोग अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए करें



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : गुरुकुल में शैक्षिक सत्र 2025-26 का आज हवन-यज्ञ के साथ विधिवत शुभारम्भ हुआ। प्रातःकालीन सभा में निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने नव-प्रविष्ट छात्रों के साथ सभी अध्यापकों, संरक्षकों को नये सत्र पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। छात्रों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज प्रतिस्पर्धा का युग है इसलिए अपने एक-एक क्षण का उपयोग अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए करें। आचार्यश्री देवव्रत जी के पुरुषार्थ को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि आचार्यश्री के कठिन परिश्रम और दूरगामी सोच से आज गुरुकुल कुरुक्षेत्र हरियाणा का नंबर वन आवासीय विद्यालय के रूप में देशभर में विख्यात है। यहां पर प्रवेश हेतु हजारों विद्यार्थी आते हैं, जिन छात्रों का प्रवेश गुरुकुल में हुआ है वे बहुत सौभाग्यशाली है क्योंकि गुरुकुल में एक ऐसा माहौल छात्रों को उपलब्ध कराया जाता है जिससे छात्र पढ़ाई में तो टॉप करते हीं है साथ ही उन्हें नैतिक मूल्यों, संस्कार और आपसी प्रेम की भावना से परिपूर्ण किया जाता है जिससे वे देश के एक सभ्य नागरिक बनें। उन्होंने सभी छात्रों से गुरुकुल परिसर में सभी नियमों का सख्ती से पालन करने का भी आग्रह किया, साथ ही कैशलेस पॉलिसी के तहत डिजिटल कार्ड सिस्टम लागू करने की घोषणा की। डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि प्रत्येक बच्चा अपनेआप में ह्यविशेषह्न है। ह्यसाप्ताहिक बालसभाह्न गुरुकुल में प्रतिभावान् छात्रों के लिए एक खुला मंच है जहां पर बच्चे अपने अध्यापकों के सहयोग से अपनी विशेष प्रतिभा को निखारे और जीवन में आगे बढ़ें। उन्होंने इस दौरान गुरुकुल की उपलब्धियों का भी जिक्र किया और बताया कि पिछले लगभग 2 वर्ष में गुरुकुल कुरुक्षेत्र ने एनडीए के माध्यम से 41 उच्च अधिकारी देश को समर्पित किये हैं जो देश के किसी भी शिक्षण संस्थान का सर्वश्रेष्ठ आंकडा है।

## गाय की रक्षा भारत की संस्कृति की रक्षा- साध्वी दिवेशा भारती

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )** श्री सिद्धपीठ दुर्गा माता मंदिर में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के तत्वाधान में चल श्रीराम कथा के चौथे दिन गुरु श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी सुश्री दिवेशा भारती ने सीता स्वयंवर प्रसंग का मनमोहक चित्रण अपने कथा के माध्यम से किया। इस दौरान भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार प्रभु श्रीराम जी अपनी दिव्य लीलाओं को करते हुए गुरूकुल से अपनी शिक्षा का अध्ययन करते हुए अयोध्या में पुनः लौटते हैं। इसके उपरांत उन्होंने ताडका वध, अहल्या का उद्धार आदि को भावपूर्ण वर्णन किया। स्वयंवर के दौरान भगवान शिव के धनुष को भंग कर जानकी जी से विवाह करने की कथा का गद्दी ब्यान ने मनभावन चित्रण किया जिस पर भक्त मंत्रमुग्ध होकर अपने जगह पर झूमने लगे। साध्वी दिवेशा भारती ने कहा कि गाय हमारी संस्कृति का आधार और समाज का मेरुदंड है जिसे सुरक्षित रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा गाय की रक्षा ही भारत की रक्षा है गाय की रक्षा ही संस्कृति की रक्षा है इसलिये उठो अपनी संस्कृति और संस्कारों को जान समझ अपनी गाय माता को सुरक्षित करो जो हमारी कृषि तंत्र का आधार है जो पर्यावरण की दात्री है जो समाज का आधार हो उसे संरक्षित करो उठो भारत वासियों चलो संस्कृति की ओर बढ़ो गाय की ओर।



**संस्कार**

▶▶ उठो अपनी संस्कृति और संस्कारों को जान समझ अपनी गाय माता को सुरक्षित करो

## श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय की डीन ऑफ कॉलेज बनी प्रोफेसर आशु

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रोफेसर वैध करतार सिंह धीमान के निदेर्शानुसार शालाक्य तंत्र विभाग की प्रोफेसर डॉ.आशु को आगामी 2 वर्षों के लिए डीन ऑफ कॉलेज नियुक्त किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा नए दायित्व देने पर प्रोफेसर डॉ. आशु ने कुलपति प्रोफेसर वैध करतार सिंह धीमान का आभार जताया। इस अवसर पर डॉ. आशु ने विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि जो दायित्व उन्हें सौंपा गया है, वह पूरी निष्ठा के साथ उसका निवर्हन करेंगी। इस मौके पर नवनियुक्त डीन ऑफ कॉलेज डॉ.आशु को कुलसचिव प्रोफेसर बृजेंद्र सिंह तोमर, निदेशक आईक्यूएसी प्रोफेसर डॉ. अमित कटारिया, प्रॉक्टर प्रोफेसर डॉ. राजा सिंगला, प्रोफेसर डॉ. शंभू दयाल शर्मा, डॉ. पीसी मंगल, डॉ. राका जैन, डॉ. सचिन शर्मा, उप कुलसचिव विकास शर्मा, सहायक कुलसचिव अतुल गोयल, अधीक्षक अरविंद कुमार समेत अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दी।



## अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**सोनीपत: कुंडली** थाना पुलिस ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित दीपक निवासी सोनीपत हाल में पेपर मील प्याऊ कुंडली का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जांच अधिकारी कृष्ण ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान हर्षवर्धन कॉलोनी नाले के पास मौजूद थी। उसी दौरान टीम को अवैध हथियार सहित युवक की आने की सूचना मिली। टीम ने युवक को काबू कर लिया। उसके पास तलाशी के दौरान अवैध हथियार मिला। उसके खिलाफ कुंडली थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया।

## हनीट्रैप में फंसाने तथा लूट के दो और आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : जिला पुलिस ने टेस्ट करवाने के बहाने युवक को किडनैप करके हन्नीट्रैप में फसाने तथा लूट करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल नेतृत्व में अपराध अन्वेषण शाखा-1 पुलिस टीम ने टेस्ट करवाने के बहाने युवक को किडनैप करके हन्नीट्रैप में फसाने तथा लूट करने के आरोप में लवप्रीत उर्फ लव व रणदीप सिंह उर्फ रिंकू वासीयान बाबैन जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि 1 अप्रैल 25 को थाना शाहबाद पुलिस को दी अपनी शिकायत में कुलदीप सिंह वासी रतनडेरा जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि वह लैबोरट्री का काम करता है। दो-तीन दिन पहले उसकी इन्स्टाग्राम पर एक युवती का मैसज आया। उसके साथ बातचीत करने के बाद उस युवती ने कह कि वह अपना बॉडी चैकअप करवाना चाहती है। जिसके लिए उसने उसे 1 अप्रैल को शाहबाद बस स्टैंड पर बुलाया वहां पहुचने के बाद युवती ने कहा कि उसके साथ अन्य लोगों को भी चैकअप करवाना है। जिसके लिए वह युवती के साथ ऑटो मे बैठकर एक रेस्तरां में गये। जहां पर उसे एक कार में बैठाकर उसे बराडा रोड पर ले जाकर उसके साथ मारपीट की तथा झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर उसके पर्स से करीब से 25 हजार रुपए व कागजात छीनकर उसे वहीं छोड़कर मौके से भाग गये। जिसकी शिकायत पर थाना शाहबाद में मामला दर्ज करके जांच जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 को दी गई।



**काबू**

▶▶ झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर उसके पर्स से 25 हजार रुपए व कागजात छीनकर उसे वहीं छोड़कर भाग गये

## सौगात का तोहफा देने के लिए पहुंचेंगे यमुनानगर में:कृष्ण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रदेशवासियों को भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर नागरिकों को हजारों, करोड़ों रुपए की सौगात मिलेगी। इस सौगात को देने के लिए स्वयं प्रधानमंत्री 14 अप्रैल को हरियाणा की पावन धरा पर पहुंच रहे है। इस कार्यक्रम को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में ऐतिहासिक और यादगार बनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता यमुनानगर में पहुंचेंगे।

पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार वीरवार को सर्किट हाउस में एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।



इससे पहले पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा,भाजपा के जिला अध्यक्ष तजेन्द्र सिंह गोल्डी ने सेक्टर 8 भाजपा कार्यालय में सभी कार्यकताओं और नेताओं को 14 अप्रैल को यमुनानगर पहुंचने का निमंत्रण देने के साथ-साथ डयूटियां भी लगाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को प्रदेश के लोगों को बड़ी सौगात देने हरियाणा पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री इस दिन यमुनानगर में 800 मैगावाट क्षमता की थर्मल यूनिट का शिलान्यास और हिसार में एयरपोर्ट का उद्घाटन व नए टर्मिनल का शिलान्यास करेंगे। इन विकास कार्यों के जरिए प्रधानमंत्री विकसित भारत व विकसित हरियाणा की महत्वपूर्ण कड़ी को जोडने.का कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि बिजली वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है। रेलवे हो या सड़कों पर चलने वाले इलैक्ट्रिक व्हीकल हम हर चीज में बिजली पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि यमुनानगर में प्रधानमंत्री जिस 800 मैगावाट क्षमता की थर्मल यूनिट की आधारशिला रखेंगे उसे भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) द्वारा बनाया जा रहा है और इसके निर्माण पर 7272 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस यूनिट का कार्य वर्ष 2028 के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत करने को आतुर हैं। प्रदेश को मिलने वाली विकास की इन सौगातों का प्रदेश ही नहीं देश के लोगों को भी लाभ मिलेगा। लोकसभा व विधानसभा चुनावों में बड़ी जीत के बाद हाल ही में स्थानीय निकाय चुनावों में भी भाजपा को बड़ी जीत मिली है।

**सौगात मिलेगी**

▶▶ प्रदेशवासियों को भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर नागरिकों को हजारों, करोड़ों रुपए की सौगात मिलेगी

## यूथ ब्लड डोनेशन सोसाइटी ने अम्बेडकर जयंती पर रक्तदान कैंप लगाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : आज गांव कवारतन चमार चौपाल में यूथ ब्लड डोनेशन सोसाइटी द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर कि जयंती पर रक्तदान एवं मेडिकल कैंप लगाया गया जिसमें मुख्य अतिथि विनोद पाल होलकर झांसा पहुंचे । उन्होंने कहा कि महापुरुषों के जन्म महोत्सव को जैसे रक्तदान एवं मेडिकल कैंप व पौधारोपण जैसे कार्यक्रम कर मनाया जाना चाहिए ताकि उनको एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर डॉ भीमराव अंबेडकर युवा सभा कवारतन के अध्यक्ष ईश्वर चंद ने आए हुए सभी मुख्य अतिथियों को सम्मानित किया ।



सभी को डॉ भीमराव अम्बेडकर कि प्रतिमा व सरोपा भेंट किए ।थाना प्रभारी सीवन कुलदीप सिंह एवं गांव कवारतन सरपंच इंद्र सिंह ने रक्तदाताओं को बैच लगाकर होंसला अफजाई की। मेडिकल कैंप में जरूरतमंदों को दवाईयां वितरित की। कैथल ब्लड बैंक की टीम डा मोनिका,विजेता,द्वारा ब्लड एकत्रित किया गया। इस मौके समाजसेवी सरपंच इंद्र सिंह,गुरमेल सिंह ककराला,महिंदर, नरेश, ऋषि पाल, देवेंद्र सिंह, रोहित धीमान, राजेंद्र ग्रोवर,मनीष राणा ककहेड़ी, गुरजंट सिंह रंधावा इत्यादि उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### चोरों ने माता मंदिर केदानपात्र से चुराए 1200 रुपए



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के गांव कोयर स्थित शेरावाली माता मंदिर में चोरी की वारदात हुई। अज्ञात चोर मंदिर में रखे दानपात्र को उठाकर गेट के बाहर ले गया और तोडकर उसमें से करीब 1200 निकालकर फरार हो गया। गल्ला टूटा हुआ मंदिर के बाहर पड़ा मिला। मंदिर की देखरेख करने वाले युवक ने चौकी सीता माई में इसकी शिकायत दी, जिसके बाद निगदू थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
गांव कोयर के पवन कुमार शेरावाली माता मंदिर की देखरेख करते हैं। पवन ने बताया कि 7-8 अप्रैल की रात किसी अज्ञात चोर ने मंदिर से दानपात्र उठाया और गेट के बाहर ले जाकर उसे तोड़ दिया। दानपात्र में रखे करीब 1200 रुपए चोर निकालकर ले गया और खाली गल्ला वहीं छोड़ गया।
पवन कुमार ने 9 अप्रैल को चौकी सीता माई पहुंचकर एएसआइ बलकार सिंह को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच बलकार सिंह को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश जारी है।

### भारतीय योग संस्थान ने मनाया 59वां स्थापना दिवस, 48 लोगों ने लिया हिस्सा



**गन्नौर ।** रेलवे पार्क गन्नौर में 59वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में कुल 48 लोगों ने भाग लिया। अजीत ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग से जीवन सुखी, सुंदर और शरीर लचीला बनता है। आचार्य छबील दास ने संस्था का परिचय देते हुए प्रार्थना और शांति पाठ कराया। प्रतिभागियों ने दैनिक योग को अपनाने का संकल्प लिया।

### रिमांड के दौरान एक देसी पिस्तौल व वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** सीआईए टू पुलिस टीम ने किशोर आर्यन की हत्या मामलें में गिरफ्तार आरोपी युकेश व प्रदीप से रिमांड के दौरान एक अवैध देसी पिस्तौल व वारदात में प्रयुक्त एक चाकू बरामद कर वीरवार को 5 दिन की रिमांड अवधी पूरी होने पर दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि रिमांड के दौरान पूछताछ में आरोपियों से खुलासा हुआ आरोपी युकेश वारदात से एक सप्ताह पहले चाकू नैनीताल में एक अज्ञात युवक से खरीद कर लाया था। आरोपी ने वारदात से एक दिन पहले चाकू आरोपी प्रदीप को दिया था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया आर्यन की हत्या के बाद उनका अगला टार्गेट आर्यन की मां व भाई था। विदेश में बैठे वारदात के मुख्य साजिशकर्ता आरोपी साहिल ने आर्यन की मां व भाई की हत्या कराने के लिए उक्त वारदात के एक दिन बाद आरोपी युकेश व प्रदीप को एक अवैध देसी पिस्तौल उपलब्ध कराया था। उक्त देसी पिस्तौल 27 मार्च को अज्ञात युवक दोनों आरोपियों को सोनीपत क्षेत्र में देकर गया था। आर्यन को घर से बुलाकर ले जाने वाले नाबालिग आरोपी को गत दिनों डिटेन कर जुवेनाइन कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जा चुका है। वारदात में शामिल फरार अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# भौतिकतावादी उन्नत युग भगवान महावीर के सिद्धांत अत्यधिक युगानुकूल हैं: मुनि पीयूष

## पारंपरिक उत्साह एवं भक्ति-भावनापूर्वक अरिहंत सभागार में आयोजित किया गया

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर वर्तमान शासननायक श्रमण भगवान महावीर स्वामी जी का 2624वां जन्म कल्याणक महोत्सव तीर्थस्थल श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में पारंपरिक उत्साह एवं भक्ति-भावनापूर्वक अरिहंत सभागार में आयोजित किया गया। जगदीश शर्मा, कर्मवीर सिंह, सुधा जैन ने भजनों से मोहित किया। देखो भक्तों दिन सुहाना आ गया, खुद खुदा रहमत बरसाने आ गयाय कुंडलपुर धरती को धन्य किया है, त्रिशला मां की गोद को पावन किया हैय जन्म जयंती वीर प्रभु की आज मनाते हैं, श्रद्धा के भावों में भरकर उन्हें बुलाते हैं, जय-जय त्रिशला के नंदन, करते चरणों में वंदन भजनों की पंक्तियों को गुंजाते भक्तों ने



वातावरण भक्तिमय बनाया। मुनि संयमेश की भक्ति प्रस्तुति जय जय तेरी वीर महावीर हम सब ही बुलाएं, तू ही है जिनेश परमेश तुझको ही ध्याएं ने उपस्थित भक्तों को भाव विभोर किया। मुनि अभिनव ने श्री महावीर भगवान मेरे मन मंदिर आ जाओ, चरणों में तेरे ध्यान मिथ्या अज्ञान मिटाओ, से प्रभु का आह्वान किया। साध्वी जागृति के भजन के बोल महावीर की महिमा तो जग में निराली है तूने कुंडलपुर में जन्म लिया, सिद्धार्थ पिता का नाम किया लाजवाब रहा। भगवान महावीर दरबार का अनावरण संजय जैन-वीणा जैन (वीर ओवरसीज, घरौंडा) ने किया और ध्वजारोहण देसराज अग्रवाल-वीणा अग्रवाल सेक्टर 9 करनाल ने संपन्न किया। जप&तप आराधिका महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने कहा कि भगवान महावीर की सीख में सभी समस्याओं का समाधान निहित है। पाखंड और आडंबर के विरुद्ध आवाज उठाने वाले अहिंसक क्रांतिकारी का संदेश युद्ध और आपसी वैमनस्य से त्रस्त मानवता के लिए राहतकारी है। परस्पर संवाद सभी समस्याओं का हल है। क्लेश से मानवता झुलस रही है। आपसी विवाद सामंजस्य को क्षतिग्रस्त करता है। किसी के अधिकारों का अतिक्रमण तथा खुद को दूसरों पर थोंपना गड़बड़ की जड़ है। भगवान महावीर की शिक्षाओं में सारा समाधान तथा उलझनों को सुलझाने की शक्ति है। विधायक जगमोहन आनंद ने मानवता को जैन धर्म और जैन तीर्थंकरों की मानवता को देन को अनुपम बताते हुए जैन साधना पद्धति को तप-त्याग, सादगी पर आधारित होने के कारण आत्मा को ऊंचा उठाने वाला कहा।

## योग में हर समस्या का समाधान निहित : दिनेश



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत लोगो को स्वस्थ करने के मिशन का विस्तार करते हुए प्रमुख शिक्षक दिनेश गुलाटी के निर्देशन में स्वामी दयानंद सरस्वती पार्क सूर्य एनक्लेव सेक्टर-7 में तीन दिवसीय विशेष योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। 10 अप्रैल से 12 अप्रैल तक होने वाले इस निःशुल्क योग शिविर के प्रथम दिवस ही मौजूद लोगो ने योग सीखा।
योग गुरु दिनेश गुलाटी ने योग करवाते हुए योग के लाभ और योग द्वारा जीवन में होने वाले परिवर्तन के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने साधकों को सूक्ष्म क्रियाओं, आसनों व प्राणायाम का अभ्यास कराया, जिसका सभी ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया।
दिनेश गुलाटी ने बताया कि योग हर उम्र के व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण है और 40 50 की उम्र में तो और भी जरूरी है। योग में हर समस्या का समाधान निहित है। इससे जागरूकता, स्मरण शक्ति,एकाग्रता बढ़ती है। और साथ ही आज दैनिक जीवन बढ़ गए तनाव और डिप्रेशन को दूर करने में भी सहायक है।

## लड़की को ले भागा युवक, मामला दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के बलजीत नगर में एक 17 साल की लड़की को एक युवक ले भागा। काफी ढूंढने पर भी लड़की का पता नहीं चल पाया है।जब परिजन लापता बेटी को तलाश रहे थे, उन्हें उसी दौरान किसी व्यक्ति ने बताया कि लड़की एक लड़के के साथ देखी गई है। इन बातों का पता लगते ही परिजनों ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर दोनों को तलाश शुरू कर दी है। चांदनीबाग थाना पुलिस को दी शिकायत में अनीशा पत्नी नसीम अंसारी ने बताया कि वह मूल रूप से बिहार की रहने वाली है। यहां वह बलजीत नगर में रहती है। उनकी 17 वर्षीय लड़की 9 अप्रैल को दिन में घर से अचानक गायब हो गई।

## सडक हादसे में महिला की मौत, परिवार में पसरा मातम

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के गांव काछवा में एक महीने पहले तेज रफ्तार कार की टक्कर में घायल हुई महिला प्यारी देवी (61 वर्ष) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। यह हादसा 10 मार्च को हुआ था, जब एक कार ने घर के बाहर सडक किनारे चारपाई पर बैठी दो महिलाओं और दो बच्चियों को जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में पहले ही सुलतानी देवी की मौत हो गई थी। अब प्यारी देवी की मौत से गांव में फिर से मातम छा गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।
घटना वाले दिन धर्मबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि



10 मार्च की दोपहर करीब 12 बजे करनाल से काछवा की ओर तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने उनके घर के बाहर सडक की साइड में चारपाई पर बैठी उनकी मां सुलतानी देवी पत्नी अगुरा राम, चाची प्यारी देवी पत्नी मेहर सिंह, भतीजी खुशी पुत्री पिंटू और प्रियंका पुत्री कृष्ण पाल को टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार सीधे जाकर पास की दवाई फैक्ट्री के गेट से टकरा गई। हादसे में कार का ड्राइवर साइड का टायर फट गया और गाड़ी मौके पर ही रुक गई। धर्मबीर ने बताया कि उन्होंने और मौके पर मौजूद जगदीश ने तुरंत 112 पर कॉल की। पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुंची और सभी घायलों को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां से उन्हें सिटी केयर अस्पताल में रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उनकी मां सुलतानी देवी की उसी दिन मौत हो गई थी, जबकि प्यारी देवी, खुशी और प्रियंका का इलाज वहीं चल रहा था।
घटना के करीब एक महीने बाद 9 अप्रैल की शाम प्यारी देवी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन चोटें गंभीर थीं। उनकी मौत के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

## गैराज के बाहर खड़ी गाड़ी को चुरा ले गए

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के समीर गैराज के बाहर खड़ी सफारी गाड़ी चोरी हो गई। गाड़ी मालिक अपनी गाड़ी को एसी सर्विस के लिए गैराज में खड़ी करके गया था। मैकेनिक ने फोन करके उसे बताया कि गाड़ी ठीक हो गई है और वह उसे ले जा सकता है, लेकिन मालिक ने व्यस्तता के चलते गाड़ी को गैराज में ही खड़ा रखने को कह दिया था। अगले दिन सुबह अचानक उसे गैराज से कॉल आया और पूछा गया कि क्या वह गाड़ी लेकर चला गया है। मालिक ने जब इस बात से इनकार किया तो वह तुरंत मौके पर पहुंचा। मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गाड़ी मालिक ने मौके पर पहुंचकर गैराज के सीसीटीवी कैमरे चैक करवाए। फुटेज में साफ नजर आया कि एक सफेद रंग की रिट्ज कार गैराज के सामने आकर रुकती है। उसमें सवार चोरों ने अपनी गाड़ी को सफारी के ठीक पास खड़ा किया। कुछ ही सेकेंड में एक चोर उतरता है और सफारी गाड़ी की खिडकी खोलकर अंदर घुस जाता है। इसके बाद वह गाड़ी स्टार्ट करता है और मिनटों के भीतर उसे लेकर फरार हो जाता है। गैराज पर मौजूद मैकेनिक रामनिवास ने भी घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि चोरी की पूरी वारदात रिट्ज गाड़ी में आए लोगों ने अंजाम दी है। सफारी गाड़ी गैराज के बाहर खड़ी थी और

## शोरूम से जूते-कपड़े समेत लाखों का सामान चोरी, जांच जारी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के गोगड़ीपुर फाटक के पास स्थित एक शोरूम में वीरवार की अलसुबह चोरी की वारदात हुई। चोर ने सामने का शीशा तोडकर शोरूम के अंदर घुसपैठ की और करीब एक घंटे तक अंदर ही रहा। इस दौरान उसने जूतों और कपड़ों के रैक खाली कर दिए। चोरी का सारा सामान कैरीबैग में भर लिया और आधे से ज्यादा सामान को शोरूम की साइड में बनी छत पर फेंक दिया, ताकि उसे बाद में दोबारा आकर ले जा सके। चोर कुछ



सामान अपने साथ भी ले गया। घटना की पूरी फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।
चोर ने साइड वाली दुकान की छत से ऊपर चढ? की कोशिश की, लेकिन दीवार काफी ऊंची थी। ऐसे में उसने ईंटों का चट्टा लगाया और उस पर चढकर दीवार फांद कर शोरूम की छत तक पहुंच गया। वहां से उसने सामने वाले शीशे को तोड़ा और अंदर दाखिल हुआ। यह पूरी कार्रवाई करीब तीन बजे की बताई जा रही है। चोर काफी देर तक शोरूम के अंदर रहा और उसने आराम से एक-एक करके रैक खाली किए।
शोरूम मालिक बंटी पाल को सुबह चार बजे किसी व्यक्ति ने कॉल कर बताया कि दुकान का शीशा टूटा हुआ है। जब वे मौके पर पहुंचे तो देखा कि शोरूम के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था और जूतेए चप्पल, कपड़े यहां-वहां बिखरे हुए थे। उन्होंने जब छत पर जाकर देखा तो वहां कैरी बैग पड़े थे, जिनमें चोरी किया गया सामान रखा था। शोरूम मालिक ने तुरंत डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने कहा कि यह इलाका सदर पुलिस चौकी के अधीन आता है, थाना नहीं। ऐसे में शिकायत किसे दी जाए, इसे लेकर पीड़ित असमंजस में पड़ गया। दूसरी बार डायल-112 पर कॉल की गई तो ईआरवी इंचार्ज विजय पाल मौके पर पहुंचे।

# बस ने बाइक को मारी टक्कर

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले में नेशनल हाईवे-44 पर सिरसा ब्रांच नहर पुल के पास बीती देर शाम एक दर्दनाक सडक हादसे में 62 वर्षीय ढाबा मालिक रणजीत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब रणजीत सिंह अपने परिचित सूबे सिंह के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर नीलोखेड़ी जा रहे थे। पीछे से आई तेज रफ्तार अज्ञात बस ने मोटरसाइकिल को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रणजीत सिंह का सिर बस के टायर से टकरा गया और रणजीत सडक पर जा गिरा, जिससे उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस



ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल के शवगृह हाउस में रखवा दिया। आज पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। मनक माजरा के 57 वर्षीय सूबे सिंह ने बताया कि वह खेतीबाड़ी करता है और ढाबा मालिक रणजीत सिंह को लंबे समय से जानता है। 9 अप्रैल की शाम करीब सवा 5 बजे वह रणजीत सिंह से मिलने हिमाचल पंजाबी वैष्णो ढाबा पर पहुंचा था। बाद में वह उन्हें उनकी स्प्लेंडर बाइक पर सवार कर नीलोखेड़ी छोडनेजा रहा था। जब वे सिरसा ब्रांच नहर पुल के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आई एक अज्ञात बस ने लापरवाहीपूर्वक उनकी बाइक को सीधी और साइड से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों सडक किनारे जा गिरे। सूबे सिंह को मामूली चोटें आई, लेकिन पीछे बैठे रणजीत सिंह का सिर सीधे बस के टायर से टकराया और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सडक पर गिरते ही उनकी मौके पर मौत हो गई।

## बेगा रोड पर मेडिकल स्टोर में चोरी

**गन्नौर ।** बेगा रोड पर बुधवार रात चोरों ने माही मेडिकल स्टोर को निशाना बनाया।मेडिकल स्टोर संचालक योगेंद्र, निवासी मिमारपुर, ने बताया कि वह रोजाना की तरह रात को दुकान बंद कर घर चला गया था। अगली सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा, तो भीतर का सामान बिखरा पड़ा था। गल्ले से 10 हजार रुपये नकद, इनवर्टर-बैटरी और कुछ दवाइयां गायब थीं। चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे भी उखाड़कर ले गए। योगेंद्र ने इसकी शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

# बैंक एटीएम में बुजुर्ग के साथ ठगी, नहीं निकला कैश

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** पीएनबी इंद्री शाखा के एटीएम से एक युवक के खाते से 15 हजार रुपए चोरी हो गए। जब पैसे नहीं मिले तो वे वापस लौट गए, लेकिन उसी रात उनके खाते से पैसे कटने का मैसेज आया। बाद में बैंक द्वारा दी गई सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति बिना कार्ड डाले एटीएम मशीन से पैसे उठाते हुए साफ नजर आ रहा है। पुलिस ने अब अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बीबीपुर जाटान निवासी बलवान सिंह स्वास्थ्य विभाग इंद्री से अकाउंटेंट रिटायर्ड है। बलवान ने बताया कि 25 नवंबर 2024 को वह इंद्री बस स्टैंड के पास स्थित



पीएनबी बैंक के एटीएम पर शाम 3 बजे पहुंचे। उन्होंने एटीएम कार्ड डालकर 15 हजार रुपए निकालने की प्रक्रिया शुरू की, पिन भी डाला, लेकिन मशीन से पैसे नहीं निकले। उसने बताया कि एटीएम से केवल एक स्लिप निकली, जिसे उन्होंने वहीं फाडकर छोड़ दिया और थोड़ी देर इंतजार कर घर लौट गए। रात में अचानक उनके मोबाइल पर 15 हजार रुपए कटने का मैसेज आया। बलवान सिंह ने तुरंत पीएनबी समौरा शाखा में जाकर शिकायत दर्ज करवाई और साथ ही एटीएम के कस्टमर केयर पर भी फोन कर शिकायत की। कई बार बैंक जाने के बाद बीती 1 मार्च को उन्हें बैंक द्वारा एटीएम की सीसीटीवी फुटेज दी गई, जिसमें एक अज्ञात युवक कार्ड का उपयोग किए बिना एटीएम मशीन से पैसे उठाते हुए दिखाई दिया। वीडियो में साफ दिखा कि पैसे किसी और ने निकाले,
लेकिन उसने न तो बैंक को सूचित किया और न ही पैसे लौटाए। बैंक से मदद न मिलने पर बलवान सिंह ने 6 मार्च को शिकायत के तहत मुख्यमंत्री ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन भेजा। यह शिकायत इंद्री थाने में ट्रांसफर की गई, जहां पीएसआइ मोहित ढुढवा द्वारा जांच की गई। जांच में शिकायत में दर्ज आरोपों को सत्य पाया गया।

# स्नेचिंग के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, मोटरसाइकिल बरामद

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के कस्बा तरावड़ी क्षेत्र में स्नैचिंग के एक मामले में सीआईए-वन टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों से स्नेचिंग के 13200 रुपए और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली। यह आरोपी पहले से जेल में बंद थे और पूछताछ में खुलासा हुआ कि इन्होंने अब तक कुल छह वारदातों को अंजाम दिया है। बरामदगी के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को दोबारा कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।
सीआइए वन की टीम ने जिला जेल से दो आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। इनमें पहला आरोपी बीरबल, निवासी मटवरा खेड़ी, जिला कैथल और दूसरा



योगेश कुमार, निवासी नीलोखेड़ी, जिला करनाल है। इन दोनों को थाना तरावड़ी में दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया है। इस मामले

**काबू किया**

**▶▶ आरोपी पहले से जेल में बंद थे और और इन्होंने अब तक कुल छह वारदातों को अंजाम दिया**

में पीड़ित कुलदीप सिंह निवासी गांव पैगा, जिला जींद ने तरावड़ी थाने में शिकायत दी थी। कुलदीप का कहना था कि उसके पास कंबाइन मशीन है और वह कटाई का काम करता है। बीते धान के सीजन में वह गांव पुजम में मशीन लेकर गया था, जहां कुछ जमीदारों की पेमेंट बची रह गई थी। कुलदीप ने बताया कि 5 दिसंबर 2024 को वह वहीं से करीब 1 लाख 20 हजार रुपए की रकम इक्ा करके लौट रहा था। उसने बताया कि वह अपने जानकार सुरजन की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर तरावड़ी जा रहा था, ताकि स्पेयर पार्ट्स की पेमेंट कर सके। रास्ते में जब वह तखाना पुल और तरावड़ी पुलों के बीच सर्विस लाइन से गुजर रहा था, तभी पीछे से मोटरसाइकिल पर आए दो युवक उसके पास आए। पीछे बैठे लडके के लंबे बाल थे, उसने मोटरसाइकिल की साइड में टक्कर मार दी, जिससे कुलदीप गिर पड़ा। फिर उसी युवक ने उसके गिरे हुए कपड़ों की जेब फाडकर पैसे निकाल लिए और दोनों आरोपी तरावड़ी की ओर फरार हो गए। जांच अधिकारी एसआई श्याम सुंदर ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कुबूल किया कि वे तरावड़ी क्षेत्र में छीना-झपटी की कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।

# मकान के ताले तोड़ 3 .50 लाख की चोरी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के गांव दुपेड़ी में एक परिवार के घर दिन-दिहाड़े चोरी हो गई। घर का मालिक अमित अपने परिवार के साथ 9 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बजे गांव पाथरी माता के दर्शन करने गए थे। जब वे करीब 4 बजे लौटे तो देखा कि घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। घर की अलमारी खुली पड़ी थी और उसमें रखे कीमती सामान गायब थे।
मकान मालिक अमित की ओर से थाने में दी गई शिकायत के अनुसार चोर घर से 2 सोने की चेन, 2 सोने की अंगूठियां, 2 जोड़ी चांदी की पाजेब, बच्चे के गले, हाथ और पांव के सोने के आभूषण सहित अन्य कीमती गहने और डेढ़ लाख की नकदी चोरी करके ले



गए। चोरी की यह वारदात उस समय हुई जब घर में कोई नहीं था। चोरों ने मौके का फायदा उठाकर आराम से सारा सामान समेट लिया। पीड़ित अमित ने चोरी की शिकायत सालवन पुलिस चौकी में दी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना असंध में कार्यरत एएसआइ पवन कुमार ने बताया कि शिकायत के अनुसार आरोपी घर में घुसकर गहने व नकदी चोरी करके फरार हो गया।
करीब साढ़े तीन लाख का नुकसान बताया जा रहा है। मामले दर्ज कर लिया गया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक किए जा रहे है। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

ACTION INDIA
नई दिल्ली, 11 अप्रैल 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# संपादकीय

## महफिल-ए-बारादरी में याद किए गए भगवान श्रीराम

**भगवान** श्रीराम एक शब्द भर नहीं है। प्रभु राम राष्ट्र के स्वाभिमान और गौरव के प्रतीक हैं। राम संस्कृति और जीवन के पथ प्रदर्शक भी हैं। अब अदबी जलसों में भी कवि और शायरों की रचनाओं के केंद्र बिंदु में श्रीराम होने लगे हैं। पिछले दिनों एनसीआर में महफिल-ए-बारादरी के आयोजन में अयोध्या नंदन की गूंज सुनाई पड़ी। अध्यक्षीय वक्तव्य में सुप्रसिद्ध शायर वसीम नादिर ने कहा कि आज अदब के सामने कई तरह के संकट हैं। अदबी समाज के लिए ऐसी महफिलों की दरकार है। यहां पढ़ी गई रचनाओं को सुनकर बहुत सुकून मिला। कवयित्री पूनम मीरा ने कहा कि बारादरी गंगा-जमुनी संस्कृति की मिसाल बन गई है। ऐसे मंच अदब को जिंदा रखते हैं। इस आयोजन की खास बात यह रही कि अधिकांश रचनाकारों ने गीत, कविता और दोहों के माध्यम से मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम को याद किया।

गाजियाबाद के नेहरू नगर स्थित सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल में सजी इस अदब की महफिल में शुभ्रा पालीवाल के गीत की पंक्तियों "चाहे ये सूरज कहीं छुप ही जाए, चाहे ये चन्दा गगन पे न आए, ले हाथ, हाथों में इकरार करना, दिल ये दिया है तो बस प्यार करना..." ने कार्यक्रम को शुरू में ही ऊंचाई प्रदान कर दी। शायर असलम राशिद ने फरमाया "रफ्तार आंसुओं की रवानी से खींच लूं, मैं चाहता हूं दर्द कहानी से खींच लूं। बिछड़े थे जिसकी वजह से राम जी, मैं उस हिरण को कहानी से खींच लूं।" शायर वसीम नादिर ने अपने कलाम पर भरपूर दाद बटोरी। उन्होंने फरमाया "कभी कपड़े बदलता है कभी लहजा बदलता है, मगर इन कोशिशों से क्या कहीं शजरा बदलता है। तुम्हारे बाद अब जिसका भी जी चाहे मुझे रख ले, जनाजा अपनी मर्जी से कहां कांधा बदलता है। मेरी आंखों की पहली और आखिरी हद है तेरा चेहरा, मैं वो पागल नहीं हूं रोज जो रस्ता बदलता है।" शायरा पूनम मीरा ने भी बेहतरीन अशआर पेश किए। उन्होंने कहा "उसकी आंखों के सराबों पर यकीं मत करना, मौतबर लाख हों अश्कों पर यकीं मत करना। जाविंदा शै कोई मिल जाए यकीं कर लेना, खाक हो जाते हैं जिस्मों पे यकीं मत करना। तुम जो बिछुड़ोगे तो फिर याद बहुत आओगे, ऐसी बेकार की बातों पर यकीं मत करना...।" बारादरी के अध्यक्ष गोविंद गुलशन के शेर "तमाशबीन इधर के भी थे उधर के भी, बचा कोई न सका टूटते दिल को"। "इस कदर तीरगी फैली है जमीं पर यारो, चांद जो छत से उतर आए तो काला हो जाए" भी सराहे गए। बारादरी जीवन पर्यन्त सृजन सम्मान से अलंकृत गीतकार जगदीश पंकज ने अपनी पंक्तियों "अपने में काट-छांट करते, कुछ ऐसा लगने लगा कि मैं, औरों को करने में प्रसन्न, अस्तित्व स्वयं का भूल गया" पर प्रशंसा बटोरी। ईश्वर सिंह तेवतिया ने अपने चिर-परिचित अंदाज में शोक काल के उत्सव में परिवर्तित होने को कुछ इस तरह बयान किया "शोक सभा के आयोजन में, सब कुछ है बस शोक नहीं है, शानो शौकत की नुमाइश में, रत्ती भर संकोच नहीं है, मातम है या फिर उत्सव है, पूछे कौन कौन बतलाए, मातम, मातम जैसा दीखे, इतना तक भी होश नहीं है...।" कार्यक्रम का संचालन 'जया" दीपाली जैन ने किया।

# जाति की जंजीरें: आजादी के बाद भी मानसिक गुलामी



–प्रियंका सौरभ

> "शिक्षा वह उपकरण है जो समाज को तर्कशील और न्यायप्रिय बनाता है। लेकिन भारत की शिक्षा व्यवस्था में तर्क और मानवाधिकार की शिक्षा बहुत सीमित है। हम बच्चों को विज्ञान पढ़ाते हैं, लेकिन उनकी सोच में वैज्ञानिक दृष्टिकोण नहीं भरते। हम उन्हें नैतिक शिक्षा देते हैं, लेकिन जातिवाद और सामाजिक न्याय के सवालों पर चुप रहते हैं। जब बच्चा स्कूल में यह देखता है कि उसके सहपाठी को चमार या भंगी कहा जा रहा है, जब शिक्षक ही छात्रों से जाति पूछते हैं, तो यह सोच उसकी चेतना में गहराई तक बैठ जाती है। यही बच्चा बड़ा होकर वही भेदभाव करता है, और एक बार फिर वह दुष्चक्र शुरू हो जाता है। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है, लेकिन जब बात जातिवाद या अंधविश्वास की आती है, तो उसका रुख या तो बेहद सतही होता है या पूरी तरह से चुप्पी ओढ़ लेता है"

**कैसे** लोग अंधभक्ति में बाबा की पेशाब को "प्रसाद" मानकर पी सकते हैं, लेकिन जाति के नाम पर दलित व्यक्ति के छूने मात्र से पानी अपवित्र मान लिया जाता है। इन समस्याओं की जड़ें धर्म, राजनीति, शिक्षा और मीडिया की भूमिका में छिपी हैं। शिक्षा में विवेक की कमी, मीडिया की चुप्पी, धर्मगुरुओं की मनमानी और जातिवादी मानसिकता समाज को पिछड़ेपन की ओर ढकेल रही है। यह सवाल उठाता है कि यदि आस्था किसी बाबा की पेशाब को पवित्र मान सकती है, तो एक दलित का पानी अपवित्र कैसे हो सकता है? भारत, जिसे आध्यात्मिकता और विविधता का देश कहा जाता है, अपने भीतर विरोधाभासों का एक ऐसा संसार छुपाए बैठा है जो कभी-कभी चौंका देता है। एक ओर हम विज्ञान, तकनीक, अंतरिक्ष और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर सामाजिक और सांस्कृतिक परतों में आज भी मध्ययुगीन सोच जड़ें जमाए बैठी है। एक ही समाज में ऐसे दृश्य देखने को मिलते हैं जहां लोग किसी बाबा के चरणामृत को अमृत मानकर पी जाते हैं, यहां तक कि गोमूत्र और गोबर को औषधि बताकर उसका सेवन करते हैं; और उसी समाज में एक दलित व्यक्ति के हाथ का पानी पीना पाप मान लिया जाता है। यही वह विडंबना है जिसे इस तीखे वाक्य ने पूरी ताकत से उजागर किया है–"आस्था पेशाब तक पिला देती है, जाति पानी तक नहीं पीने देती।" यह पंक्ति महज एक व्यंग्य नहीं, बल्कि भारतीय समाज की गहराई से जमी हुई दो बड़ी बीमारियों की पहचान है–एक है अंधविश्वास में डूबी आस्था और दूसरी है जातिगत भेदभाव। दोनों ही एक हद तक इंसानियत, तर्कशक्ति और समानता के मूल सिद्धांतों को चुनौती देते हैं।

**आस्था: श्रद्धा और मूर्खता के बीच की पतली रेखा**

आस्था किसी भी समाज की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रीढ़ होती है। यह इंसान को एक उद्देश्य देती है, उसे नैतिकता और आत्मबल प्रदान करती है। लेकिन जब यही आस्था तर्क, विज्ञान और मानवाधिकारों की सीमा लांघकर अंधश्रद्धा में बदल जाती है, तब वह खतरनाक रूप ले लेती है। भारत में ऐसे अनेक उदाहरण हैं जहां धर्मगुरुओं ने अपने अनुयायियों को गोमूत्र पीने, मल-मूत्र का सेवन करने, या स्वयं को भगवान घोषित कर देने जैसे कृत्य करवाए और लोग आंख मूंदकर उनका पालन करते रहे। एक बाबा द्वारा चमत्कारी जल के नाम पर अपनी पेशाब पिलाने की खबरें भी समय-समय पर सामने आती रही हैं। श्रद्धालु इसे आशीर्वाद मानकर पीते हैं, और मीडिया जब इन घटनाओं पर सवाल उठाती है, तो आरोप लगाया जाता है कि वह धर्म का अपमान कर रही है। यह कैसी आस्था है जो इंसान को अपनी सोच और विवेक को पूरी तरह त्यागने को विवश कर देती है? यह कैसी श्रद्धा है जो सवाल उठाने वालों को अपराधी बना देती है?

**जाति: एक आधुनिक समाज में मध्यकालीन सोच**

अब बात करें उस दूसरी बड़ी सामाजिक बीमारी की–जातिवाद की। भारत में जाति एक ऐसी संरचना है जो जन्म के आधार पर व्यक्ति की सामाजिक हैसियत, पेशा, अधिकार और यहां तक कि जीवन-मरण के अवसर भी तय करती है। भारतीय संविधान ने भले ही जातिवाद को गैरकानूनी घोषित कर दिया हो, लेकिन सामाजिक मानसिकता में इसकी जड़ें आज भी उतनी ही गहरी हैं। आज भी देश के कई हिस्सों में दलितों को मंदिरों में प्रवेश नहीं मिलता, उनके लिए अलग कुएं या नल होते हैं, स्कूलों में उनके बच्चों को अलग बैठाया जाता है, और उनके स्पर्श मात्र से वस्तुएं अपवित्र मानी जाती हैं। हाथ से मैला उठाने जैसी अमानवीय प्रथा आज भी समाप्त नहीं हुई है। ऐसे उदाहरण रोज सामने आते हैं जब दलित युवक को ऊंची जाति की लड़की से प्रेम करने के लिए मार दिया जाता है, या जब किसी गांव में सिर्फ इस वजह से उनके घरों में आग लगा दी जाती है कि उन्होंने मयार्दा लांघी। यह कितना त्रासद है कि वही समाज जो गोमूत्र को औषधि मान सकता है, वह एक इंसान के छूने मात्र से पानी को अपवित्र मानता है।

**विरोधाभास की जड़ें**

इस विरोधाभास की जड़ें कहीं और नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संरचना में छिपी हुई हैं। धर्म के नाम पर आस्था को हथियार बनाकर लोगों की सोच को नियंत्रित किया गया। धर्मग्रंथों की मनमानी व्याख्याओं के जरिए एक वर्ग को ऊंचा और दूसरे को नीचा साबित किया गया। जो सवाल उठाए, वह धर्म विरोधी करार दे दिया गया। राजनीति ने भी इस व्यवस्था को खूब पोषित किया। जातियों को वोट बैंक में बदल दिया गया। आरक्षण के नाम पर नफरत फैलाई गई, लेकिन जातिगत अत्याचार को खत्म करने के लिए न ठोस प्रयास किए गए, न इच्छाशक्ति दिखाई गई। आस्था के नाम पर जनता को भावनात्मक रूप से बांधा गया, और वैज्ञानिक सोच को पश्चिमी विचारधारा बताकर नकार दिया गया।

**शिक्षा और विवेक की कमी**

शिक्षा वह उपकरण है जो समाज को तर्कशील और न्यायप्रिय बनाता है। लेकिन भारत की शिक्षा व्यवस्था में तर्क और मानवाधिकार की शिक्षा बहुत सीमित है। हम बच्चों को विज्ञान पढ़ाते हैं, लेकिन उनकी सोच में वैज्ञानिक दृष्टिकोण नहीं भरते। हम उन्हें नैतिक शिक्षा देते हैं, लेकिन जातिवाद और सामाजिक न्याय के सवालों पर चुप रहते हैं। जब बच्चा स्कूल में यह देखता है कि उसके सहपाठी को चमार या भंगी कहा जा रहा है, जब शिक्षक ही छात्रों से जाति पूछते हैं, तो यह सोच उसकी चेतना में गहराई तक बैठ जाती है। यही बच्चा बड़ा होकर वही भेदभाव करता है, और एक बार फिर वह दुष्चक्र शुरू हो जाता है। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है, लेकिन जब बात जातिवाद या अंधविश्वास की आती है, तो उसका रुख या तो बेहद सतही होता है या पूरी तरह से चुप्पी ओढ़ लेता है। बाबाओं के चमत्कारों को वह मनोरंजन के नाम पर दिखाता है, लेकिन किसी दलित की हत्या पर सिर्फ दो मिनट की रिपोर्ट चलाकर बात खत्म कर देता है। वह जानबूझकर ऐसे मुद्दों से बचता है जो उसे किसी विशेष वर्ग से नाराज कर सकते हैं। वहीं समाज भी अपनी सुविधानुसार संवेदनशीलता चुनता है। गोमूत्र बेचने वाले को आधुनिक ऋषि कहा जाता है, लेकिन मैनहोल की सफाई करते मजदूर की मौत पर कोई आवाज नहीं उठती।

**क्या है समाधान?**

तर्कशील शिक्षा का विस्तार: स्कूलों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक न्याय पर आधारित पाठ्यक्रम को शामिल किया जाना चाहिए। बच्चों को बचपन से यह सिखाना जरूरी है कि आस्था का मतलब अंधश्रद्धा नहीं होता, और हर इंसान समान है। सख्त कानून और उनका क्रियान्वयन: जाति आधारित भेदभाव के खिलाफ बने कानूनों को सिर्फ कागज पर नहीं, जमीन पर भी लागू करना होगा। दोषियों को सजा मिले, तभी समाज में बदलाव संभव है। मीडिया की ज़िम्मेदारी: मीडिया को इस विषय पर ईमानदार विमर्श शुरू करना चाहिए। दलितों के मुद्दों, जातिगत अन्याय और अंधविश्वास के खिलाफ सशक्त रिपोर्टिंग जरूरी है। धार्मिक संस्थाओं में सुधार: धर्मगुरुओं को अपने अनुयायियों को विज्ञान और सामाजिक समानता का संदेश देना चाहिए। अगर धर्म में परिवर्तन नहीं होगा, तो समाज में भी नहीं होगा। सिविल सोसायटी और युवाओं की भागीदारी: सामाजिक संगठनों, छात्रों और जागरूक नागरिकों को इस व्यवस्था के खिलाफ मिलकर आवाज उठानी होगी।



# कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

## मौन हैं वो, पर उनके दर्द की आवाज अब गूंजनी चाहिए

**मनीषा जैन**

**क्या** आपने कभी मोर की आंखों में आँसू देखे हैं? या किसी घायल हिरण की कंपकंपाती सांसों को महसूस किया है?
क्या आपको पता है कि वह खरगोश, जो कभी बच्चों के खेल का साथी था आज किसी क्रूर शिकारी की भूख का शिकार बनता है? हैदराबाद के जंगलों में जो हो रहा है, वह सिर्फ जंगल की त्रासदी नहीं है यह हमारी इंसानियत की हार है।
वो मोर जो हमारा राष्ट्रीय पक्षी है, वो हाथी जो गणेशजी का वाहन है,
वो हिरण जो हर जंगल का सौंदर्य है, वो कुत्ता जो हमारी वफादारी का प्रतीक है, वो खरगोश जो मासूमियत की मिसाल है। वो गाय जो हम सबकी माता हे ये सब अब खतरे में हैं। शिकार, तस्करी, जहर, आग कितनी अमानवीयता और सहेंगे ये?
हम इंसान हैं, हम बोल सकते हैं, लड़ सकते हैं, सवाल उठा सकते हैं।
तो फिर सवाल यह है कि क्या हम इनके लिए खड़े होंगे? क्या हम इन बेज़ुबानों की जुबान बनेंगे "आओ, खामोशी नहीं करुणा चुनें।
उनके लिए बोलें, जिनके पास शब्द नहीं हैं।
जब गाय कटती है, मोर रोता है, हाथी घायल होता है तो इंसानियत भी मरती है। अब समय है- - अपनी संवेदनाओं को जगाने का।
- जंगलों की रक्षा में स्वर उठाने का।
- और हर उस मासूम प्राणी के लिए आवाज बनने का,जिसकी आंखें तो हैं, पर जुबान नहीं। एक मोर की चीख, एक हाथी का आँसू, एक खरगोश की दौड़... ये सब अब हमसे जवाब मांगते हैं। क्या हम जवाब देंगे? या फिर हमेशा चुप रहेंगे?
आओ, आवाज बने हम इन बेजुबानों की!
"वो चीख नहीं सकते, पर हम तो बोल सकते हैं!" प्रकृति ने हमें बुद्धि दी, भाषा दी, संवेदनाएँ दीं तो क्या यह हमारा कर्तव्य नहीं बनता कि हम उनकी रक्षा करें, जो कुछ कह नहीं सकते? हैदराबाद के जंगलों में हाल ही में जो अमानवीय क्रूरता हुई, उसने हमारी आत्मा को झकझोर दिया है। निरीह जानवरों पर हुए अत्याचार, उनके जीवन के साथ किया गया खिलवाड़, न केवल पशु-अधिकारों का हनन है, बल्कि हमारे समाज की नैतिकता पर भी सवाल है।
जंगल केवल पेड़ और जानवरों का घर नहीं है, वह इस धरती का फेफड़ा है, एक संतुलन है,और उन जीवों का अधिकार है जो इंसान से पहले वहां बसते थे।
जब हम इनका हक छीनते हैं, जब हम इनकी चीखों को अनसुना करते हैं, तब हम सिर्फ एक जानवर नहीं मारते हम इंसानियत की जड़ों को काटते हैं।
अब वक्त आ गया है कि हम केवल पर्यावरण दिवस पर भाषण न दें, बल्कि असल में बेजुबानों के लिए आवाज बनें। हम कानून से सख्त कार्रवाई की माँग करते हैं।
हम चाहते हैं कि जंगलों में सुरक्षा और संरक्षण की ठोस व्यवस्था हो। हम, एक संवेदनशील समाज की नींव बनना चाहते हैं।
आइए, खामोशी नहीं, करुणा चुनें।
उनके लिए बोलें, जिनके पास शब्द नहीं हैं।

# विचार

## राष्ट्रीय पेट दिवस: पशु-प्रेम, करुणा और जिम्मेदारी की

**डा मनमोहन प्रकाश**

11 अप्रैल को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय 'पेट दिवस' पालतू जानवरों के प्रति प्रेम, करुणा और जिम्मेदारी के निर्वहन की याद दिलाता है। इसका उद्देश्य पालतू जानवरों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके कल्याण को सुनिश्चित करना है। आज का मनुष्य काम, लक्ष्य और उपलब्धियों की दौड़ में एक मशीन बनता जा रहा है। शोध बताते हैं कि इस तेज रफ्तार, तनावपूर्ण और डिजिटल युग में किसी भी पेट ऐनिमल को घर में पालना स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभकारी हो सकता है। यह न केवल अकेलेपन में भावनात्मक सहारा देता है, बल्कि एक सच्चे साथी, अच्छे श्रोता और निस्वार्थ प्रेम करने वाले की कमी भी महसूस नहीं होने देता। अनुसंधानों से यह सिद्ध हुआ है कि पेट्स के साथ समय बिताने से तनाव कम होता है, रक्तचाप नियंत्रित रहता है, मन में सकारात्मकता बनी रहती है और जीवन प्रत्याशा में वृद्धि होती है। विशेषतः वृद्धावस्था में जब अकेलापन और निष्क्रियता एक गंभीर समस्या बनती जा रही है, ऐसे में पालतू जानवर वृद्धजनों के लिए संबल बन सकते हैं तथा उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में सहायक हो सकते हैं। पेट्स छोटे बच्चों के सामाजिक और भावनात्मक विकास में भी सहायक सिद्ध हुए हैं। देखा गया है कि पालतू जानवरों के साथ समय बिताने वाले बच्चों में न केवल दया, सहानुभूति और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है, बल्कि वे जीवों के प्रति प्रेम और देखभाल की आदत भी सीखते हैं। हालाँकि, यह जरूरी है कि छोटे बच्चों को पेट्स के साथ तब तक अकेला न छोड़ा जाए जब तक वे जानवर की प्रकृति को पूरी तरह समझ न लें। उन्हें सिखाया जाए कि जानवरों को प्यार से छूना चाहिए, उनकी पूंछ खींचना या झकझोरना उचित नहीं है। पालतू जानवर हमें प्रकृति से भी जोड़ते हैं। वे सिखाते हैं कि इस धरती पर हर प्राणी का समान अधिकार है और हमें उनके साथ सामंजस्य बनाकर चलना चाहिए। यह पर्यावरणीय चेतना के विकास की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। किन्तु किसी भी जानवर को पालने से पहले कुछ आवश्यक जानकारियाँ प्राप्त करना जरूरी है, जैसे–उसकी नस्ल क्या है? आयु कितनी है? उसके लिए उपयुक्त आहार क्या है, कितनी मात्रा में और कितनी बार देना चाहिए? कौन-से खाद्य पदार्थ उनके लिए हानिकारक हो सकते हैं (जैसे कुत्तों को चॉकलेट, प्याज, अंगूर आदि)? टीकाकरण कब कराना चाहिए? डी-वॉर्मिंग और एंटी-पैरासाइट ट्रीटमेंट कब देना चाहिए? किस स्थिति में और किस प्रकार के व्यवहार (जैसे–भोजन में रुचि न लेना, खेल में अरुचि, अकेले रहना, आदेश न मानना, आक्रामक हो जाना आदि) के आधार पर उसे पशु-चिकित्सक के पास ले जाना चाहिए? साथ ही, पालतू जानवर को जीवन के आरंभिक महीनों में किसी योग्य प्रशिक्षक से प्रशिक्षण दिलाना, भविष्य में पालक और पेट के बीच अच्छे संबंध के लिए अनिवार्य है।

आजकल सड़कों और मोहल्लों में आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ रही है और उनके काटने की घटनाएं भी। छोटे बच्चों को कई बार जान से हाथ धोना पड़ता है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं–समय पर नसबंदी और रेबीज का टीका न लगवाना, भूख और असुरक्षा, प्रजनन काल की स्वाभाविक आक्रामकता, मनुष्यों का उकसाने वाला या डराने वाला व्यवहार, अधिक भूख, शोरगुल, बीमारी, आदि। भोजन में उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन की कमी से सिरोटोनिन हार्मोन के स्तर में गिरावट आ सकती है, जो आक्रामकता का कारण बनता है। रंगीन जंक फूड या रसायनयुक्त भोजन से हाइपरएक्टिविटी और ऐग्रेसन बढ़ सकते हैं। अत्यधिक प्रोसेस्ड या डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ भी चिंता और अवसाद जैसी मानसिक स्थितियों को जन्म दे सकते हैं। इन दिनों कुछ लोग भविष्यवक्ताओं की सलाह पर ग्रह-निवारण हेतु आवारा कुत्तों को टोस्ट, बिस्किट, ब्रेड, मिठाई आदि खिलाते हैं। यह समझना आवश्यक है कि ये खाद्य पदार्थ कुत्तों का प्राकृतिक भोजन नहीं हैं और इनके सेवन से उनकी पाचन-शक्ति, व्यवहार और ऊर्जा स्तर पर विपरीत असर पड़ सकता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज (9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## आज के दौर में भगवान महावीर के विचारों की प्रासंगिकता

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**आज** का युग तकनीकी उन्नति, वैज्ञानिक प्रगति और भौतिक समृद्धि का प्रतीक बन चुका है। लेकिन इस विकास के शोरगुल में कहीं मनुष्य का नैतिक और आत्मिक पक्ष दबता जा रहा है। मनुष्य ने चाँद पर बस्तियाँ बसाने की तैयारी कर ली है, परंतु पृथ्वी पर जीवन की गरिमा और करुणा को बनाए रखना दिन-ब-दिन चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। ऐसे समय में भगवान महावीर के विचार न केवल मार्गदर्शक सिद्धांत हैं, बल्कि एक चेतावनी भी हैं झ कि अगर हमने आत्मनियंत्रण, अहिंसा और सहअस्तित्व की राह नहीं अपनाई, तो यह प्रगति भी विनाश का कारण बन सकती है।

**महावीर का जीवन: त्याग और तपस्या की मिसाल**

भगवान महावीर का जीवन ही उनके सिद्धांतों का जीवंत उदाहरण है। एक राजकुमार होकर भी उन्होंने भौतिक सुखों का त्याग कर सत्य की खोज में तपस्या का मार्ग चुना। उन्होंने आत्मा की शुद्धता, सत्य की अनुभूति और मोक्ष प्राप्ति के लिए कठोर साधना की। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि आत्मिक शांति बाहरी भौतिकताओं में नहीं, बल्कि आत्मानुशासन और करुणा में निहित है।

**अहिंसा: आज की सबसे बड़ी जरूरत**

महावीर स्वामी का सबसे महत्वपूर्ण संदेश था – अहिंसा परमो धर्मः। आज, जब समाज धार्मिक असहिष्णुता, जातीय हिंसा, लैंगिक अपराध, युद्धों और आतंकवाद की चपेट में है, तब यह संदेश एक प्रकाश स्तंभ की भाँति मार्गदर्शन करता है।

अहिंसा केवल शारीरिक हिंसा का विरोध नहीं, बल्कि विचारों, शब्दों और व्यवहार में भी करुणा का समावेश है।

आज सोशल मीडिया के माध्यम से फैलती नफरत, ट्रोलिंग, और वैचारिक कट्टरता के दौर में यदि हम महावीर की अहिंसा को अपनाएं, तो समाज में सहिष्णुता, संवाद और समझदारी को बढ़ावा मिल सकता है।

**अपरिग्रह: उपभोक्तावाद के विरुद्ध एक चेतावनी**

महावीर ने अपरिग्रह संग्रह की प्रवृत्ति से दूर रहने का उपदेश दिया। आज का उपभोक्तावादी समाज "और चाहिए" की मानसिकता में जकड़ा है।

## ज्योतिबा फुले आज भी प्रासंगिक हैं

**कृष्ण कुमार निर्माण**

**समाज** का सुधार सिर्फ भाषणों से,बहस से नहीं होता बल्कि यह घर से शुरू होता है और इसका रास्ता शिक्षा से होकर गुजरता है,साथ ही आंदोलन से भी क्योंकि बिना शिक्षा के मनुष्य पशु समान है लेकिन शिक्षा उसे मानिए जो आपको समाज हित में काम करने के लिए प्रेरित करे,अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करने का साहस प्रदान करे,वंचितों के हकों को आवाज उठाने की हिम्मत दे और महिलाओं के पक्ष में बोलने की सोच प्रदान करे अन्यथा पढ़े-लिखे होकर भी आप अपढ़ ही माने जाएंगे और स्वार्थी भी कहलायेंगे।निश्चित रूप से 1827 में जन्में एक ऐसे पुरोधा ने यह काम करके दिखाया और ऐसी परिस्थितयों में किया,जिन हालातों में आम व्यक्ति तो क्या कोई विशेष व्यक्ति भी काम करने से हिचकता है और ऐसे महामानव थे,जिन्हें महात्मा की उपाधि से अलंकृत किया गया---महात्मा ज्योतिराव फुले..फुले क्योंकि फूलों का काम करते थे और वास्तव में वही छाप उन्होंने छोड़ी?ज्योतिराव फुले एक समाज सुधारक थे जो भारत में हिंदू जाति व्यवस्था को बदलना चाहते थे।आज जो लोग भारत को एक विशेष राष्ट्र बनाने के लिए जोर दे रहे हैं,उन्हें एक बार जरूर ज्योतिबा फुले को पढ़ना चाहिए अन्यथा एक विशेष राष्ट्र की कल्पना का स्वप्न अधूरा ही रहेगा?इतना ही महिलाओं के लिए शिक्षा के द्वार इसी महात्मा ने खोलने का प्रयास किया और महिलाओं को समानता का अधिकार दिए जाने की पहल खुद के घर से की,जब अपनी ही पत्नी को खुद ही घर में पढ़ाकर देश की पहली महिला शिक्षिका होने का गौरव प्रदान किया।महात्मा ज्योतिबा फुले गरीब मजदूरों और महिलाओं सहित सभी लोगों के लिए समानता के पक्षधर थे।वह हिंदू जाति व्यवस्था के एक मजबूत आलोचक थे,एक ऐसा साधन जिसके द्वारा लोगों को उनके जन्म के सामाजिक समूह के अनुसार बांटता हो और मानवीय अधिकारों से वंचित करता हो,उसका विरोध होना ही चाहिए।दुर्भाग्य कि वह आज भी कायम है,शायद बहुत भयावह तरीके से।फुले ने जाति व्यवस्था के सबसे निचले स्तर पर रहने वाले लोगों के साथ होने वाले भेदभाव,अत्याचार की निंदा की।

# एसजेवीएन ने भूमि मुआवजे के रूप में 269.97 करोड़ रुपए जारी किए

**महत्वपूर्ण कदम**

**राज कुमार चौधरी ने कहा कि एसजेवीएन अरुणाचल प्रदेश के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है**




**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** अरुणाचल प्रदेश में जल विद्युत विकास में तीव्रता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एसजेवीएन ने दिबांग घाटी में 3097 मेगावाट की एटालिन जल विद्युत परियोजना के लिए भूमि मुआवजे के रूप में 269.97 करोड़ रुपए जारी किए हैं। अरुणाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री पेमा खांडू की अध्यक्षता में आज तवांग में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान, राज कुमार चौधरी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), एसजेवीएन ने बताया कि भूमि मुआवजे की राशि दिनांक 26 मार्च, 2025 को डीसी एंड डीएलआरएसओ, दिबांग घाटी के संयुक्त खाते में जमा कर दी गई है। समीक्षा बैठक में माननीय उपमुख्यमंत्री,चोवना मेन, मुख्य सचिव, अरुणाचल प्रदेश सरकार, मनीष कुमार गुप्ता, आयुक्त (विद्युत), सोनम चौम्बे, अरुणाचल प्रदेश सरकार के सलाहकार, एच.के. पालीवाल, सचिव (एलएम), अरुणाचल प्रदेश सरकार, ए.के. सिंह तथा राज्य सरकार और एसजेवीएन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

माननीय मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना की और परियोजना के सततशील विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक मंजूरियों में तीव्रता लाने हेतु राज्य सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बोलते हुए, राज कुमार चौधरी ने कहा कि एसजेवीएन अरुणाचल प्रदेश के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस मुआवजे की राशि को जारी करना राष्ट्र के संरचनात्मक ढांचे के विकास को सुनिश्चित करते हुए स्थानीय समुदायों के अधिकारों का सम्मान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एसजेवीएन ने अरुणाचल प्रदेश सरकार के साथ 3097 मेगावाट की एटालिन जलविद्युत परियोजना के साथ-साथ राज्य में कुल 5097 मेगावाट क्षमता की चार अन्य जलविद्युत परियोजनाओं के लिए दिनांक 12 अगस्त 2023 को समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए। यह परियोजनाएं दिबांग घाटी जिले में अवस्थित हैं तथा इनसे लगभग 60,000 करोड़ रुपए का संयुक्त निवेश होगा।

एटालिन लविद्युत परियोजना में दो बांधों एक ड्रि नदी पर और दूसरा तालो (टैंगोन) नदी के साथ भूमिगत विद्युत गृह कॉम्प्लेक्स के निर्माण की परिकल्पना की गई है। इस परियोजना की कमीशनिंग दिसंबर 2033 में निर्धारित है।

# न्यूनतम किराए की नोटिफिकेशन न होने पर निजी बस ऑपरेटर्स में आक्रोश

**ऐतराज**

**न्यूनतम किराया 10 से बढ़ाकर किया जाए 15 रुपये विधायकों की बढ़ी हुई सैलरी को भी किया जाए रोलबैक**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** हिमाचल प्रदेश निजी बस ऑपरेटर्स यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश पराशर ने हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा न्यूनतम किराए को 5 से 10 रुपए किए जाने और उसके बाद नोटिफिकेशन तक जारी नहीं करने पर ऐतराज जताया है।

वीरवार को इसी मुद्दे को लेकर निजी बस ऑपरेटर्स यूनियन के कार्यालय में बस ऑपरेटरों की महत्वपूर्ण बैठक का भी आयोजन किया गया। जबकि बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने इस मामले को लेकर प्रदेश सरकार से भी कुछ सवाल पूछे।

निजी बस ऑपरेटर्स यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश पराशर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने न्यूनतम बस किराया 5 से 10 रुपये करने का ऐलान किए 5 दिन हो गए हैं, लेकिन आज दिन तक इसकी नोटिफिकेशन जारी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सभी अधिकारी और कर्मचारी पंजाब के पैटर्न पर वेतन और भत्ते लागू करने की मांग करते हैं। यदि पंजाब में न्यूनतम बस किराए का पैटर्न देखा जाए तो उस कड़ी में हिमाचल प्रदेश बहुत पीछे छूट गया है। पंजाब के आधार पर ही तमाम योजनाओं को लागू करने के तहत हिमाचल प्रदेश में न्यूनतम बस किराए को 15 से 20 रुपए तक लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सार्वजनिक स्थलों पर टॉयलेट भी किसी ने जाना हो तो वहां पर भी 10 रुपये अदा करने पड़ते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### HPPCL में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार, राजनीतिक मिलीभगत से हो रही अनियमितताएं, सरकार ने मेरी सुनी होती तो जिंदा होते विमल नेगी, सीबीआई जांच होगी तो खुलेगीं बड़ी परतें

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड में पिछले कुछ समय से बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार व अनियमितताएं हो रही है जिसमें राजनीतिक लोगों की मिलीभगत भी है। पेखूवेला और शॉन्गटोंग पॉवर प्रोजेक्ट में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है जिसको लेकर सितंबर 2024 में सरकार को आगाह किया गया था अगर सरकार ने मेरी बात सुन ली होती तो विमल नेगी आज जिन्दा होते। यह बात शिमला में भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही।

बिक्रम सिंह ठाकुर ने कहा कि ऊना के पेखूवेला प्रोजेक्ट में 220 करोड़ लागत आई है जबकि उसके समान गुजरात में बने प्रोजेक्ट में 144 करोड़ लगा है। प्रति मेगावाट कॉस्ट भी 6.84 करोड़ प्रति आई है जबकि 4.90 करोड़ मेगा वाट लागत पूरे देश में निर्धारित है। इसी तरह 1724 करोड़ की लागत से शॉन्गटोंग प्रोजेक्ट बनना था लेकिन उसमें 2230 करोड़ खर्च हो चुके हैं लेकिन काम भी आधा ही हुआ है। दोनों प्रोजेक्ट्स में राजनीतिक मिलीभगत से भ्रष्टाचार हुआ है इसलिए सरकार हरिकेश मीणा और देश राज को बचाने में लगी है। सरकार सीबीआई जांच से भाग रही है क्योंकि जांच में बड़ी परतें खुलेगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से जब भी सीबीआई जांच की मांग करते हैं तो वह हल्की मानसिकता के साथ बात करते हैं जिससे लगता है कि उनका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। बिक्रम सिंह ठाकुर ने कहा कि दो साल से ॥क्कक्कष्टरु के अध्यक्ष भी वर्तमान मुख्य सचिव हैं शायद इसी लिए मुख्य सचिव को छह महीने का सेवा विस्तार भी मिला है। ॥क्कक्कष्टरु के अलावा अन्य विभागों में भी ऐसे ही हालात हैं।

### पेंशनर एसोसिएशन में पड़ी फूट, 6 पदाधिकारियों के निष्कासन पर बवाल, निष्कासित सदस्य बोले आत्माराम का कार्यकाल खत्म, निष्कासन का नहीं अधिकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन में फूट पड़ गई है। एसोसिएशन के छह पदाधिकारियों को बीते कल अध्यक्ष आत्मा राम शर्मा ने ऐलान किया जिसके बाद आज निष्कासित पदाधिकारी सामने आए और कहा कि आत्मा राम शर्मा का अध्यक्ष के तौर पर कार्यकाल 27 मार्च 2025 को खत्म हो गया है ऐसे में उन्हें सदस्यों को निष्कासित करने का अधिकार ही नहीं है।

आत्माराम शर्मा सरकार के पि्ू बनकर काम कर रहे हैं और अपने कार्यकाल में पेंशनरों के मुद्दों को सरकार के समक्ष उठाने में नाकाम रहे हैं। पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन शिमला ईकाई के अध्यक्ष मदन शर्मा ने कहा कि आत्मा राम शर्मा एसोसिएशन के केयर टेकर के रूप में काम कर रहे हैं। कार्यकाल पूरा होने से पहले उनको चुनाव करवाने चाहिए लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और अब असंवैधानिक निर्णय लें रहे हैं जिसको लेकर पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन शिमला ईकाई ने एक सप्ताह के भीतर जनरल हाउस बुलाया है जिसमें आत्मा राम शर्मा की सदस्यता रद्द करने का प्रस्ताव रखा जाएगा। इसके अलावा एसोसिएशन के कोष के पैसे में हेराफेरी के भी आत्मा राम शर्मा और कोषाध्यक्ष पर मदन शर्मा ने लगाए हैं और कहा है कि अगर सप्ताह के भीतर हिसाब किताब नहीं दिया गया तो उनके खिलाफ स्नढ्ढक्र की जाएगी।

# दहेज को लेकर पहले नवविवाहिता को पीटा, फिर निकाला घर से बाहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** जिला मुख्यालय के साथ लगते रक्कड़ की एक महिला ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड? के आरोप लगाए हैं। साथ ही पति पर मारपीट करने व घर से बाहर निकालने की शिकायत ऊना पुलिस को दी शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मेघना सिंह निवासी रक्कड़ ने बताया कि करीब चार माह पहले मेरी शादी सुमित गुलेरिया निवासी देहरा, जिला कांगड़ा के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही पति समेत ससुराल पक्ष दहेज को लेकर ताने मारने लगा। इतना ही नहीं दहेज को लेकर पति ने मारपीट भी करी। दहेज न देने पर वापिस मायके जाने की धमकी देता था। इतना ही नहीं करीब एक माह पहले घर से बाहर निकाल दिया। एएसपी ऊना सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के बाद पति समेत चार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कुल्लू अस्पताल में अत्याधुनिक बेरा टेस्ट सुविधा: डॉ. पवार

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू:** जिला कुल्लू के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नाग राज पवार ने बताया कि क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में अब अत्याधुनिक बेरा टेस्ट की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इस सुविधा के शुरू होने से अब श्रवण संबंधी समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को जांच के लिए शिमला स्थित आईजीएमसी या टांडा अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा डॉ. पवार ने बताया कि पहले ऐसे मरीजों को बाहरी संस्थानों में भेजा जाता था, जिससे उन्हें यात्रा की कठिनाइयों, समय की बबार्दी और आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ता था। अब यह



सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने से मरीजों को बड़ा राहत मिली है।

पूर्व में अस्पताल में केवल पीटीए टेस्ट ही उपलब्ध था, जो श्रवण क्षमता की सटीक जांच के लिए पर्याप्त नहीं था। बेरा मशीन की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। यह मशीन अक्टूबर 2024 में सरकार एवं स्थानीय विधायक श्री सुंदर सिंह ठाकुर के सहयोग से स्थापित की गई। इसे साम्फिया एवं क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के संयुक्त तत्वावधान में संचालित जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र में लगाया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में दिव्यांगता शिविरों के दौरान कई मरीजों को श्रवण जांच के लिए अन्य संस्थानों में भेजना पड़ता था, जिससे उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था। अब यह सुविधा कुल्लू में ही उपलब्ध है, जिससे उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता नहीं रही।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अक्टूबर 2024 से अब तक लगभग 130 मरीजों की बेरा जांच की जा चुकी है, जिनमें बच्चे और बुजुर्ग दोनों शामिल हैं। यह सुविधा विशेष रूप से बच्चों में श्रवण दोष की शीघ्र पहचान और उपचार में सहायक सिद्ध हो रही है।

# तनोह के रियांश शर्मा ने एनएमएमएस परीक्षा की उत्तीर्ण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** राजकीय उच्च विद्यालय तनोह के छात्र रियांश शर्मा सपुत्र विनोद कुमार ने राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवति, एनएमएमएस की परीक्षा उत्तीर्ण की है। यह उपलब्धि हासिल कर छात्र ने अपने गांव और विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा के तहत अब विद्यार्थी को कक्षा 12वीं तक हर वर्ष 12000 रुपए की छात्रवृति प्राप्त होगी। इसी के



साथ कक्षा 10वीं की छात्रा अकांक्षा सपुत्री स्वर्गीय अशोक कुमार ने इंस्पायर अवार्ड में 10,000 रुपए प्राप्त किए। जोकि विद्यालय और क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्याध्यापक तिलक राज धीमान व एसएमसी प्रधान अशीष कुमार ने बच्चों को इस सफलता के लिए शुभ कामनाएं दी हैं। इस मौके पर स्टाफ सदस्यों में रेणु शर्मा, अनुपम, रोशनी देवी, श्वेता कुमारी, विजय कुमारी, जोगिंद्र कुमार, राजेश कुमार व पंकज कुमार मौजूद रहे।

# अग्निवीर भर्ती के लिए अभ्यर्थी 25 अप्रैल तक कर सकेंगे आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में ऑनलाइन पंजीकरण करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 25 अप्रैल कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट ज्वाइनइंडियनआर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पर 25 अप्रैल तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

# बाल विवाह करवाने या बढावा देने में सहायक व्यक्तियों को हो सकती है दो साल तक की सजा: स्वाति



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने कहा कि बाल विवाह को रोकने के लिए समाज में जागृति लाने की जरूरत है। वह बाल विवाह को रोकने व बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता कर रही थी बैठक में उन्होंने बताया कि बाल विवाह को रोकने व उसके कानूनी प्रावधानों के कार्यान्वयन के साथ-साथ समाज में जागृति लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत 18 वर्ष के कम आयु की लडकी और 21 वर्ष से कम आयु के लडके को नाबालिग माना जाता है। नाबालिगों द्वारा किया गया विवाह गंभीर और गैर जमानती अपराध है। साथ ही विवाह अमान्य होने पर विवाह के समय दूसरे पक्ष की ओर से प्राप्त उपहारों, गहनों व धनराशि इत्यादि को भी वापिस करना होता है।

उन्होंने बताया कि बाल विवाह होने की सूरत में सम्बंधित अभिभावकों, संलिप्त मैरिज हाल, पंडित, मौलवी, अभिभावकों, बैंड वाले, टेंट वाले, डीजे और कैटर्स भी अपराधी की श्रेणी में आते हैं। उन्होंने बताया कि बाल विवाह करवाने या बढ़ावा देने में सहायक व्यक्तियों को दो साल तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुमार्ना या दोनों हों सकते हैं। बाल विवाह के आयोजन से संबंधित जानकारी, जिलाधिकारी, उपमण्डलाधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ), नजदीकी पुलिस थाना को देने या फिर पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 व 1090 पर सूचित करने के लिए कहा ताकि तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित हो सके। बाल विवाह की आशंका को देखते हुए लडका-लडकी के बालिग होने की पुष्टि हेतू उनके जन्म तिथि से संबंधित कागजात देखने के लिए कहा। एसडीएम ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, पुजारियों, कैटरिंग, टेंट व डीजे वालों का आह्वान किया कि यदि उनके ध्यान में बाल विवाह होने की बात सामने आए तो इसकी तुरंत सूचना अधिकारियों को देकर बाल विवाह जैसी बुराई को जड़ से समाप्त करने में सहयोग प्रदान करें।

# धूमल के जन्मदिवस पर भंडारे ब रक्तदान शिविर का आयोजन

**जन्मदिवस**

**इस मौके.पर देशी घी की जलेबियों का भंडारा व महिलाओं द्वारा भक्ति संगीत का आयोजन भी किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** प्रो. प्रेम कुमार धूमल जी के जन्मदिवस पर मंडल समीरपुर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजनकिया गया इस मौके.पर देशी घी की जलेबियों का भंडारा व




महिलाओं द्वारा भक्ति संगीत का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर पूरे प्रदेश भर से कई नेताओं और कार्यकताओं का जमावडा सुबह से ही समीरपुर में लगा रहा।

इस अवसर पर भाजपा मंडल समीरपुर ने 50 यूनिट रक्तदान किया । इस अवसर पर समीरपुर मंडल के अध्यक्ष अभयवीर लवली, महामंत्री संजीव रिंटू, कैप्टन हिटलर ठाकुर, कैप्टन प्यार चंद, अनुज ,अनिल ,चमन, अनीश ठाकुर व युवा मोर्चा के अध्यक्ष मनोज सहित कई युवाओं ने भाग लिया ।

# विधायक विवेक शर्मा ने थानाकलां में नए भवन का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** राज्य सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए इस वर्ष 5,280 करोड़ रुपये खर्च करने का निर्णय लिया है। यह राशि सरकारी स्कूलों को हर सुविधा से सुसज्जित करने, अधोसंरचना सुधारने और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए खर्च की जाएगी। यह बात कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने थानाकलां स्थित राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में दस लाख की लागत से बने नए भवन का उद्घाटन करने के उपरांत कही।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि



कुटलैहड़ क्षेत्र के हर सरकारी स्कूल को मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा कुल 254 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इस धनराशि से न केवल विद्यालय भवनों का नवनिर्माण और मरम्मत कार्य किया जा रहा है, बल्कि विद्यालयों में आवश्यक संसाधनों की भी पूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि किसी भी छात्र को शिक्षा के लिए संसाधनों की कमी न झेलनी पड़े। इसके लिए स्कूलों में स्मार्ट क्लासेज, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं और साफ-सुथरे शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही शिक्षकों की नियुक्ति में तेजी लाई जा रही है ताकि छात्रों को सभी विषयों की पढ़ाई सुचारु रूप से मिल सके। विधायक विवेक शर्मा ने कहा शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुटलैहड़ के स्कूलों में खेल मैदान भी बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल भी उतने ही आवश्यक हैं। इसीलिए हम हर स्कूल में खेल की सुविधाएं विकसित करने पर काम कर रहे हैं। विवेक शर्मा ने कहा कि शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। खासकर ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में स्कूलों को सशक्त करने की दिशा में यह प्रयास सराहनीय हैं। यह उम्मीद की जा रही है कि इन कदमों से सरकारी स्कूलों में बच्चों का नामांकन बढ़ेगा और शिक्षा का स्तर भी ऊंचा उठेगा। इस मौके पर एसडीएम बंगाणा अमित कुमार, खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार, राम आसरा शर्मा व देसराज मोदगिल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जनता के लिए परेशानी का सबब बनी सुक्खू सरकार: विक्की सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** कांग्रेस सरकार जनता के लिए दुख की सरकार बन गई है। अस्पतालों में पर्ची के नाम पर 10 रुपए की फीस लेने व न्यूनतम बस किराये में बढोतरी कर जनता पर महंगाई थोपने का काम किया जा रहा है। यह बात भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला ऊना मीडिया संयोजक विक्की सैनी ने गुरुवार को जारी प्रेस बयान में कहीं। विक्की सैनी ने कहा कि सरकार के नुमाइंदे जनता पर महंगाई का बोझ लादने



के नाम पर जो तर्क दे रहे है, वह हास्यस्पद है। कांग्रेस नेता कह रहे है कि लोगों के पास 5 रुपए छुटटे नहीं होते है, इसलिए न्यूनतम किराया बढ़ाकर 10 रुपए किया गया है। वहीं सरकारी अस्पतालों में इलाज करवाने वाले लोग अपनी पर्ची खो देते है, इसी के चलते पर्ची चार्ज 10 रुपए लगाया जाएगा। सैनी ने कहा कि चुनाव से पहले तो सरकार ने लोगों से लुभावने वायदे किए थे। लेकिन अब उल्टा पूर्व भाजपा सरकार के समय शुरू हुई योजनाओं को बंद कर जनता की परेशानी बढ़ा रही है। महिलाएं 15 सौ रुपए का इंतजार कर रही है। जनता सरकार से दुखी है और आने वाले पंचायती राज चुनावों में जनता इन्हें करारा सबक सिखाएगी।

# प्रदेश के लिए कल्याणकारी योजनाएं तैयार की जा रही: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/लाडवा :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार आमजन मानस को सहुलियत देने के लिए 24 घंटे कार्य कर रही है। इस देश व प्रदेश में समाज के अंतिम व्यक्ति की समस्या और सोच को जहन में रखकर जनकल्याणकारी योजनाएं तैयार की जा रही है। इन योजनाओं से समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान हो रहा है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को देर सायं लाडवा के एक निजी पैलेस में भाजपा की तरफ से आयोजित सक्रिय सदस्यता अभियान कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सांसद नवीन जिंदल, भाजपा के जिला अध्यक्ष तजेन्द्र सिंह गोल्डी, भाजपा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, हरियाणा पशुधन विकास निगम के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, प्रदेश सचिव राहुल राणा ने भारत माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए और दीप शिखा प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा हल्का के कार्यकर्ताओं व आमजन के मन की बात को सुना। इस दौरान लोगों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्याएं भी रखी,मुख्यमंत्री ने कहा कि एक-एक व्यक्ति की समस्या का समाधान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केन्द्र और प्रदेश की तमाम योजनाओं को सक्रिय भाजपा कार्यकताओं के समक्ष रखा और कहा कि सरकार की एक-एक योजना समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सक्रिय कार्यकर्ता का मुख्य दायित्व है। इस प्रदेश में जिस प्रकार भाजपा कार्यकताओं ने अपने संघर्ष से ट्रिपल इंजन की सरकार को बनाया है,ठीक



उसी प्रकार इस ट्रिपल इंजन की सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय कार्यकर्ता अपनी अहम भूमिका अदा करेंगे। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रदेशवासियों को करोड़ों रुपए की सौगात देने के लिए हरियाणा में आ रहे है। प्रधानमंत्री हिसार में एयरपोर्ट का उदघाटन और यमुनानगर में 800 मैगावाट के थर्मल प्लांट का शिलान्यास सहित अनेक परियोजनाओं की सौगात देंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सबका साथ सबका विकास और हरियाणा एक हरियाणवी एक की नीति को आधार बना कर ट्रिपल इंजन की सरकार तीन गुणा तेज गति के साथ विकास कार्य करवाएंगी। इस प्रदेश के सभी हल्कों में छोटी और बड़ी परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा

**जनहित**

**▶▶ ट्रिपल इंजन की सरकार तीन गुणा तेज गति के साथ विकास कार्य करवाएंगी: सीएम सैनी**

पूरा खाका भी तैयार कर लिया गया है। इस प्रदेश के हर व्यक्ति को खुशहाल बनाने की सोच लेकर सरकार आगे बढ़ रही है। इसके साथ ही आमजन की एक-एक समस्या को तब्बजो देकर सरकार समाधान कर रही है। इस सरकार के कार्यकाल में आमजन को अपनी समस्या लेकर चंडीगढ ना आना पडे इसके लिए जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर सप्ताह में 2 दिन समाधान शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है। भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में सांसद नवीन जिंदल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा आज विश्व का सबसे मजबूत संगठन है और एक-एक कार्यकर्ता सक्रिय रूप से अपनी भूमिका अदा कर रहा है। भाजपा के जिला अध्यक्ष तजेन्द्र सिंह गोल्डी ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में सक्रिय कार्यकताओं ने चुनावों में खूब संघर्ष किया। इस संघर्ष ने एक नए इतिहास को जन्म दिया और प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनी है। इस मौके पर नगरपालिका की अध्यक्षा साक्षी खुराना, मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, मंडल अध्यक्ष लाडवा शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष बाबैन विकास जालखेडी, गुढा से नरेन्द्र दबखेडा, पिपली से अमरेन्द्र सिंह,महामंत्री जसविन्द्र सिंह सैनी, डा. गणेश दत्त, प्रदीप सहगल, अनिल गुप्ता,सोहन लाल रामगढ रोड, सतप्रकाश शर्मा आदि उपस्थित थे।

## भव्य श्री श्याम द्वादश संकीर्तन एवं विशाल भंडारा आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.),कुरुक्षेत्र द्वारा खाटू धाम मंदिर में बुधवार रात्रि भव्य श्री श्याम संकीर्तन एवं विशाल भंडारा आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और सचिव अटल शर्मा ने बताया कि द्वादश के उपलक्ष्य में हुए इस संकीर्तन में समिति सदस्यों, यजमानों और सहयोगियों ने श्याम पूजन किया। संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर भव्य श्याम दरबार के दर्शन किए। श्याम दरबार की आभा देखते ही बन रही थी। पुष्प श्रृंगार और इत्र की खुशबू से वातावरण महक उठा। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में तीन गायकों लखबीर सिंह लक्खा,हर्ष गोयल और सतपाल खुराना ने श्याम भजनों की झड़ी लगाई जिनमें तू किरपा कर बाबा,कीर्तन करवाऊंगा..., दरबार अनोखा,सरकार अनोखी खाटू वाले की हर बात अनोखी..., देर न करों न करों इंतजार श्याम जी के चरणों से कर ले तू प्यार..., शायद मेरे बाबा को ख्याल हमारा आया है इसलिए बाबा ने हमें कीर्तन में बुलाया है... और जिसकी चौखट पे झुकता ये

**संकीर्तन**

**▶▶ संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर भव्य श्याम दरबार के दर्शन किए**

संसार है उस चौखट के हम सेवादार हैं... इत्यादि भजन सराहे गए। देर रात्रि तक चले भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। समिति पदाधिकारियों ने श्याम भक्तों से निवेदन किया कि मंदिर विस्तार हेतु करवाए जा रहे निर्माण कार्य में सभी तन- मन- धन से सहयोग करें। संकीर्तन में श्याम भक्तों ने बारी-बारी से चंवर सेवा की। संकीर्तन के पश्चात आरती हुई और आरती के बाद श्याम जी का पुष्प श्रृंगार भक्तों को प्रदान किया गया,मान्यता है कि पुष्प श्रृंगार से सभी बाधाएँ दूर होती हैं। संकीर्तन के साथ-साथ विशाल भंडारा चलता रहा जिसमें श्याम भक्तों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। समिति पदाधिकारियों ने श्याम भक्तों से निवेदन किया कि श्याम मंदिर में लगातार मंदिर विस्तार,भंडारा,संकीर्तन आदि धार्मिक व जन सेवा कार्य होते रहते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### भगवान महावीर जयंती पर जैन मंदिर में भव्य कार्यक्रम आयोजित



गन्नौर । भगवान महावीर जयंती के अवसर पर वीरवार को जैन मंदिर गन्नौर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर को सुंदर रूप से सजाया गया और श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में डिंपी मल्होत्रा और अंकित मल्होत्रा शामिल हुए। कार्यक्रम में जैन समाज के लोगों सहित अनेक गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। मंच संचालन की जिम्मेदारी अनिल जैन ने बखूबी निभाई। इस मौके पर भगवान महावीर के जीवन और उपदेशों पर प्रकाश डाला गया तथा श्रद्धालुओं के लिए मनमोहक झांकियों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। सभी ने भगवान महावीर के अहिंसा और सत्य के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

### भारतीय किसान यूनियन की बैठक में उठी किसानों की समस्याएं



**गन्नौर।** भारतीय किसान यूनियन (अ) की मासिक बैठक वीरवार को खेड़ी रोड स्थित जाट धर्मशाला में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जयभगवान मलिक ने की। बैठक में किसानों व जनहित की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और समाधान की मांग उठाई गई। किसानों ने बताया कि पुगथला अनाज मंडी में बिजली, पानी व शौचालय की समस्या बनी हुई है। जिससे किसानों को परेशानी हो रही है। उन्होंने खरीदी जा चुकी फसल का उठान भी साथ साथ उठाये जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि गन्नौर पानी सप्लाई की लाइन जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा दबाई जा रही है। ठेकेदार द्वारा गलियों को उखाड़ कर छोड़ दिया जा रहा है। जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। लोक निर्माण विभाग द्वारा राजलूगढ़ी से भोगीपुर की तरफ जा रही सड़क पर पुरानी टाइल लगाई जा रही हैं, जिसकी जांच की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि लल्हेड़ी गांव में दूषित पानी की सप्लाई हो रही है जिससे बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। यूनियन ने प्रशासन से इन सभी समस्याओं का जल्द समाधान की मांग की है। इसके अलावा 23 अप्रैल को लखनऊ में बुलाई गई किसान यूनियन की महापंचायत की तैयारी को लेकर भी चर्चा हुई और किसानों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का न्योता दिया। इस मौके पर राजेंद्र, रोहतास, वेदपाल, जगबीर, कंवरपाल, रंगलाल, विनोद सहित अन्य मौजूद रहे।

### सीएम से मिलकर की अंसल को निगम में शामिल करने की मांग



**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** पिछले कुछ दिनों से अंसल कालोनी को नगर निगम में शामिल करने की माँग की जा रही है । यह माँग बिजली संघर्ष के दौरान बहुत जोर शोर से उठी थी तथा प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के प्रयासों से धरने के समय नगर निगम में अंसल सिटी को शामिल करने का प्रस्ताव पास करके फाइल को मुख्यमंत्री कार्यालय में भिजवा गया था। हालांकि चुनाव आदि की व्यस्तता के कारण यह फाइल आगे नहीं बढ़ सकी। वहीं पिछले दिनों अंसल वासियों ने अपनी वही मांग पुन: दोहराई तो प्रयास करके नगर निगम से पुराने दस्तावेज निकलवाये तथा नई एप्लीकेशन के साथ प्रभावी ढंग से अपनी नगर मिगम में शामिल होने की

## ह्यूमन वेलफेयर क्रेडिट एंड थ्रिप्ट कोऑपरेटिव सोसायटी की ब्रांच का हैड गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
पानीपत पुलिस ने ह्यूमन वेल्फेयर क्रेडिट एंड थ्रिप्ट कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड द्वारा निवेशकों से निवेश करने पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर ठगी करने मामले में सोसायटी की पानीपत की सभी ब्रांच के हैड एवं मुख्य आरोपियों में एक आरोपी बिजेंद्र निवासी माच्छरौली को गिरफ्तार किया। जिला के विभिन्न थाना में सोयायटी के निदेशकों से लेकर एजेंट तक के खिलाफ धोखाधड़ी करने की 8 एफआईआर दर्ज है। मामलों में अभी यह तीसरी गिरफ्तारी है। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने बताया कि गत दिनों विभिन्न फरियादियों



ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पेश होकर उक्त सोसायटी के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायतें दी थी। उक्त सभी शिकायतों की जांच स्पेशल डिटेक्टिव युनिट पुलिस टीम द्वारा कराई गई थी। जांच पश्चात संबंधित थाना में सोसायटी के अधिकारियों व एजेंटो के खिलाफ 8 अभियोग दर्ज कर जांच व आरोपियों की धरपकड़ की जिम्मेदारी स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी सब इंस्पेक्टर गुलशन व उनकी टीम को सौंपी गई थी। स्पेशल डिटेक्टिव युनिट पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए सोमवार को सोसायटी की पानीपत की सभी ब्रांच के हैड आरोपी बिजेंद्र निवासी माच्छरौली को गिरफ्तार कर मंगलवार को माननीय न्यायालय में पेश कर जहा से उसे 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ की गई। आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ उक्त सोसायटी के सीएमडी समीर अग्रवाल व अन्य ने वर्ष 2013 में आप्सन वन के नाम से एक कंपनी बनाई थी। कंपनी लोगों से एफडी व आरडी में मोटे मुनाफे का झांसा देकर निवेश कराती थी। जो पानीपत में कंपनी ने पहला ऑफिस संजय चौक पर खोला था। वर्ष 2013 में वह भी कंपनी में एजेंट के रूप में काम करने लगा और उसने काफी लोगों के पैसे निवेश कराए। बाद में कंपनी ने उसे पानीपत का हैड बना दिया। कंपनी के पास हरियाणा में काम करने का लाईसेंस नहीं था। कंपनी कई वर्षो तक बगैर लाईसेंस के चली।

वर्ष 2016 में कंपनी के डायरेक्टर ने ह्यूमन वेल्फेयर क्रेडिट एंड थ्रिप्ट कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड के नाम से लाईसेंस बनवा लिया। इसमें भी कंपनी को हरियाणा में काम करने का लाईसेंस नहीं मिला।

## पीएम हिसार में महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट का करेंगे उद्धाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई । विधायक** कृष्णा गहलावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश-प्रदेश लगातार विकास के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। इसी कड़ी में 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पावन जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिसार और यमुनानगर में हरियाणा प्रदेश को दो नए प्रोजेक्ट की सौगात देने पहुंचेंगे। उन्होंने हल्का के कार्यकर्ताओं व आमजन से आह्वान किया कि वे प्रदेश के जिला हिसार और यमुनानगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रमों में बढ़चढकर भागीदारी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करें और उनका



उत्साह बढ़ाएं।

उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताअड्डों व लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रमों का निमंत्रण देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के प्रयास से यमुनानगर में दीन बंधु चौधरी छोटू राम थर्मल पावर प्लांट की तीसरी यूनिट का शिलान्यास पीएम द्वारा किया जाएगा।

## कश्यप राजपूत पंजाबी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा भव्य मेला 13 व 14 को

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अंबाला शहर देवी नगर स्थित कश्यप राजपूत पंजाबी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा भव्य 50 वां मेला समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह भव्य मेला 12 और 13 अप्रैल को मनाया जा रहा है। सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप भारद्वाज कश्यप ने बताया कि यह मेल हमेशा की तरह आकर्षण का केंद्र रहेगा। यह मेला हर साल की तरह धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मेले में महायज्ञ विशाल जागरण भी होगा इस मेले में कश्यप राजपूत बिरादरी के सदस्य दूर-दूर से आएंगे। समिति




के अध्यक्ष अनूप भारद्वाज कश्यप ने बताया कि हम लोग स्वर्ण जयंती वार्षिक मेला मनाने जा रहे हैं। हम देवी नगर मंदिर प्रांगण में कश्यप समाज की तरफ से जिसमें हमारे 44 गोत्रों के अलग-अलग मंदिर हैं और सभी जो कश्यप समाज के हमारे जो भी लोग हैं पूरे देश भर से यहां आते हैं अपने मंदिरों में माता टेकते हैं और महामाई का गुणगान सुनने आते हैं। पूरी रात यह जागरण चलता है। 12 अप्रैल शनिवार को यह जागरण होगा।

### आज मनाई जाएगी महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती

**पानीपत , (कमाल हुसैन )**
वंचितों,शोषितों, पिछड़ों के उत्थान के लिए संघर्षरत रहे महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती कल सी आर हाई स्कूल, सौदापुर में महात्मा ज्योतिबा फूले जन कल्याण समिति के तत्वावधान में मनाई जाएगी। यह जानकारी देते हुए समिति सचिव दलबीर आर्य ने बताया कि कार्यक्रम में छात्रों द्वारा महात्मा फूले के जीवन पर भाषण प्रतियोगिता होगी। कार्यक्रम की मुख्यातिथि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता रहेंगी। आर्य ने बताया कि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता सुरेश सैनी एवं एक राष्ट्र एक चुनाव समिति के कुरुक्षेत्र विभाग संयोजक डॉ राजबीर आर्य रहेंगे।

## विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगा राई हल्का : कृष्णा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई ।** राई हल्का की विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश विकास की नई बुलंदियां छू रहा है। उन्होंने कहा कि विकास की इस गौरव गाथा में राई हल्का भी पीछे नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अथक प्रयास करते हुए राई हल्का में मुरथल से बख्तावरपुर व गढ़ी बख्तावरपुर से यमुना बांध सडकों की मरम्मत व चौडीकरण के लिए सरकार से लगभग 4.50 करोड़ रूपए मंजूर करवाएं हैं, जिससे क्षेत्र के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिलेगी और यातायात सुविधा सुलभ होगी। उन्होंने कहा कि गांव खेवड़ा में लगभग 5 करोड़ रूपए की लागत से



आईटीआई निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है तथा शीघ्र ही इसके निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। भविष्य में राई हल्का विकास की राह पर और तेजी से आगे बढ़ेगा। पार्टी कार्यकर्ताओं जसपाल आंतिल, नरेन्द्र वर्मा खेवड़ा, शोवेंदर (ढीला) खेवड़ा, मोनू आंतिल, शेखर आंतिल मंडल अध्यक्ष, दीपांशु बिंद्रोली, मनीष आंतिल, संजीत सबोली, अजीत बख्तावरपुर, तीर्थ गढ़ी, सुनील उर्फ शीलू मेहन्दीपुर, अमरजीत मेहन्दीपुर,

**विकास पथ**

**▶▶ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश विकास की नई बुलंदियां छू रहा है**

शीला छतेरा, ओमप्रकाश गढ़ी बाला, विक्रांत चौहान, अमित नाहरा, सत्यनारायण मास्टर जी, अनिल आंतिल, जे पी रेवली, नीरज रेवली, सत्येंद्र मलिकपुर, प्रमोद असावरपुर, कृष्ण छतेरा ने विधायक कृष्णा गहलावत से कैंप कार्यालय में मुलाकात करते हुए राई हल्का को विकास की नई सौगात दिलाने के लिए आभार व्यक्त किया।

## शहीद उधम सिंह चौक से मेरठ रोड तक ग्रीन बेल्ट का होगा सुदृढ़ीकरण : डा. वैशाली शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर के बाहरी इलाके से गुजरती शहीद उधम सिंह चौक से मेरठ रोड टी-पाँयट तक ग्रीन बेल्ट, स्मार्ट रोड की तर्ज पर विकसित होगी। अगले सप्ताह इस कार्य के लिए वर्क ऑर्डर जारी कर दिया जाएगा। इस सडक के बनने से वाहन चालकों का आवागमन सुगम व सुरक्षित होगा।

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि सडक के निर्माण के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई थी, जिसके खुलने के बाद तकनीकी मूल्यांकन कर इसे वित्तीय स्वीकृति के लिए निदेशालय भेजा गया। उन्होंने बताया कि अब इसकी वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी है, शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय से इसका पत्र जारी होते ही चयनित एजेंसी को कार्य आदेश (वर्क ऑर्डर) जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि करीब 4.6 किलोमीटर लंबी सडक के सुदृढ़ीकरण कार्य पर अनुमानित 11 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। यह कार्य करनाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड के डिपोजिट वर्क के तहत नगर निगम द्वारा करवाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सडक का निर्माण मेरठ रोड़ ग्रीन बेल्ट टी-पाँयट से शुरू कर सांई बाबा मंदिर चौक, नूर महल चौक, सामुदायिक केन्द्र सैक्टर-9 एवं मार्किट एरिया से होते हुए शहीद उधम सिंह चौक तक किया जाएगा।

## कुराड में खुले प्राइवेट स्कूल की बीईओ टीम ने करवाई छुट्टी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** हरियाणा सरकार और जिला प्रशासन के स्पष्ट आदेशों के बावजूद गन्नौर में महावीर जयंती पर कई निजी स्कूल खुले रहे। वही कुराड गांव में जिला शिक्षा अधिकारी को गीता हाई स्कूल खुले होने की शिकायत मिली, जिस पर कार्रवाई करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने गन्नौर के खंड शिक्षा अधिकारी को जांच के आदेश दिए उसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय की टीम स्कूल में पहुंची और स्कूल की छुट्टी करवाई । खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि स्कूल को कारण बताओं नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा और कार्रवाई की जाएगी । गीता स्कूल के संचालक से इस बारे में बात करने



का प्रयास किया तो उनसे बात नहीं हो पाई । प्रशासन ने पहले ही आदेश जारी कर रखे है कि सरकारी छुट्?टी पर यदि कोई स्कूल खुला पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। लेकिन इसके बावजूद कई स्कूलों ने इन निदेर्शों की अनदेखी की। वही सरकारी अवकाश पर स्कूलों द्वारा छुट्टी न करने पर प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने सख्त कार्रवाई करने की भी बात कही है। वीरवार को भी महावीर जयंती पर सभी सरकारी और निजी स्कूल बंद करने के आदेश जारी थे। लेकिन एक बार फिर सरकार और प्रशासन

**जवाब तलब**

**▶▶ खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि स्कूल को कारण बताओं नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा**

के नियमों को दरकिनार करके निजी स्कूल खुले हुए थे। इसका कारण माना जा रहा है कि प्रशासन की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। जिसके चलते बार-बार स्कूल संचालक मनमानी करते हैं। इन स्कूलों के खिलाफ शिकायतें शिक्षा विभाग के अधिकारी भी केवल चेतावनी देकर मामला रफा-दफा कर देते है। प्रशासन, शिक्षा विभाग की लापरवाही या मिलीभगत प्रशासन के आदेशों के बावजूद स्कूलों का खुले रहना कई सवाल खड़े करता है। क्या प्रशासन व शिक्षा विभाग इस मामले में गंभीर है, या फिर यह मिलीभगत का नतीजा है? अब देखना होगा कि सरकार और प्रशासन इस पर क्या कदम उठाते हैं। खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह दहिया ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी के पास स्कूल खुले होने की शिकायत मिली थी उसके बाद उन्हें जांच के आदेश दिए। स्कूल में टीम को भिजवाकर बच्चों की छुट्टी तो कर दी थी लेकिन आज कार्यालय का अवकाश होने के कारण स्कूल को नोटिस नहीं दिया गया। कल स्कूल को कार्रवाई करते हुए एक

## हथियार सहित खरखौदा में अलग-अलग जगह से किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**पुलिस** पीआरओ विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर खरखौदा के रोहतक रोड बाईपास पर सवारी के इंतजार में खड़े एक युवक को हथियार सहित काबू किया गया हैं। गिरफ्तार युवक गगन उर्फ गग्गी खुराना वासी वार्ड नम्बर 4 गाधी नगर नजदीक मातू राम कम्यूनिटी सैन्टर रोहतक बतलाया। गगन के पास से एक पिस्तौल देशी 315 बोर व एक जिंदा रौंद बरामद हुआ। वही दूसरे मामले में अनुज वासी रिढाऊ जिला सोनीपत



को गिरफ्तार किया गया है। अनुज को गावँ फरमाणा झसिसाना रौड पर रिढाऊ मौड के पास से गिरफ्तार किया गया हैं। गिरफ्तार युवक से एक पिस्तोल देशी 32 बोर बरामद हुआ। वही तीसरे मामले में पुलिस द्वारा खरखौदा बाईपास सोनीपत रोड फ्लाई ओवर के पास सर्विस रोड से एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक का नाम रवि कुमार गांव असावरपुर जिला सोनीपत का रहने वाला है।

# रोहिणी: मानव सेवा संस्थान ने आयोजित किया नेत्र जांच शिविर





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के प्रसिद्ध संस्थान मानव सेवा संस्थान ट्रस्ट की ओर से दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-6 विश्राम चौक में सेंटर फॉर साइट हॉस्पिटल की ओर से 82वां फ्री आई चैकअप कैंप लगाया गया। कैंप में फ्री दवाइयां और चश्मे वितरण किए गए। आई चैकअप कैंप में लगभग 150 लोगों का फ्री चैकअप किया गया। इस आई चैकअप कैंप में मानव सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेंद्र यादव, नरेश सैनी, चेतन अग्रवाल, मनोज कंसल, विजय यादव, विनोद शर्मा, किशनलाल मदान, डॉ अनिल अग्रवाल, नीरज जैन, डॉ बजाज, जितेंद्र, सुरेन्द्र अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर विजेन्द्र यादव ने कहा कि मानव सेवा संस्थान के द्वारा समाज को जागरूक करने के लिए समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव ने आगे बताया कि आज दिल्ली के रोहिणी इलाके में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 150 लोगों के स्वास्थ्य की जांच सेंटर फॉर साइट हॉस्पिटल की ओर से की गई। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

## भाजपा के कार्यों से काफी खुश है दिल्ली की जनता: श्याम सुन्दर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी ने जो कहा है, वह करके दिखाया है, यही कारण है कि देश के लोग भारतीय जनता पार्टी के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है। उक्त बातें जिला केशवपुरम भाजपा एससी मोर्चा के उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर ने कही।
श्याम सुन्दर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी वादे की पक्की है, भाजपा जो भी वादे करती है, उसे पूरा करके दिखाती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि अब दिल्ली में भाजपा की सरकार है, अब दिल्ली में भी विकास होगा, दिल्ली की जनता को अब परेशान नहीं होना पडेगा। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने जो बजट पेश किया है, उससे दिल्ली के लोग काफी ज्यादा खुश है और भाजपा के कार्यों को सराह रहे है।

## सफाई व्यवस्था चरमराई हुई, इसके बावजूद कूड़ा प्रबंधन का यूजर टैक्स वसूलना अपनी जिम्मेदारी से भागना है: यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली वालों को सम्पति कर के साथ कूड़ा उठाने का यूजर चार्ज का अतिरिक्त टैक्स का बौझ सहना पड़ेगा, जिसमें भाजपा और आम आदमी पार्टी की मिलीभगत है। निगम आयुक्त के आदेश पर रिहायशी क्षेत्रों के मकान मालिकों को हर महीने 50-200 रुपये का यूजर चार्ज कूड़ा प्रबंधन के लिए दिल्ली नगर निगम को देना होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम कचरा प्रबंधन-2018 उपनियम के तहत इस यूजर चार्ज को 7 साल बाद आम आदमी पार्टी के निगम की सत्ता में होते हुए लागू किया है और आश्चर्य की बात है कि मेयर स्वयं इसका विरोध जता रहे है जबकि वे निगम के सर्वोच्च है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि यूजर चार्ज का सीधा बोझ सम्पति मालिकों पर पड़ेगा। रिहायशी सम्पति मालिकों को वार्षिक न्यूनमत 600 रुपये और अधिकतम 2400 रुपये सम्पत्ति कर के साथ देना होगा। 50 वर्गमीटर तक के मकान पर 50 रुपये प्रतिमाह, 50-200 वर्गमीटर के मकान पर 100 रुपये और 200 वर्गमीटर से अधिक वाले मकान पर 200 रुपये मासिक वसूला जाएगा। स्ट्रीट वेंडर से भी 100 रुपये मासिक यह अतिरिक्त टैक्स वसूला जाएगा। यूजर चार्ज पहले व्यवसायिक सम्पतियों से ही वसूला जाता था।
यह उपनियम पिछले 7 वर्षों से ठंडे बस्ते में पड़ा था अचानक 2025-26 में इसे लागू करके जनता पर दिल्ली की जनता पर अतिरिक्त बौझ डाला गया है, जबकि सच्चाई यह है कि दिल्ली में 80 प्रतिशत घरों से कूड़ा उठाया ही नही जा रहा।

## 'एक रोटी कम खाओं मगर बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये'



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जहांगीरपुरी के समाजसेवी जितेन्द्र ढीका ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए, जिससे की किसी भी गरीब व्यक्ति को परेशान न होना पड़े। उन्होंने आगे यह भी कहा कि हम सभी अभिभावको का कर्तव्य बनता है कि हम अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति और सभ्यता से अवगत कराये, जिससे की बच्चे भारतीय संस्कृति और सभ्यता को जान सके। उन्होंने आगे बताया कि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि एक रोटी भले ही कम खाओं मगर बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये, जिससे की बच्चे पढ़-लिख कर आगे बढ़े और देश और मां-बाप का नाम रोशन करें। उन्होंने आगे बताया कि सभी को हमेशा ही सत्य की राह पर चलना चाहिए।

## प्रत्येक लाभार्थी को 10 लाख तक की स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध होगी: पंकज





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा तथा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की शुरूआत के लिए भी एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुआ। विज्ञान भवन में आयोजित भव्य कार्यक्रम में पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। इसके तहत अब दिल्ली के नागरिक सूचीबद्ध अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। आयुष्मान योजना के तहत दिए जा रहे 5 लाख के स्वास्थ्य सुरक्षा के अतिरिक्त दिल्ली सरकार भी 5 लाख का टॉप-अप कवर प्रदान करेगी। इस तरह प्रत्येक लाभार्थी को कुल 10 लाख तक की स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध होगी, जो देशभर में एक मिसाल है। गौरतलब है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को लागू करने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और दिल्ली सरकार के बीच 5 अप्रैल को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे, और आज इस योजना के तहत लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए।
दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा अब बीमारी आर्थिक बोझ नहीं बनेगी, दिल्ली के नागरिक बेझिझक और बिना किसी बाधा के अपना इलाज करा सकेंगे, किसी भी सूचीबद्ध अस्पताल में यह सुविधा मिलेगी, जिससे इलाज की गुणवत्ता और पहुंच दोनों सुनिश्चित होंगी।
यह योजना न सिर्फ स्वास्थ्य सुरक्षा है, बल्कि हर परिवार को सम्मान और आत्मविश्वास देने वाला कदम है। हमारा संकल्प है कि कोई भी व्यक्ति पैसों की कमी के कारण इलाज से वंचित न रहे।
उन्होंने आगे बताया कि हम इस बात को सुनिश्चित करेंगे कि हर पात्र व्यक्ति को इस योजना का लाभ मिले। यह योजना विशेष रूप से गरीबों और जरूरतमंदों के लिए एक संजीवनी साबित होगी।

## 'डीपीडीपीए का मकसद सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता के साथ निजता मजबूत करना'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के डिजिटल व्यक्तिगत डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम (डीपीडीपीए) को लेकर जताई गई शंकाओं का जवाब दिया है।
उनका कहना है कि अधिनियम सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता बनाए रखते हुए गोपनीयता की आवश्यकता को सुसंगत बनाता है। डीपीडीपी अधिनियम की धारा 3 के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया है। जयराम रमेश ने केन्द्रीय मंत्री को पत्र लिखकर कहा था कि डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 की धारा 44(3) वस्तुतः सूचना अधिनियम, 2005 के तहत मिले अधिकारों को समाप्त कर देगी। उन्होंने इस धारा को रोकने, समीक्षा करने और हटाए जाने का आग्रह किया था। इसके जवाब में मंत्री वैष्णव ने कहा कि यह संशोधन व्यक्तिगत जानकारी को सार्वजनिक करने से नहीं रोकता बल्कि इसका उद्देश्य गोपनीयता अधिकारों को मजबूत करना और कानून के संभावित दुरुपयोग को रोकना है।
कानूनी दायित्वों के तहत जरूरी जनप्रतिनिधियों और मनरेगा जैसे कल्याणकारी कार्यक्रमों से जुड़ी व्यक्तिगत जानकारी आरटीआई अधिनियम के तहत सार्वजनिक की जाती रहेगी। वैष्णव ने अपने जवाब में पुट्टस्वामी मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का जिक्र किया है। कोर्ट ने कहा था कि निजता का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत मौलिक अधिकार के रूप में संरक्षित जीवन के अधिकार का एक अभिन्न अंग है।
निजता का यह अधिकार व्यक्तिगत सूचना की सुरक्षा से निकटता से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि इसी को देखते हुए नागरिक समाज और व्यापक परामर्श प्रक्रिया के दौरान सूचना के अधिकार और निजता के अधिकार के बीच सामंजस्यपूर्ण प्रावधानों की आवश्यकता पर जोर दिया गया था।

## भारतीय जनता पार्टी के राज में दिल्ली में हो रहा है विकास: अजय जिंगला



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करके दिखाती है, यही कारण है कि आज देश के कोने-कोने में भारतीय जनता पार्टी का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है।
उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद विकास की गति तेज हो गई है, अब दिल्ली में जहां पानी की समस्या का समाधान हो रहा है, वही प्रदूषण की समस्या पर भी अच्छे परिणाम आने वाले हैं। उन्होंने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राज में दिल्ली की जनता को सुविधा ही सुविधा मिल रही है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाओं को लागू किया है, इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि जहां एक और शहरों में विकास दिख रहा है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र भी विकास से अब अछूते नहीं है वहां भी परिवहन व्यवस्था और शिक्षा व्यवस्था पहले से बेहतर हो रही है। उन्होंने आगे बताया कि वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रही है समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रही है और जनता की जो भी समस्याएं हैं उसको सुनकर जनता की समस्याओं का उचित समाधान निकाल रही है, जिस कारण से वजीरपुर क्षेत्र की जनता काफी ज्यादा खुश है और विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज के कार्यों की सराहना कर रही।

## आप नेताओं की झूठी बयानबाजी सफल नहीं होने वाली : भाजपा

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मंगलवार कहा कि आप नेताओं की झूठी बयानबाजी सफल नहीं होने वाली। आप नेता यह स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं कि दिल्ली के लोगों ने उन्हें खारिज कर दिया है। पूर्व आप सरकार ने बिजली सब्सिडी ही नहीं निजी बिजली वितरण कंपनियों के साथ मिलकर भ्रष्टाचार किया। जल बोर्ड के अधिकारियों ने 60,000 करोड़ रुपये से अधिक की लूट की। अस्पतालों के निर्माण में अत्यधिक लागत, फर्जी दवाओं का वितरण, स्वास्थ्य क्षेत्र में भ्रष्टाचार करने से भी पीछे नहीं रहे।

## अभिभावक ध्यान दें !: स्कूल फीस से जुड़ी है कोई परेशानी तो सीएम रेखा गुप्ता को सीधे करें ईमेल, हेल्पलाइन जारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में स्कूलों की फीस बढ़ोत्तरी के खिलाफ अभिभावकों ने मोर्चा खोल रखा है। कई स्कूलों के बाहर तो अभिभावक विरोध प्रदर्शन भी कर रहे हैं। अब दिल्ली सरकार ने इस मुद्दे पर बड़ा फैसला लिया है।
सरकार की ओर से स्कूल की फीस से जुड़ी शिकायत या समस्या के लिए हेल्पलाइन जारी की है। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा है कि यदि अभिभावक फीस से जुड़ी समस्या से जूझ रहे हैं तो वे पर मेल कर सकते हैं। दिल्ली सरकार द्वारा बच्चों और अभिभावकों की सुविधा के लिए दिल्ली सरकार ने फीस संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए हेल्पलाइन ईमेल जारी की है। यदि आपको फीस से जुड़ी कोई भी समस्या हो, तो पर मेल करें।

**दिल्ली में भाजपा सरकार आते ही निजी स्कूलों ने बढ़ाई फीस :** आप आम आदमी पार्टी (आप) ने निजी स्कूलों की फीस बढ़ने के पीछे भाजपा सरकार को जिम्मेदार बताते हुए कई आरोप लगाए। पार्टी ने आरोप लगाया पिछले 10 सालों में निजी स्कूल फीस नहीं बढ़ा पाए थे, लेकिन दिल्ली में भाजपा की सरकार आते ही निजी स्कूलों ने 20 से 82 फीसदी तक फीस वृद्धि कर दी है।
बच्चों के माता-पिता इसके खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार इस तरफ ध्यान नहीं दे रही।
आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दस साल में हमने निजी स्कूलों को फीस नहीं बढ़ाने दी।
लेकिन, भाजपा सरकार बनने के एक महीने में ही निजी स्कूल फीस बढ़ाने लगे।

## नेहरू युवा केंद्र पश्चिम दिल्ली की ओर से आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियां: पूजा कौशिक






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नेहरू युवा केंद्र संगठन नई दिल्ली (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के द्वारा संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में भारत सरकार व राज्य सरकार के निदेर्शानुसार व्यापक स्तर पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में नेहरू युवा केंद्र पश्चिम दिल्ली, नांगलोई की युवा अधिकारी पूजा कौशिक ने बताया कि आगे आने वाले चार से पांच दिनों में युवा, महिला मंडल, शिक्षा विभाग व जिला प्रशासन तथा अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से सभी विकासखंडों में विविध प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों के अंतर्गत दिनांक 14 अप्रैल को बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। साथ ही स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी के साथ बाबा साहेब की जयंती पर संविधान की प्रस्तावना का वाचन, हस्ताक्षर कार्यक्रम, संविधान के मुख्य तथ्यों को लेकर सेमिनार सहित नुक्कड़ नाटक आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# 25 केवी क्षमता पर चार्ज हुई ओएचई

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद: दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ** नमो भारत कॉरिडोर के दिल्ली सेक्शन में एनसीआरटीसी ने कॉरिडोर के परिचालन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया है। न्यू अशोक नगर से सराय काले खां नमो भारत स्टेशनों के बीच के खंड में ओएचई को 25 केवी की क्षमता पर चार्ज कर दिया गया है, यानी अब ट्रेनों के परिचालन के लिए दोनों स्टेशनों के बीच इंस्टॉल की गई ओएचई का विद्युतीकरण कर दिया गया है। जल्द ही इस सेक्शन में ट्रायल रन आरंभ किया जाएगा। एनसीआरटीसी प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि न्यू अशोक नगर और सराय काले खां नमो भारत स्टेशन के बीच लगभग 4 किमी का खंड है, जिसपर भविष्य में सराय काले खां



आरएसएस द्वारा विद्युत की आपूर्ति की जाएगी। इस आरएसएस पर 66 केवी की विद्युत आपूर्ति होगी, जहां से सेक्शन में ट्रेनों के संचालन के लिए 25 केवी और कॉरिडोर्स पर बने स्टेशनों के लिए 33 केवी विद्युत आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए एनसीआरटीसी ने दिल्ली ट्रान्स्को लिमिटेड और गैस टर्बाइन पावर स्टेशन (जीटीपीएस) के साथ करार किया है। वर्तमान में, इस खंड में विद्युत की आपूर्ति गाज़ियाबाद आरएसएस द्वारा की जा रही है। आरएसएस से 25केवीकी हाई वोल्टेज केबल को फीडिंग पोस्ट पर लगाकर पोल एवं कैंटिलिवर द्वारा ट्रेन के ओवर हेड इक्विप्मेंट (ओएचई) तक पहुंचाया जाता है। उच्च गुणवत्ता व क्षमता वाले ये ओवरहेड वायर ट्रेन को

**परिचालित**

**55 किलोमीटर के हिस्से में 11 स्टेशनों के साथ न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक परिचालित की जा रही**

पूर्ण सामर्थ्य से दौड़ाने में समर्थ हैं। नमो भारत ट्रेनों की डिजाइन गति 180 किमी/घंटा है। इस कॉरिडोर पर स्थापित ओएचई को ऐसी उच्च गति एवं उच्च आवृत्ति वाली ट्रेनों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशिष्ट रूप से डिजाइन किया गया है। 14 किलोमीटर लंबे दिल्ली सेक्शन के खंड में आनंद विहार और न्यू अशोक नगर स्टेशनों पर नमो भारत ट्रेनों का परिचालन पहले ही शुरू हो चुका है और अब सराय काले खां स्टेशन भी जल्द ही परिचालित होने की दिशा में विकसित हो रहा है। सराय काले खां स्टेशन, पूरे कॉरिडोर के सबसे बड़े स्टेशनों में से एक है। यह स्टेशन फेज-1 के तीनों कॉरिडोर पर ट्रेनों के परिचालन का केंद्र भी होगा। इसके लिए यहाँ सबसे ज्यादा, 4 ट्रैक और 6 प्लेटफॉर्म भी बनाए गए हैं। इस स्टेशन में पाँच प्रवेश-निकास द्वार, कई सीढ़ियाँ, 14 लिफ्ट और 18 एस्केलेटर हैं। 215 मीटर लंबाई, 50 मीटर चौड़ाई और 15 मीटर ऊँचाई में फैला स्टेशन का विस्तृत लेआउट प्रभावी भीड़ प्रबंधन की सुविधा प्रदान करेगा। वर्तमान में नमो भारत ट्रेनें दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ कॉरिडोर के 55 किलोमीटर के हिस्से में 11 स्टेशनों के साथ न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक परिचालित की जा रही हैं।

# हाईकोर्ट ने बलात्कार की पीड़ित छात्रा को ही कथित अपराध को आमंत्रित का जिम्मेदार बताया

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज: इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने सितम्बर 2024 के एक मामले में यूनिवर्सिटी के एक छात्रा से बलात्कार के आरोपित को जमानत दे दी। मामला सितम्बर 2024 का है, जहां एक यूनिवर्सिटी की छात्रा ने आरोप लगाए थे कि बार में मिले एक शख्स ने उसके साथ नशे की हालत में रेप किया था। जबकि, आरोपित ने जमानत याचिका में कहा है कि महिला ही उसके साथ जाने को तैयार हुई थी और सहमति से सेक्स हुआ था। मामले को लेकर थाना 126 गौतमबुद्ध नगर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जस्टिस संजय कुमार सिंह की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। आरोपित निश्चल चंदक को 11 दिसम्बर 2024 में गिरफ्तार किया



गया था। उस पर दिल्ली के हौज खास के एक बार में मिली लड़की के साथ बलात्कार के आरोप थे। कोर्ट का कहना है कि लड़की ने खुद ही परेशानी को न्योता दिया था और वह ही इस कथित वारदात की जिम्मेदार है। महिला का आरोप हैं कि वह रास्ते में उसे आपत्तिजनक तरीके से छू रहा था और नोएडा में अपने घर ले जाने के बजाय उसे गुड़गांव में अपने रिश्तेदार के फ्लैट पर ले गया और रेप की वारदात को अंजाम दिया।
लड़की पी जी हास्टल में रहती थी। उत्तर प्रदेश के नोएडा की एक बड़ी यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली छात्रा तीन सहेलियों के साथ दिल्ली के एक बार में गई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### टाटा मोटर्स की रिवायर सुविधा

**फरीदाबाद।** एक वाहन को कब एंड-ऑफ-लाइफ व्हीकल (ईएलवी) माना जाता है और इसका जिम्मेदारी से निपटान कैसे किया जा सकता है जब कोई वाहन तय सीमा से अधिक पुराना हो जाता है या ऑटोमेटेड फिटनेस सेंटर में फिटनेस टेस्ट में फेल हो जाता है, या मरम्मत के बावजूद उसे ठीक नहीं किया जा सकता] तो वह एंड-ऑफ-लाइफ व्हीकल (ईएलवी) माना जाता है। ऐसे वाहनों को जिम्मेदारी से हटाने के लिए मालिक उसे किसी अधिकृत रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी (आरवीएसएफ) जैसे टाटा मोटर्स का रिवायर झ्र रिसायकल विद रिस्पेक्ट में ले जा सकते हैं। यहां पर्यावरण अनुकूल तरीके से वाहनों को तोड़कर उपयोगी सामग्रियों को पुनः प्राप्त किया जाता है।
**पुराने वाहन को स्क्रैप करने से ग्राहकों को क्या लाभ होते हैं**
ग्राहकों को उनके वाहन का उचित मूल्य मिलता है, जो आमतौर पर शोरूम कीमत का 4-6% होता है। साथ ही, कई राज्य सरकारें रोड टैक्स में छूट देती हैं, जैसे ट्रांसपोर्ट वाहनों पर 15% और नॉन-ट्रांसपोर्ट पर 25%, साथ ही मुफ्त रजिस्ट्रेशन की सुविधा। वाहन निमार्ता सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट (सीओडी) के आधार पर नए वाहन पर 3% तक की छूट देते हैं। इन सभी लाभों को मिलाकर ग्राहक को नए वाहन पर 8-10% तक की बचत हो सकती है।प्रक्रिया आसान है क्योंकि अधिकृत आरवीएसएफ सारी कागजी कार्रवाई और डी-रजिस्ट्रेशन संभालते हैं, ये सभी नियमों का पालन करते हैं। पुराने वाहनों को स्क्रैप करने से पर्यावरण को भी मदद मिलती है, क्योंकि प्रदूषण फैलाने वाले पुराने वाहन सड़कों से हट जाते हैं और स्टील, एल्यूमिनियम, कॉपर जैसी कीमती सामग्रियों की रीसाइक्लिंग होती है।
**ग्राहक टाटा मोटर्स की रिवायर सुविधा में अपना वाहन कैसे स्क्रैप कर सकते हैं**
यह प्रक्रिया बेहद आसान और पारदर्शी है। ग्राहक किसी भी ब्रांड के व्यक्तिगत या व्यावसायिक वाहन को स्क्रैप कर सकते हैं। टाटा मोटर्स का दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में एक आरवीएसएफ है, जो होडल में स्थित है । रजिस्ट्रेशन के लिए ग्राहक रिवायर वेबसाइट पर जा सकते हैं, टोल-फ्री नंबर 1800 209 7979 पर कॉल कर सकते हैं, या नजदीकी टाटा मोटर्स डीलरशिप पर संपर्क कर सकते हैं। वाहन की जांच घर पर की जाती है और उसकी स्थिति के अनुसार मूल्य तय किया जाता है। रिवायर डी-रजिस्ट्रेशन, सीओडी जारी करना, निःशुल्क पिकअप और ऑनलाइन भुगतान सुनिश्चित करता है। सभी औपचारिकताओं के बाद वाहन को पर्यावरण-सम्मत तरीके से तोड़ा जाता है।
**रिवायर में वाहन को कैसे जिम्मेदारी से स्क्रैप किया जाता है**
यहां ईएलवी को आधुनिक तकनीक और पर्यावरण-अनुकूल प्रक्रियाओं से स्क्रैप किया जाता है। पहले वाहन की जांच की जाती है और उपयोगी पुर्जे अलग किए जाते हैं। फिर ईंधन, तेल और कूलेंट जैसे हानिकारक तरल पदार्थों को सुरक्षित तरीके से निकाला जाता है। यात्री और व्यावसायिक वाहनों की स्क्रैपिंग के लिए अलग प्रक्रियाएं अपनाई जाती हैं। टाटा मोटर्स एक विश्वस्तरीय डिस्मैंटलिंग प्रणाली का पालन करता है, जो हर चरण में अधिकतम मूल्य निकालने के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है।
**जिम्मेदार स्क्रैपिंग से समाज को क्या लाभ होता है**
जिम्मेदार स्क्रैपिंग से हवा की गुणवत्ता बेहतर होती है, शहरों का पर्यावरण साफ होता है और स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। पुराने वाहनों को हटाने से प्रदूषण में कमी आती है। रीसाइक्लिंग से स्टील, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में कच्चे माल की मांग घटती है, जिससे प्राकृतिक संसाधनों की बचत होती है। इसके अलावा, संगठित स्क्रैपिंग उद्योग रोजगार के अवसर भी पैदा करता है और एक टिकाऊ, चक्रीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन देता है।

### सोनाटा ने नया वैडिंग कलेक्शन ड्रीम टुगेदर पेश किया

**गाजियाबाद।** इस बदलते दौर में टाइटन की ओर से भारत के सबसे ज्यादा बिकने वाले घड़ियों के ब्राण्ड सोनाटा लेकर आए हैं अपना नया वैडिंग कलेक्शन। ड्रीम टुगेदर के विषय पर आधारित यह कलेक्शन वैडिंग घड़ियों के बेहतरीन गंतव्य के रूप में ब्राण्ड की स्थिति को और मजबूत बनाता है।
शादियों दो लोगों के मिलन से कहीं बढ़कर है यह एक नए अध्याय की शुरूआत है, एक नई यात्रा जहां दो लोग एक साथ मिलकर सपना देखते हैं, ड्रीम टुगेदर इसी दृष्टिकोण पर आधारित है, जो आज के विवाहित जोड़ों के लिए बहुत अधिक मायने रखता है: यह परम्परा, आधुनिकता, प्रतिबद्धता और दृढ़ विश्वास का संयोजन है। वैडिंग कलेक्शन इसी भावना का प्रतीक है, यह उन युवा विवाहित जोड़ों के लिए बेहतरीन है जो अपने खास दिन पर अनूठी छाप छोड़ जाना चाहते हैं। आधुनिक डिजाइन एवं परम्परा पर आधारित इस कलेक्शन में पतले आकर्षक बेहतरीन डीटलिंग एवं बोल्ड एक्सेंट का संयोजन शामिल है। लॉन्च के अवसर पर श्री प्रतीक गुप्ता, मार्केटिंग हैड, सोनाटा ने कहा, आज के महत्वाकांक्षी लोग प्रतिबद्धता को लेकर आशंकित रहते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे उनके व्यक्तिगत विकास में रूकावट आएगी।

# पूर्वांचल में बदला मौसम, बारिश से किसानों की बढ़ी चिंता

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी: वाराणसी** सहित पूर्वांचल के कई जिलों में गुरुवार दोपहर मौसम ने अचानक करवट ली। तेज धूलभरी आंधी के साथ आसमान में घने बादल छा गए और बारिश शुरू हो गई। तेज हवाओं के चलते वाराणसी शहर के कई जगहों पर दुकानों के बैनर आदि फट गए, पेड़ों की टहनियां टूट गईं और टीन की छतें उड़ गईं। मौसम के इस बदलाव से जहां शहरवासियों को गर्मी और उमस से राहत मिली, वहीं ग्रामीण इलाकों में किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेत और खलिहानों में काट कर रखी गई गेहूं की फसल पर बारिश से खराब होने का खतरा मंडराने लगा है। इसके अलावा तेज हवाओं ने आम के बागों को भी नुकसान पहुंचाया है। हवा की तीव्रता से टिकोरे (आम का फल) पेड़ों से टूटकर नीचे गिर गए।
बारिश के बाद वाराणसी में दोपहर 2 बजे तक अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हवा की रफ्तार करीब 10 किलोमीटर प्रतिघंटा रही। सुबह से ही आसमान में बदली छाई हुई थी और धूप-छांव के बीच हवाएं चल रही थीं। पूर्वान्ह 10 बजे के बाद धूप तेज हुई।

# उप्र में आकाशीय बिजली, तेज बारिश से नौ लोगों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ**
**उत्तर प्रदेश में** आकाशीय बिजली एवं तेज बारिश में दीवार गिरने की घटना से नौ लोगों की मौत हो गयी। इसमें फिरोजाबाद में दो लोग, सिद्धार्थनगर में एक, सीतापुर में दो लोगों, फतेहपुर में दो, संतकबीर नगर में एक, आजमगढ़ में एक सहित कुल नौ लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। गुरुवार को फिरोजाबाद के अपर जिलाधिकारी विशु राजा ने तेज बारिश एवं बिजली गिरने के बारे में बताया कि फिरोजाबाद में आकाशीय बिजली गिरने से गांव दौलतपुर में ललिता देवी और जसराना के चनारी में किसान पदमवीर सिंह की मौत हो गयी है। वहीं जिले में कुछ एक स्थानों पर पेड़, कच्चे मकान गिरने की भी जानकारी मिली है। सीतापुर के जिलाधिकारी अभिषेक कुमार के मुताबिक सीतापुर के बिसवां के मोछखुर्द गांव में किसान हरिशचंद्र की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गयी। वहीं रसूलपुर गांव में एक मकान की दीवार गिरने से उसके नीचे दबकर कुसुमा देवी की मौत हुई है। उक्त घटना में एक व्यक्ति के घायल होने की भी सूचना है। जिले में अन्य जगहों से कोई अप्रिय समाचार प्राप्त नहीं हुआ है। सिद्धार्थनगर जिले में गौरामंगुआ ग्राम क्षेत्र में तेज बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से घनश्याम की मौत हो गई। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल ही सूचना प्रशासन को दिया और शेष बचाव कार्य कराया गया। इसी तरह फतेहपुर जिले में खागा के देवकली गांव में आकाशीय बिजली गिरने से दो बच्चों अरविन्द और कुलदीप की मौत हो गई, जबकि बच्ची वंदना, सरवन, श्याम, बबलू और सुशील यादव झुलस गये।

## बुन्देलखण्ड महाविद्यालय को 75 वर्ष बाद मिलेगा कुलगीत

**झांसी**
**बुंदेलखंड** महाविद्यालय में 11 अप्रैल से तीन दिवसीय बुंदेली महोत्सव आयोजन करने जा रहा है। इसमें राष्ट्रीय पुस्तक मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं चित्रकला प्रदर्शनी से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम बुन्देलखण्ड महाविद्यालय के लिए और भी ऐतिहासिक इसलिए होगा क्योंकि 1949 में इसकी स्थापना से लेकर अब तक महाविद्यालय का कोई कुलगीत नहीं था। 75 वर्ष पूर्ण होने पर इस कार्यक्रम में महाविद्यालय को अपना कुलगीत भी मिलने जा रहा है। यह जानकारी गुरूवार को प्रधानाचार्य प्रो.एस के राय ने पत्रकार वार्ता कर दी।

# हनुमान जयंती पर होगा विश्व का सबसे बड़ा डिजिटल आध्यात्मिक आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**अमेठी: जिले** की सदर विधानसभा सीट गौरीगंज से समाजवादी पार्टी के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने अनोखी पहल की है। जिसके तहत आगामी 12 अप्रैल 2025 दिन शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के दिन प्रातः 8:00 बजे देश-विदेश से लगभग 10 करोड़ भक्तों द्वारा एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ विभिन्न सोशल मीडिया पर लाइव कराने की ठानी है।
विधायक राकेश प्रताप सिंह ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक

**पाठ करें**

**यूट्यूब, व्हाट्सएप आदि माध्यमों से लाइव या रिकॉर्ड वीडियो के रूप में हनुमान चालीसा का पाठ करे**

एकता, आध्यात्मिक चेतना और डिजिटल सामर्थ्य को एक साथ वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करना है। इसी के साथ इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में धार्मिक जागरूकता, सकारात्मकता और समरसता का विस्तार करना है। भारत की युवा पीढ़ी को सनातन संस्कृति से जोड़ना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है । भारत की भक्ति परंपरा को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाना भी इस कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यों में है । जिसके लिए डिजिटल माध्यम से आम जनमानस को सहभागिता करने का आह्वान किया है यह आयोजन विशेष रूप से डिजिटल मंचों पर केंद्रित है। सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वह फेसबुक इंस्टाग्राम, यूट्यूब, व्हाट्सएप आदि माध्यमों से लाइव या रिकॉर्ड वीडियो के रूप में हनुमान चालीसा का पाठ करें।

## प्रधानमंत्री ने वाराणसी दौरे को लेकर सोशल मीडिया पर जताई प्रसन्नता

**वाराणसी: प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने अपने आगामी वाराणसी दौरे को लेकर सोशल मीडिया पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा है कि बाबा विश्वनाथ के आशीर्वाद से मुझे हमेशा वाराणसी में विकास कार्यों को नई गति देने की प्रेरणा मिलती रही है। इसी कड़ी में कल सुबह (11 अप्रैल) करीब 11 बजे वाराणसी में सड़क, बिजली, शिक्षा और पर्यटन से जुड़े कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास का सौभाग्य प्राप्त होगा।
गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी अपने संसदीय क्षेत्र के 50वें दौरे पर शुक्रवार को काशी पहुंचेंगे।

# लाभार्थी महिलाओं को लखपति दीदी बनाएगी योगी सरकार

## लाभार्थी महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ रही योगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास और महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में लगातार नए प्रतिमान स्थापित कर रही है। इसी कड़ी में अब प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की महिला लाभार्थियों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने की दिशा में विशेष पहल की है। इसके तहत प्रदेश का ग्राम्य विकास विभाग इन लाभार्थी महिलाओं को आजीविका संवर्धन के अवसरों से जोड़ने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य कर रही है।
सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि योगी सरकार स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से इन महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना चाहती है बल्कि इन्हें 'लखपति दीदी' की श्रेणी में भी पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। इससे न केवल इन महिलाओं का सामाजिक व आर्थिक सशक्तीकरण होगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।
बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत लाभार्थियों को 1.20 लाख रुपये की राशि आवास निर्माण के लिए और 12,000 रुपये शौचालय निर्माण के लिए प्रदान किया जा



रहा है। साथ ही, मनरेगा के तहत 90 दिन की मजदूरी तथा प्राथमिकता पर बिजली, गैस व जल कनेक्शन की भी सुविधा दी जा रही है। अब इन लाभों के साथ आजीविका संवर्धन के अवसर जोड़कर सरकार लाभार्थी परिवारों को बहुआयामी सशक्तीकरण की दिशा में अग्रसर कर रही है।
योगी सरकार ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को इस दिशा में तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। लक्ष्य है कि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ें और स्थानीय उत्पादों, कुटीर उद्योगों व अन्य स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से सक्षम और स्वावलंबी बनें। इसके लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रदेश की महिलाओं को स्वरोजगार, उद्यमशीलता और कौशल विकास द्वारा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

# सबकी सुरक्षा,समृद्धि एवं खुशहाली की गारंटी है भाजपा: धर्मपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**बाराबंकी: भाजपा** के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि सुरक्षा के बेहतर वातावरण के साथ समाज के हर तबके की समृद्धि और खुशहाली ही भारतीय जनता पार्टी सरकार की गारंटी है और इस गारंटी को पूरा करने के लिए मोदी-योगी सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता से आगे बढ़ रही है।उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार लोगों को सुरक्षा और सम्मान देने के साथ उन्हें स्वावलंबी भी बना रही है।
संगठन महामंत्री ने उक्त बातें देवा मंडल के पीड़ गांव में गुरुवार को गांव चलो अभियान की शुभारंभ के अवसर पर आयोजित चौपाल में कहीं।उन्होंने सरकार की

**सुरक्षा**

**मोदी सरकार द्वारा डॉ आंबेडकर से जुड़े पंच तीर्थ निर्माण की चर्चा भी की: धर्मपाल**

उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि प्रदेश में 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड का कवच प्रदान किया गया,जबकि 56 लाख से अधिक लोग प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी बने है।इसके अलावा प्रदेश में 15 करोड़ लोग मुफ्त राशन योजना से लाभान्वित किए गए जबकि लगभग 2 करोड़ 70 लाख से अधिक गरीबों को शौचालय उपलब्ध कराए गए।
चौपाल में संवाद के दौरान ग्रामीणों को समझाते हुए उन्होंने कहा कि जब अच्छी सरकार चुनी जाती है तो उसके परिणाम भी अच्छे ही आते हैं। उन्होंने कहा कि यही उत्तर प्रदेश है जहां पूर्व में दंगे होते थे। गरीबों पर अत्याचार होते थे। योजनाओं का बंदरबांट होता था। आस्था को चोट पहुंचाई जाती थी। आपने अच्छी सरकार चुनी तो भगवान राम का भव्य मंदिर बन गया।प्रयागराज में महाकुंभ का ऐतिहासिक आयोजन भी संभव हुआ।गरीबों को बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है और सुरक्षा का बेहतर वातावरण भी देश व प्रदेश को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की साख दुनिया में बढ़ी है।कहा कि भाजपा कार्यकताओं ने गांव के गलियारों में अपना पसीना बहाकर देश और प्रदेश में सत्ता हासिल की है। गांव चलो अभियान का मकसद समझाते हुए कहा कि अच्छी सरकार चुनी गई तो आज तो कांवड़ यात्रा भी निकल रही है भगवान राम का भव्य मंदिर भी बन गया है। भव्य दीपावली का उत्सव भी हो रहा है। गरीबों को योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है और सुरक्षा का बेहतर वातावरण भी प्रदेश-देश को मिल रहा है। उन्होंने मोदी सरकार द्वारा डॉ आंबेडकर से जुड़े पंच तीर्थ निर्माण की चर्चा भी की।

# पीएम मोदी काशी को 44 परियोजनाओं की देंगे सौगात

**टीम एक्शन इंङ्गिया**
**वाराणसी**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र काशी के 50वें दौरे पर आ रहे हैं। इस अवसर पर वे 3884.18 करोड़ रुपये की 44 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। यह कार्यक्रम राजातालाब के मेहंदीगंज क्षेत्र में आयोजित होगा, जहां प्रधानमंत्री एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे।
**1629.13 करोड़ की 19 परियोजनाओं का लोकार्पण**
भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी कार्यक्रम स्थल पर 19 परियोजनाओं का लोकार्पण




करेंगे, जिनकी कुल लागत 1629.13 करोड़ रुपये है। इनमें जल जीवन मिशन के अंतर्गत 345.12 करोड़ रुपये की 130 ग्रामीण पेयजल योजनाएं प्रमुख हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी 2255.05 करोड़ रुपये की 25 नई परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। इनमें बाबतपुर एयरपोर्ट के पास एनएच-31 पर अंडरपास टनल, भिखारीपुर तिराहा और मंडुवाडीह चौराहे पर फ्लाईओवर निर्माण जैसी महत्वपूर्ण आधारभूत परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा वह बनास डेयरी (अमूल) से जुड़े उत्तर प्रदेश के लाखों दुग्ध उत्पादक किसानों को 106 करोड़ रुपये का बोनस भी ट्रांसफर करेंगे।
**मोदी का काशी 50वां दौरा:**
भाजपा काशी क्षेत्र अध्यक्ष के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी का यह 50वां काशी दौरा यह बताता है कि उन्हें अपने संसदीय क्षेत्र और काशीवासियों से विशेष लगाव है। दिलीप पटेल ने कहा कि अपने सांसद एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जोरदार स्वागत करने एवं जनसभा में भाग लेने के लिए भाजपा कार्यकर्ता और आम नागरिक गाजे-बाजे के साथ पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के भव्य स्वागत की तैयारी है। जनसभा स्थल सहित पूरे जिले और महानगर को पार्टी के झंडों और विद्युत झालरों से सजाया गया है। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए पूरे जिले में एक हजार से अधिक छोटी-बड़ी होर्डिंग्स लगाई गई है।
**कड़ी सुरक्षा के बीच प्रधानमंत्री जनसभा में शामिल होंगे:**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पूर्वांह में मेंहदीगंज में आयोजित विशाल जनसभा में भाग लेंगे। एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल और वाराणसी पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने बुधवार
देर शाम कैंप कार्यालय पर अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा के लिए फोर्स को ब्रीफ किया।

# एचआईएल लिमिटेड अब बना बिरलानू लिमिटेड

**रोहतक :** 3 अरब डॉलर मूल्य के सीके बिरला ग्रुप की कंपनी एचआईएल लिमिटेड की नए सिरे से ब्रैंडिंग के बाद अब इसे बिरलानू लिमिटेड के तौर पर जाना जाएगा। यह कंपनी की महत्वाकांक्षी विकास रणनीति और वर्ल्ड-क्लास बिल्डिंग प्रोडक्ट्स तथा सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। कंपनी की 32 उत्पादन सुविधाएं भारत समेत यूरोप में कार्यरत हैं और दुनियाभर के 80 से अधिक देशों में इसके ग्राहक एवं पार्टनर्स हैं। इस बारे में, अवंती बिरला, प्रेसीडेंट, बिरलानू का कहना है, ह्लहमारी नई पहचान, बिरलानू हमारी कंपनी के बुनियादी मूल्यों झ्र हमेशा आगे बढ़ने के लिए तत्पर, को दशार्ती है। हम इस कारोबार में हैं क्योंकि हम गुणवत्ता, नवाचार और टिकाऊपन पर जोर देते हैं। जिन लोगों के हम लिए सेवाएं तथा उत्पादों को उपलब्ध कराते हैं, चाहे वे गृह-स्वामी हों, बिल्डर्स या डिजाइनर, वे ही हमारे हर कारोबार के मूल में हैं। बेहतर सामग्री का निर्माण हो, सस्टेनेबिलिटी में सुधार हो, या निर्माण के क्षेत्र में नए विचारों को शामिल करना हो, हम ऐसे नवाचारी भवनों एवं संरचनाओं का निर्माण करने पर जोर देते हैं जो समय की कसौटियों पर खरे उतर सकें।ह्वश्री अक्षत सेठ, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बिरलानू ने कहा, ह्लहम हमेशा से उच्च गुणवत्ता की सस्टेनेबल निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने पर जोर देते आए हैं: इनमें ऐसे पाइप, कंस्ट्रक्शन केमिकल्स, पुट्टी, रूफ, वॉल एवं फ्लोर शामिल हैं जो आधुनिक निर्माण की जरूरतें पूरी करते हैं। हम इस क्षेत्र में अपने प्रयासों को और मजबूत बनाने का इरादा रखते हैं। हमने यूपीवीसी पाइप निर्माण के क्षेत्र में, भारी धातुओं के स्थान पर, भारत के उद्योग क्षेत्र में पहली बार ऑर्गेनिक बेस्ड स्टेबलाइजर्स (ओबीएस) को पेश किया है। हम इस साल पटना में अपनी ग्रीनफील्ड इकाई स्थापित कर ओपीवीसी पाइप के क्षेत्र में अपनी पैठ बनाएंगे। चेन्नई में हमने अपनी एएसी ब्लॉक क्षमता को दोगुना बढ़ाकर 4 लाख घन मीटर प्रति वर्ष तक पहुंचाया है, और यह देश की सबसे बड़ी इकाइयों में से है।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 11 अप्रैल 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## सौर ऊर्जा-गेहूं क्रय में बेस्ट परफॉर्मेंस देगा उत्तर प्रदेश: सीएम

**मुख्यमंत्री योगी और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पीएम कुसुम योजना और रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत गेहूं खरीद की संयुक्त समीक्षा बैठक**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी और भारत सरकार के कंज्यूमर अफेयर्स, फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन मिनिस्टर प्रहलाद जोशी ने गुरुवार को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं पीएम कुसुम योजना और रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत गेहूं खरीद को लेकर संयुक्त समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने केंद्रीय मंत्री का अपने सरकारी आवास पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री जी ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि प्रधानमंत्री जी की भावनाओं के अनुरूप उत्तर प्रदेश सोलर एनर्जी और गेहूं खरीद में बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश अपनी ओर से बेस्ट रिजल्ट देने का प्रयास करेगा। वहीं केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी जी ने भी उत्तर प्रदेश के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मुख्यमंत्री जी को बधाई दी और कहा कि प्रदेश सरकार बढ़ती ऊर्जा मांगों के अनुरूप कार्य करते हुए पूरे देश के लिए मॉडल बन रही है। संयुक्त समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने राज्य और केंद्र सरकार के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के बाद मुख्यमंत्री जी ने केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी जी को ओडीओपी का उपहार और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज कॉमन मैन और खासतौर पर अन्नदाता किसानों को स्पर्श करती तीन महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश इन योजनाओं में अच्छा कार्य कर रहा है और प्रदेश सरकार की ओर से आश्वस्त करता हूं कि उत्तर प्रदेश अपनी ओर से बेस्ट रिजल्ट देगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति 2022 प्रख्यापित की गई है। इसके अंतर्गत राज्य में कम लागत की विश्वसनीय सौर ऊर्जा तक आम लोगों की पहुंच को सुनिश्चित किया गया है।



### रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत गेहूं खरीद की समीक्षा की

**रबी** विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत गेहूं खरीद की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि उत्तर प्रदेश गेहूं क्रय के लक्ष्य को तय समय में पूरा कर लेगा। उन्होंने बताया कि 9 अप्रैल तक 26,641 किसानों से 1.40 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। अभी तक गेहूं क्रय कार्य की प्रगति विगत वर्षों की तुलना में बहुत अच्छी है। इस वर्ष कृषकों के मध्य तक पहुंच बनाने के लिए रणनीति के तहत कटाई के पूर्व जनपद एवं मंडलीय स्तरीय अधिकारियों/कर्मचारियों को गांवों में संपर्क के लिए भेजा गया, जिसका परिणाम बहुत अच्छा रहा। गांव में जाकर कृषकों से संपर्क कर भारत सरकार द्वारा निर्धारित एमएसपी से अवगत कराते हुए क्रय केंद्रों पर गेहूं लाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा मोबाइल क्रय केंद्रों के माध्यम से गेहं खरीद की अनुमति प्राप्त होने के फलस्वरूप कृषकों से संपर्क करके उनके गांव/दरवाजे पर जाकर भी गेहूं क्रय कराया जा रहा है। हमारी टीम फील्ड में उतरकर सभी 826 विकास खंडों में किसानों से बातचीत कर रही है। हर मंडी में किसानों के लिए बैठने और खाने-पीने की उत्तम व्यवस्था की गई है। हमारा पूरा फोकस किसानों को कम से कम समय में धनराशि प्रदान करने पर है। इसके लिए सभी क्रय केंद्रों को छुट्टी के दिन भी खोला जा रहा है और समयसीमा भी बढ़ाई गई है।

## बदरीनाथ धाम की पूजा के लिए आनलाइन बुकिंग शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादूनः** आगामी चारधाम यात्रा के लिए श्री बदरीनाथ धाम और श्री केदारनाथ धाम में होने वाली पूजाओं के लिए आनलाइन बुकिंग आज से मंदिर समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर शुरू हो गयी है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने गुरुवार को उक्त जानकारी दी है। मुख्य कार्याधिकारी थपलियाल ने बताया कि इस यात्रा वर्ष बदरीनाथ धाम के कपाट 4 मई और केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को खुल रहे हैं।

इसके साथ ही मंदिर समिति ने अपनी वेबसाइट के जरिए बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में होने वाली प्रातःकालीन, सायंकालीन और लंबी अवधि की पूजाओं की बुकिंग आज से शुरूकर दी श्रद्धालु अभी 30 जून तक पूजा की बुक कर सकते हैं। उन्होंने बताया पूजा का शुल्क पूर्व की भांति रखा गया है, उसमें कोई भी बढ़ोतरी नही की गयी है। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि बदरीनाथ धाम की पूजाओं में अभिषेक, महाभिषेक पूजा, वेदपाठ, गीता पाठ, विष्णुसहस्त्रनाम पूजा, चांदी आरती, स्वर्ण आरती, गीत गोविंद पाठ शयन आरती शामिल हैं। इसी तरह भगवान केदारनाथ की पूजाओं में रुद्राभिषेक पूजा, लघु रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय पाठ, षोडशोपचार पूजा, सायंकालीन आरती आदि शामिल हैं।



केंद्रीय मंत्री गडकरी ने उज्जैन पहुंचकर किया भगवान महाकाल का पूजन

## 24 घंटे में दें क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार देर रात से प्रदेश में खराब मौसम, तेज हवा और ओलावृष्टि से अन्नदाता किसान की फसलों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए सर्वे कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों, एसडीएम और तहसीलदारों को मौके पर जाकर तत्काल सर्वे कराकर संबंधित विभाग को डिटेल उपलब्ध कराने के लिए आदेशित किया है ताकि 24 घंटे में अन्नदाताओं के खाते में क्षतिपूर्ति की धनराशि को भेजा जा सके। इतना ही नहीं, सीएम योगी ने अधिकारियों को क्षतिपूर्ति देने में लापरवाही न करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि अगर किसी अधिकारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि 9 अप्रैल की आधी रात को अचानक मौसम खराब हो गया, जिसके बाद तेज आंधी, ओलावृष्टि के साथ कई जगहों पर आकाशीय बिजली गिरी। इसे देखते हुए सीएम ने अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। बता दें कि सर्वे पूरा होने के बाद फसलों के नकुसान का मुआवजा बीमा कंपनियों के साथ राजस्व विभाग से भी दिया जाएगा। वहीं राहत विभाग ने खराब मौसम को देखते हुए अलर्ट जारी किया है और लोगों से अति आवश्यक कार्य पर ही घर से निकलने की अपील की है।



**सभी जिलाधिकारी जल्द से जल्द पोर्टल पर उपलब्ध कराएं सर्वे की रिपोर्ट**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने ओलावृष्टि से हुए फसलों के नुकसान की क्षतिपूर्ति का मुआवजा किसानों को देने के लिए प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों, एसडीएम और तहसीलदारों को मौके पर जाकर सर्वे करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही जल्द से जल्द विभाग के पोर्टल पर सर्वे रिपोर्ट लगाने के निर्देश दिये हैं। मालूम हो कि बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 33 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित अन्नदाताओं को ही मुआवजा दिया जाता है। वहीं राहत विभाग ने खराब मौसम को देखते हुए अलर्ट जारी किया है। ऐसे में विभाग ने लोगों को घरों से बहुत जरूरत होने पर ही बाहर निकलने की अपील की है ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि से बचा जा सके।

**भरपाई**

**▸▸ खराब मौसम और ओलावृष्टि से फसलों के नुकसान की भरपाई करेगी योगी सरकार**

**लखमीपुर खीरी में भीषण आग से खाक फसल का कुछ ही घंटों में दिया गया मुआवजा**

लखमीपुर खीरी में बुधवार शाम को तहसील गोला के ग्राम खजुहा, परगना कुकरा में अचानक भीषण आग से कई बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

## वायनाड भूस्खलन प्रभावितों के कर्ज माफ नहीं करने पर प्रियंका ने जताई नाराजगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** वायनाड की सांसद एवं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पिछले साल उनके निर्वाचन क्षेत्र में हुए विनाशकारी भूस्खलन से प्रभावित लोगों के कर्ज माफ न करने के केंद्र सरकार के फैसले की आलोचना की है। उन्होंने सरकार के इस फैसले को विश्वासघात करार दिया है। प्रियंका का यह बयान केंद्र सरकार के उस हलफनामे के बाद आया है, जो सरकार द्वारा केरल हाई कोर्ट में दिया गया है। प्रियंका ने अपनी नाराजगी का जाहिर करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, "वायनाड भूस्खलन के पीड़ितों ने सब कुछ खो दिया है–घरों, जमीन, आजीविका। फिर भी, सरकार एक भी ऋण माफी देने से इनकार कर रही है। इसके बजाय, उन्हें केवल ऋण पुनर्निर्धारण और पुनर्गठन मिल रहा है।

## 'दस के दम' अभियान से अपराधियों की टूटी कमर

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति ने पिछले आठ वर्षों में अपराधियों की कमर तोड़ कर रख दी है। इस दौरान एक लाख से अधिक अपराधियों को जेल और मुठभेड़ में 227 को यमलोक भेजा गया। इतना ही नहीं योगी सरकार के निर्देश पर मिशन शक्ति फेज-5 के तहत प्रदेशभर में ह्यदस का दमह्ण नामक विशेष ऑपरेशन चलाए गए। इसमें ऑपरेशन गरुड़, ईगल, मजनू, रक्षा, बचपन, खोज, शील्ड, डेस्ट्राय, नशा मुक्ति और त्रिनेत्र आदि शामिल हैं। इन ऑपरेशन के जरिये यूपी पुलिस ने महिलाओं, बेटियों, बच्चों, युवाओं और समाज के कमजोर वर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। वहीं ऑपरेशन त्रिनेत्र ने जघन्य अपराधों का खुलासा कर अपराधियों को सलाखों के पीछे धकेला है।



**मिशन शक्ति फेज-5 के तहत प्रदेशभर में चलाए गए दस ऑपरेशनः** डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि सीएम योगी की मंशानुसार मिशन शक्ति फेज-5 के तहत यूपी पुलिस ने प्रदेश भर में दस ऑपरेशन चलाए। यूपी पुलिस का यह अभियान अपराधियों के लिए काल बन गया है। योगी सरकार का ह्यदस का दमह्ण ऑपरेशन ने प्रदेश को अपराध से मुक्त करने की संकल्पना है, जिसे जमीन पर सफलतापूर्वक उतारा गया है। इन ऑपरेशन के जरिए 1 लाख से अधिक लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई।

**अपराधियों पर लगाम लगाने और जघन्य अपराधों के खुलासे में ऑपरेशन त्रिनेत्र रहा अहम**

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत प्रदेश भर में संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया गया। इसके बाद प्रदेशभर में 11,07,782 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए।

## सीएम के निर्देश पर सक्रिय हुआ पेयजल विभाग

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** उत्तराखंड में ग्रीष्म की शुरूआत में ही पेयजल संकट गहराने लगा है। प्रदेशभर से लगातार पेयजल किल्लत की शिकायतें दर्ज होने के बाद सरकार पेयजल समस्या के समाधान की तैयारियों में जुट गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्या के निस्तारण के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निदेशों के अनुपालन में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव शैलेश बगोली ने राज्य के सभी जिलों में नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दिए हैं। इन नियंत्रण कक्षों में दर्ज शिकायतों की नियमित समीक्षा की जा रही है और समाधान की दिशा में त्वरित कार्रवाई हो रही है। राज्य स्तरीय शिकायत निवारण के लिए टोल फ्री नंबर 1800-180-4100 व 1916 पूर्व से ही क्रियाशील हैं, जिनके माध्यम से उपभोक्ता अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावा ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था के प्रभावी अनुश्रवण व स्थानीय स्तर पर शीघ्र समाधान के लिए राज्य के सभी 13 जनपदों में जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं।



**जुट गई टीम**

**▸▸ पेयजल किल्लत की शिकायतें दर्ज होने के बाद सरकार पेयजल समस्या के समाधान की तैयारियों में जुट गई**

## हेरोइन तस्करी में पकड़ा गया हरियाणा का इनफोर्समेंट अफसर

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** युद्ध नशों विरुद्ध कैबिनेट सब-कमेटी के चेयरमैन एवं वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने गुरुवार को यहाँ कहा कि अमृतसर पुलिस द्वारा हरियाणा के रोहतक से संबंधित एक इंफोर्समेंट एजेंसी के अधिकारी समेत आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 किलो हेरोइन बरामदगी से राज्य में नशे के कारोबार में अन्य राज्यों के इंफोर्समेंट अधिकारियों की संलिप्तता को लेकर चिंता बढ़ गई है।

**समीक्षा की**

**योगी सरकार के आठ साल होने के बाद पहली बार वाराणसी आ रहे प्रधानमंत्री**

## संसदीय क्षेत्र के 50वें दौरे पर आज काशी आएंगे मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र के 50वें दौरे पर शुक्रवार को काशी पहुंचेंगे। वहीं यूपी की योगी सरकार के आठ साल पूरे होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह पहला वाराणसी दौरा होगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री काशी से जनहित की 3884.18 करोड़ रुपये की 44 विकास योजनाओं की सौगात पूर्वांचल को देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में लगभग ढाई घंटे का प्रवास करेंगे। पीएम राजातालाब के मेहदीगंज में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। भाजपा का दावा है कि जनसभा में 50 हजार से ज्यादा जनमानस उमड़ेगा। पीएम की अगवानी राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे। दोनों डिप्टी सीएम भी सभास्थल पर मौजूद रहेंगे। बनास डेयरी के चेयरमैन और गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी भी मंच पर रहेंगे।



**सुबह 10.30 बजे पहुंचेंगे काशी**

काशी और उत्तर प्रदेश अन्य राज्यों के लिए विकास और कानून व्यवस्था का पैमाना बनता जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निगरानी में काशी विकास के नए आयाम छू रहा है। सरकार के विकास कार्यों को जनता को समर्पित करने के लिए प्रधानमंत्री शुक्रवार को वाराणसी पहुंच रहे है। प्रधानमंत्री अपने निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी सुबह तकरीबन 10:30 बजे पहुंचेंगे। लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से ही हेलीकाप्टर द्वारा मेहंदीगंज के लिए उड़ान भरेंगे।

**19 परियोजना का उद्घाटन व 25 का करेंगे शिलान्यास**

प्रधानमंत्री 1629.13 करोड़ की 19 योजनाएं का उद्घाटन और 2255.05 करोड़ की 25 योजनाएं का शिलान्यास करेंगे।

